CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 15°C
न्यूनतम : 04°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 6 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 356 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़: राधाकृष्णन पेज 2




बांग्लादेश में नहीं होगा आईपीएल मैचों का प्रसारण खेल टाइम्स



ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय! सम्पादकीय



ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी पेज 12

# पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत निर्माण और समुद्री क्षमताओं के विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की बड़ी उपलब्धि के रूप में सोमवार को गोवा में पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित किया। भारतीय तटरक्षक के इस पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है।




- लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया

लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ समुद्र प्रताप भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है और तटरक्षक बल के बेड़े का सबसे बड़ा जहाज है। समुद्र प्रताप के शामिल होने से प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन, समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भारतीय तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही यह भारत के विस्तृत समुद्री क्षेत्रों में दीर्घकालिक निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया अभियानों को सशक्त बनाएगा। रक्षा मंत्री ने इस पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया, जो जटिल विनिर्माण चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा समुद्री पोत में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका केवल यहीं तक सीमित नहीं है। एक ही मंच पर कई क्षमताओं के एकीकरण से यह पोत तटीय गश्त में भी प्रभावी सिद्ध होगा तथा समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। रक्षा मंत्री ने समुद्री प्रदूषण नियंत्रण से लेकर तटीय स्वच्छता, खोज एवं बचाव कार्यों से लेकर समुद्री कानून प्रवर्तन तक भारतीय तटरक्षक बल की बहुआयामी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि तटरक्षक बल जिस प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश गया है कि यदि उन्होंने भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नजर डाली या किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया, तो उन्हें सख्त और उपयुक्त जवाब मिलेगा। यह पोत उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, समर्पित प्रदूषण प्रतिक्रिया नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से सुसज्जित है।

## एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**सुल्तानपुर।** लम्भुआ क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी के वांछित अपराधी तालिब उर्फ आजम खां की घेराबंदी कर उसे आत्मसमर्पण के लिए कहा मगर स्वयं को पुलिस से घिरा देख अपराधी ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस बल ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अपराधी ढेर हो गया।

# उमर खालिद और शरजील इमाम को नहीं मिली जमानत

**कोर्ट ने 5 अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान व शादाब अहमद को सशर्त जमानत दी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने दोनों कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि वे मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में हैं। न्यायालय ने हालांकि पांच अन्य सह-आरोपियों गुलफिशां फातिमा, मीरान हैदर, शिफा-उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद की इस हिंसा में कथित भूमिकाओं को अलग बताते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। यह फैसला आरोपियों की अलग-अलग दायर विशेष अनुमति याचिकाओं पर आया है। इसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि चूंकि आदेश लंबा है, इसलिए पीठ केवल कुछ ही अंश ही पढ़ेगी। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई आवश्यक है। बचाव पक्ष ने आरोप लगाया था कि जांच और सुनवाई में देरी के लिए अभियोजन पक्ष जिम्मेदार है। न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि देरी के कारण गहन न्यायिक जांच की स्थिति हो सकती है। संविधान में अनुच्छेद 21 का केंद्रीय स्थान है और सुनवाई से पहले जेल में रहने को सजा के रूप में नहीं माना जा सकता। स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं और सचेत रूप से सामूहिक -शेष पृष्ठ दो पर

**दिल्ली दंगा: उमर और शरजील अन्य आरोपियों की तुलना में गुणात्मक रूप से अलग स्थिति में खड़े हैं : शीर्ष अदालत**



## अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री को चादर चढ़ाने से रोकने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814वें सालाना उर्स के दौरान अजमेर शरीफ दरगाह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चादर चढ़ाने से रोकने की मांग को लेकर पेश याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि याचिका में उठाया गया मुद्दा सुनवाई योग्य नहीं है। वैसे भी यह अप्रासंगिक हो गया है, क्योंकि चादर चढ़ाने का कार्यक्रम पहले ही हो चुका है। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसके आदेश का दरगाह से जुड़े अजमेर अदालत में चल रहे दीवानी मुकदमे पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# उप्र पुलिस भर्ती के 32,679 पदों पर आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पुलिस एवं जेल विभाग की सीधी भर्ती में आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने की घोषणा की गई है। यह छूट कुल 32,679 पदों पर लागू होगी। इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

सरकार के इस निर्णय से आरक्षी (नागरिक पुलिस), पीएसी, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस तथा जेल वार्डर (पुरुष व महिला) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में यह छूट एक बार के लिए प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक योग्य युवा भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकें। गौरतलब है कि इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी आयु सीमा में छूट की मांग उठाई गई थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के




- सरकार ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया

तहत 31 दिसम्बर 2025 को जारी विज्ञप्ति के क्रम में शासनादेश संख्या 1/1194447/6-1001 (008)24/23, दिनांक 5 जनवरी 2026 के माध्यम से यह निर्णय लिया गया है। यह छूट उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के तहत प्रदान की गई है। देवरिया सदर से विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ने भी उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पीएसी, जेल वार्डर एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित भर्तियों में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने की मांग की थी। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयोग ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को नोटिस भेजा

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को नोटिस भेजा है। शमी और उनके भाई मोहम्मद कैफ के एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ियां मिली हैं, इसलिए दोनों को बुलाया गया है। हालांकि शमी या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक इस पर कोई बयान नहीं आया है। शमी के एन्यूमरेशन फॉर्म में प्रोजेनी मैपिंग और सेल्फ-मैपिंग से जुड़ी गड़बड़ियां मिली हैं। इसके बाद साउथ कोलकाता के वार्ड नंबर 93 से नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) के सामने पेश होने को कहा गया है। शमी कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (केएमसी) वार्ड नंबर 93 में वोटर के रूप में रजिस्टर्ड हैं, जो रासबिहारी असेंबली सीट के अंदर आता है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा में स्थित पैतृक गांव में वोटिंग की थी।

### आंध्र प्रदेश में ओएनजीसी के तेल कुएं से गैस रिसाव

**कोनसीमा।** आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले के राजोले इलाके में सोमवार को ओएनजीसी के एक चालू तेल कुएं से भारी गैस रिसाव हुआ है। घटना उस वक्त हुई, जब कुएं में मरम्मत का काम चल रहा था। हालात को देखते हुए प्रशासन ने इरुसुमंदा और आसपास के तीन गांवों को एहतियातन खाली करा लिया। अभी किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, तेल कुएं से उत्पादन अस्थायी रूप से रोका गया था और मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान अचानक तेज ब्लास्ट हुआ और गैस व कच्चा तेल तेजी से ऊपर की ओर निकलने लगा।

### सूर्या होगा पुनः उपयोग योग्य और भारी पेलोड वाला

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अगले पीढ़ी के प्रक्षेपण वाहन (एनजीएलवी), जिसे अनौपचारिक रूप से 'सूर्या' नाम दिया गया है, को पूरी तरह पुनः उपयोग योग्य और मॉड्यूलर डिजाइन वाला रॉकेट बनाया जा रहा है, जो मौजूदा रॉकेट्स की तुलना में काफी अधिक पेलोड क्षमता वाला होगा। यह जानकारी पूर्व इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने दी। एनजीएलवी को ठोस ईंधन मोटर्स की जगह पूर्ण रूप से तरल प्रोपल्शन सिस्टम पर आधारित बनाया जा रहा है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को सीबीआई को राजद नेता एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया। श्री यादव ने याचिका में भारतीय रेलवे की कैटरिंग शाखा से जुड़े एक पुराने भ्रष्टाचार मामले में अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को चुनौती दी है। न्यायालय ने हालांकि फिलहाल सुनवाई रोकने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा कहा कि जांच एजेंसी को सुने बिना कोई अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या कर दी गई है। एक फैक्टरी मालिक और एक अखबार के कार्यकारी संपादक राणा प्रताप (45द्ध को जशोर जिले में सोमवार शाम सरेआम गोली मार दी गई। घटना मनीरामपुर उपजिला के वार्ड नंबर 17 के कोपालिया बाजार में शाम करीब 5.45 बजे अंजाम दी गई।

- फैक्टरी मालिक और एक अखबार के कार्यकारी संपादक राणा प्रताप को सरेआम गोली मारी, तीन हफ्ते में 5वीं वारदात

राणा प्रताप केशवपुर उपजिला के अरुआ गांव निवासी तुषार कांति बैरागी का पुत्र था। चश्मदीदों और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बाजार में मौजूद राणा प्रताप पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चलाईं। उन्हें कई गोलियां लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद मनीरामपुर थाने के कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। प्रभारी अधिकारी राजीउल्लाह खान ने कहा कि हमलावरों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। बैरागी की हत्या बांग्लादेश में हुई ऐसी पांचवीं घटना है। पिछले महीने दक्षिणपंथी नेता उस्मान हादी की मौत के बाद से देश में तनाव का माहौल बना हुआ है। सबसे पहले 18 दिसम्बर को मैमेनसिंह में एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू चंद्र दास पर भीड़ ने हमला किया और पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी। इस घटना के छह दिन बाद, पांगशा उपजिला में अमृत मंडल नाम के एक और हिंदू व्यक्ति की ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने हत्या कर दी। इसके बाद मैमेनसिंह में बजेंद्र बिस्वास की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसी महीने की शुरुआत में 50 वर्षीय हिंदू व्यापारी खोकोन दास पर भी भीड़ ने हमला किया और उन्हें जिंदा जला दिया, जब वह काम से लौट रहे थे। कई दिनों तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद दास की शनिवार तीन जनवरी को मौत हो गई।

# उप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। एक तस्वीर में श्री योगी प्रधानमंत्री को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर रहे हैं। यह



मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल का समय शेष रह गया है और राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

## दिल्ली में घने कोहरे के साथ बना रहा एक्यूआई 'खराब'

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'खराब' श्रेणी में बना रहा, जिससे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन में बाधा आई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सुबह आठ बजे तक दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 260-262 रहा और लगातार दूसरे दिन भी यह 'खराब' श्रेणी में बना रहा। कई इलाकों में प्रदूषण स्तर चिंताजनक रहा।

# सोमनाथ पर आक्रमण के 1000 साल, मोदी ने लिखा लेख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुजरात के प्रभास पाटन में बने पहले ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर पर एक लेख लिखा है। यह ब्लॉग पोस्ट सोमनाथ पर 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर है।

पीएम ने इसे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व नाम दिया है। गौरतलब है कि विदेशी आक्रमणकारी गजनी के महमूद गजनवी ने जनवरी 1026 में सोमनाथ पर आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। पीएम मोदी ने लिख कि सोमनाथ, ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना



- कहा: यह विध्वंस नहीं, हमारे स्वाभिमान की गाथा, मिटाने वाले खत्म हो जाते हैं
- बोले: नेहरू नहीं चाहते थे राष्ट्रपति सोमनाथ जाएं

भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ मंदिर, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। फिर भी एक हजार साल बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को पुन:निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में बढ़ी ठंड

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ गई है। मध्य प्रदेश, राजस्थान में शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया है।

सोमवार सुबह मध्य प्रदेश में इस सीजन का सबसे घना कोहरा रहा। यूपी में कोहरे के कारण सोमवार को मुजफ्फरनगर और आगरा में सड़क हादसों में 9 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इनमें

- आगरा व मुजफ्फरनगर में नौ गाड़ियां टकराईं, पांच लोगों की मौत

5 लोगों की मौत हुई, जबकि 10 से ज्यादा घायल हैं। लखनऊ समेत 10 शहरों में बादल छाए हैं और 10/15 किमी/घंटा की रफ्तार से सर्द हवाएं चल रही हैं। मप्र की राजधानी भोपाल में विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम रही।

## संक्षिप्त समाचार

### चार विधायक तीन दिनों के लिए सदन की कार्यवाही से निष्कासित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान व्यावधान उत्पन्न करने के आरोप में आम आदमी पार्टी द्धआपत्रः के चार विधायकों को तीन दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया। विधानसभा सत्र की शुरू होते ही उपराज्यपाल ने अपना अभिभाषण जैसे ही शुरू किया आप के कुछ विधायक दिल्ली प्रदूषण और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश करने लगे। अभिभाषण के बीच ही अध्यक्ष ने आप विधायकों संजीव झा, जरनैल सिंह, कुलदीप कुमार और सोमदत्त को सदन से बाहर जाने का निर्देश दिया। इसके विरोध में आप के कुछ सदस्य सदन से वाक आउट कर गए हालांकि आप नेता गोपाल राय पूरे अभिभाषण में सदन में मौजूद रहे। उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही दोबा. रा शुरू होते ही कुछ दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।

### बहराइच में तेंदुए के हमले में 13 बकरियां मरी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के सुजौली क्षेत्र में बीती रात एक तेंदुए ने बकरी पालन में घुसकर लगभग दो दर्जन बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में 13 बकरियों की मौत हो गई, जबकि 6 बकरियां घायल हो गईं। सुजौली गांव के सोतिया नाला के समीप मनीष मौर्य का बकरी पालन व्यवसाय है, जिसमें दर्जनों बकरियां होती हैं। रात एक तेंदुआ जंगल से निकलकर पालन में घुस गया और बकरियों के झुंड पर अंधाधुंध हमला कर दिया। घायल बकरियों के इलाज के लिए पशु चिकित्सक विपिन बिहारी और सहायक पशु चिकित्सक ललित सिंह मौके पर पहुंचे और उनकी देखभाल की।

# बुद्ध की शिक्षाएं दबाव से नहीं, संवाद व नैतिक आचरण से विश्व में फैली

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बोले प्रधानमंत्री मोदी

बौद्ध धर्म की शिक्षाएं और उसके विश्वभर में फैलने के संबंध में विचारकों का मानना है कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं बल्कि संवाद और नैतिक आचरण के जरिए विश्व भर में फैलीं हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश में जो वापसी हुई है, वह स्वामित्व नहीं बल्कि साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को यहां पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में बौद्ध दर्शन पर आयोजित पैनल चर्चा में शामिल विद्वानों ने पिपरावा अवशेषों की वापसी को सुगम बनाने में मोदी, संस्कृति मंत्रालय और उनके सहयोगियों के समन्वित प्रयासों की सराहना की और कहा कि सांस्कृतिक संरक्षण, वैश्विक सद्भावना, शांति तथा साझा मानवीय मूल्यों के प्रति यह हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नव नालंदा महाविहार (मानित विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं बल या दबाव से नहीं, बल्कि संवाद, नैतिक आचरण और व्यक्तिगत उदाहरण के जरिए विश्व भर में फैलीं। बौद्ध धर्म अन्य धर्म-आधारित परंपराओं की तरह धर्म परिवर्तन के बजाय मानव मन की शुद्धि और दुखों के निवारण का प्रयास करता है।

उनका कहना था कि बुद्ध के अवशेष समकालीन अनुयायियों को ऐतिहासिक बुद्ध से जोड़कर जीवंत परंपराओं को बनाए रखते हैं और पिपरावा अवशेषों की स्वदेश वापसी स्वामित्व के बजाय साझा जिम्मेदारी का प्रतीक है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. नलिन कुमार शास्त्री ने कहा कि पिपरावा अवशेषों की वापसी शांति और एकीकृत राष्ट्रीय विकास के मार्गदर्शक के रूप में बौद्ध दर्शन की नई प्रासंगिकता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि बौद्ध विचार प्राचीन ज्ञान को नैतिक शासन, पर्यावरण स्थायित्व और मानसिक कल्याण जैसे समकालीन चिंताओं से जोड़ता है और सामाजिक सद्भाव, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व तथा वैश्विक कल्याण के लिए धम्म की मातृभूमि के रूप में भारत की भूमिका को पुनः स्थापित करता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. बाला गणपति ने कहा कि बौद्ध धर्म की वैश्विक स्वीकृति इसकी दार्शनिक गहराई और नैतिक सार्वभौमिकता में निहित है। पिपरावा अवशेषों को बुद्ध के संद. ेश के जीवंत प्रमाण बताते हुए उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन तेजी से खंडित होती दुनिया में शांति, सहअस्तित्व और नैतिक स्पष्टता के लिए एक व्यावहारिक और मानवीय ढांचा प्रदान करता है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रो. आनंद सिंह ने कहा कि बुद्ध और उनके शिष्यों के अवशेष धम्म के प्रतीकात्मक स्वरूप के रूप में कार्य करते हैं, जो महात्मा बुद्ध की जीवंत उपस्थिति और उनकी शिक्षाओं दोनों को समाहित करते हैं। अवशेषों की उपासना से स्तूपों और चैत्यों के माध्यम से बौद्ध धर्म के पवित्र भौगोलिक क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उन्होंने कहा कि असल दार्शनिक मूल्यों से समझौता किए बिना आदिबुद्ध अवधारणाओं और मातृ-देवी प्रतीकों जैसे स्थानीय सांस्कृतिक तत्वों को भी समाहित किया है।

# भाजपा का उमर खालिद शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत नामंजूर होने पर कांग्रेस पर तंज कसा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के निर्णय के बाद से देश के टुकड़े टुकड़े गैंग में दुख का माहौल है। पूनावाला ने कहा कि आज शीर्ष अदालत का एक निर्णय आया है, जिसके बाद देश के टुकड़े-टुकड़े गैंग को बड़ा दुख और दर्द महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम के लिए सिर्फ कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम से नहीं, बल्कि विदेश से भी बहुत सारे पत्र और संवेदनाएं प्रकट हो रही थी। आज उन दोनों आरोपियों को उच्चतम न्यायालय ने किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत को नामंजूर कर दिया है। पूनावाला ने कहा कि शीर्ष अदालत ने इसके साथ यह भी कहा कि जिस प्रकार का अपराध उन्होंने किया है, आतंकवाद और दिल्ली को जलाने के जो भी आरोप उन पर लगाए गए हैं, वो प्रथम दृष्टया सही साबित होते हैं।

# एनसीसी प्रशिक्षित आत्मविश्वासी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विक. सित भारत की यात्रा की रीढ़ हैं।

राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस शि. विर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में संगठन के निरंतर योगदान की सराहना की। कैडेटों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है। उन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर को भारत के युवाओं में विश्वास और एक सशक्त व एकजुट राष्ट्र के निर्माण के सामूहिक संकल्प का सशक्त प्रतीक बताया। एनसीसी के आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विकसित भारत 2047 की रीढ़ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विक. सित भारत की यात्रा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर आधारित है जिसे कुशल, अनुशासित और सेवा-भाव से प्रेरित युवा शक्ति आगे बढ़ाएगी, और इस दिशा में एनसीसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## उप्र में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने लिखी पाती

# साइबर ठगी को लेकर जनता को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: मोबाइल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, पर ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है। 'योगी की पाती' के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बताया कि मोबा. इल, इंटरनेट और कंप्यूटर ने जीवन को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराध के मामले भी तेजी से बढ़े हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल दो साइबर क्राइम थाने थे, जबकि अब प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाने कार्यरत हैं। इसके अलावा सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई है, ताकि पीड़ितों को तुरंत सहायता मिल सके। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हो रही ठगी को लेकर खास चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। पुलिस या कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, व्हाट्सऐप या सोशल मीडिया के जरिए न तो किसी को गिरफ्तार करती है और न ही पैसे की मांग करती है। ऐसे कॉल या मैसेज आने पर लोग तुरंत सतर्क हो जाएं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के इस्तेमाल में भी सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फोटो, वीडियो या लोकेशन साझा करने से अपराधी आपके बारे में जानकारी जुटा लेते हैं और उसका गलत इस्तेमाल करते हैं। इसलिए किसी के साथ अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें।

यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाती है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत करने से ठगे गए पैसे की वापसी की संभावना बढ़ जाती है। योगी ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों, खासकर बुजुर्गों को भी साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता से ही सुरक्षित और साइबर अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश बनाया जा सकता है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजस्थान के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' को उनकी जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी का संपूर्ण जीवन सुशासन, विकास, सामाजिक न्याय और राष्ट्रवादी विचारधारा को समर्पित रहा।

### सीएम का कार्यकल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रदेश को नई दिशा देने वाला रहा, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने अपने नाम को उत्तर प्रदेश के 'कल्याण' से जोड़कर जीवन भर उसे सार्थक किया। उन्होंने जनहित, कानून-व्यवस्था और विकास के क्षेत्र में जो मजबूत नींव रखी, वह आज भी प्रदेश की राजनीति और प्रशासन के लिए मार्गदर्शक है। कल्याण सिंह केवल एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि रामभक्ति, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति अटूट आस्था के प्रतीक थे। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। योगी ने कहा कि बाबूजी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सादगी, स्पष्ट सोच और निर्णय क्षमता आज भी जनसेवा से जुड़े लोगों को मार्ग दिखाती है।



सेंसेक्स 85762.01
निफ्टी 26328.55



सोना रु. 134415
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234906
प्रति किलो



# शिखर को छूकर फिसला निफ्टी-50 आईटी सेक्टर पर बढ़ा दबाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



आईटी सेक्टर में बिकवाली के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए। दिन भरे चले उतार.चढ़ाव के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 26,373.20 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था।

हालांकि बाद में बिकवाली तेज होने से यह 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट में 26,250.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.39 अंक (0.38 प्रतिशत) नीचे 85,439. 62 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। आईटी, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में गिरावट रही। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सार्वजनिक बैंकों, एफएमसीजी, धातु, मीडिया, ऑटो और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में बंद हुए। एचडीएफसी बैंक का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में दो प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और टीसीएस के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटरनल, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और एलएंडटी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। बीईएल में ढाई फीसदी से अधिक की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और अल्ट्रटेक सीमेंट में डेढ़ प्रतिशत से ज्यादा बढ़त रही। एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयरों में भी तेजी रही।

# रिजर्व बैंक ने खरीदी 50,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने सोमवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं। केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के पास नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के उपायों के तहत यह खरीद की है। यह चार समान किस्तों में दो लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के तहत दूसरी किस्त है। रिजर्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने सात तरह की प्रतिभूतियों की खरीद की है, जिनकी मियाद साल 2029 से 2054 तक अलग-अलग समय में पूरी हो रही है। इसमें तीन साल, छह साल, आठ साल, नौ साल, 10 साल, 14 साल और 28 साल की प्रतिभूतियां शामिल हैं। इन प्रतिभूतियों पर 7.09 प्रतिशत से 8.30 प्रतिशत ब्याज दर हैं। पहली किस्त में 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां 29 जनवरी को खरीदी गई थीं। अगली दो किस्तों के तहत 12 जनवरी और 22 जनवरी को खरीद की जाएगी। दिसम्बर में इससे पहले भी दो किस्तों में केंद्रीय बैंक ने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की थी।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में गिरावट का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 116 रुपये बढ़कर 3,847 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं 21 रुपये सस्ता हुआ और 2,850 रुपये प्रति क्विटंल के भाव बोला गया।

आटा 19 रुपये टूट गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 215 रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। चना दाल की कीमत 172 रुपये और मसूर दाल की 142 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल 96 रुपये और उड़द दाल 41 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट बढ़कर 4012 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 49.46 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 132 रुपये बढ़ गई। वनस्पति 126 रुपये और सूरजमुखी तेल 52 रुपये मजबूत हुई। वहीं, पाम ऑयल 53 रुपये और सोया तेल 37 रुपये फिसल गया। सरसों तेल में 20 रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 124 रुपये प्रति क्विटंल बढ़े। चीनी भी 19 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन: दाल चना 7782.05 रुपये, मसूर काली 8140.47 रुपये, मूंग दाल 10072.13 रुपये, उड़द दाल 10368.49 रुपये, तुअर दाल 10592.10 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज : गेहूं दड़ा 2849.62 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विटंल। आटा द्धगेहूंत्रः 3303.86 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4296.96 रुपये और गुड़ 4978.32 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17623.86 रुपये, मूंगफली तेल 17897.52 रुपये, सूरजमुखी तेल 15844.49 रुपये, सोया तेल 13791.06 रुपये, पाम ऑयल 12449.60 रुपये और वनस्पति 14488.49 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उमर खालिद...** या एकीकृत दृष्टिकोण से परहेज किया गया है। न्यायालय ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि अभियोजन पक्ष की सामग्री अपीलकर्ता उमर खालिद और शरजील इमाम के खिलाफ प्रथम दृष्ट्या आरोप प्रकट करती है। इन अपीलकर्ताओं के मामले में वैधानिक सीमा लागू होती है और कार्यवाही के इस स्तर पर उनकी जमानत पर रिहाई उचित नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया कि हालांकि संवैधानिक न्यायालयों के पास न्यायिक जांच की शक्ति बनी हुई है, पर यह जांच यूएपीए की निर्धारित सीमाओं के भीतर ही संचालित होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने देखा कि यूएपीए की धारा 15 के तहत 'आतंकवादी कार्य' की परिभाषा बम या पारंपरिक हथियारों के उपयोग तक सीमित नहीं है। संसद ने राज्य की सुरक्षा को धमकी देने या आतंकवादी हमला करने के इरादे से 'किसी अन्य माध्यम से' किए गए कार्यों को शामिल करने के लिए परिभाषा का विस्तार किया है। इसमें नागरिक जीवन को बाधित करने या सामान्य आर्थिक गतिविधि को पंगु बनाने वाले कार्य भी शामिल हैं। इन सिद्धांतों को लागू करते हुए पीठ ने माना कि उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले में दूसरे आरोपियों से 'अलग स्थिति' में थे। उसने पाया कि इस चरण में रिकॉर्ड पर रखे गए सबूत यूएपीए की धारा 43डी (5) के तहत कानूनी रोक लगाने के लिए काफी थे, जिसने उन्हें जमानत के लिए अयोग्य बना दिया। न्यायालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि विशेष कानूनों के तहत आने वाले मामलों में समानता को बिना सोचे-समझे लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि जमानत मंजूर करने के लिए हर आरोपी की भूमिका का अलग-अलग आकलन जरूरी है। यह भी कहा कि खास आरोपों की जांच किए बिना सभी आरोपियों के साथ एक जैसा व्यवहार करने से कानूनी ढांचा कमजोर होगा। यह मानते हुए कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और मुकदमे से पहले लंबे समय तक जेल में रखना गंभीर चिता का विषय है, न्यायालय ने कहा कि जहां प्रथम दृष्ट्या अभियोजन सामग्री यूएपीए के तहत अपराध का खुलासा करती है, वहां अदालतें विधाई आदेश को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। इसी के तहत उच्चतम न्यायालय ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। फैसला 10 दिसम्बर को सुरक्षित रख लिया गया था। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अभियोजन पक्ष की ओर से पेश हुए। उन्होंने यह तर्क देते हुए जमानत याचिकाओं का विरोध किया था कि 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा सीएए के खिलाफ अचानक हुआ विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि अशांति भड़काने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उमर खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया था कि मौजूदा रफ्तार से खालिद बिना मुकदमे के कई सालों तक जेल में रह सकता है। सह-आरा. ेपी गुलफिशा फातिमा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डा. अभिषेक मनु सिंघवी ने यह कहते हुए दिल्ली पुलिस के एक साथ मिलकर 'सत्ता बदलने' की साजिश के दावे पर सवाल उठाया था कि आरोप पत्र में ये आरोप नहीं हैं। यूएपीए के तहत मामला दर्ज किए गए सभी पांच आरोपियों ने दिल्ली उच्च न्यायालय के नौ सितम्बर के उस आदेश को चुनौती देते हुए विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की थीं, जिनमें उन्हें जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि 'विरोध के नाम पर हिंसा स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति नहीं है।' यह मामला 2020 में सीएए के विरोध प्रदर्शनों के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा से जुड़ा है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर पत्थरबाजी, आगजनी और झड़पें हुईं, जिसमें 53 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

# वेनेजुएला मामले में चुप्पी पर की केंद्र की आलोचना

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मोदी सरकार को शर्मनाक तथा अमेरिकी समर्थक करार दिया

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने वेनेजुएला घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के रुख की सोमवार को आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' तथा 'अमेरिकी समर्थक' करार दिया है।

गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को बंधक बना लिया है और अमे. रिकी सैनिक उन्हें अमेरिका लेकर गए हैं। माकपा ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति भारत की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता का त्याग करने का आरोप लगाया है। माकपा पोलित ब्यूरो द्वारा जारी एक बयान में सोमवार को कहा गया कि विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया (जिसमें केवल 'गहरी चिंता' व्यक्त की गई और बातचीत का आह्वान किया गया) भारत के पारंपरिक विदेश नीति सिद्धांतों से बहुत कमतर है। पार्टी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के घोर उल्लंघन के बारे में निंदा का एक भी शब्द नहीं कहा गया है। माकपा ने कहा है कि अमेरिका के कुछ यूरोपीय सहयोगियों ने भी अमेरिकी कार्रवाई की खुले तौर पर आलोचना की है। अमेरिकी अभियान को 'खुला हमला' बताते हुए, वामपंथी पार्टी ने केंद्र सरकार पर एक ऐसा रुख अपनाने का आरोप लगाया जो 'कायरतापूर्ण और राष्ट्रों की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के भारत के लंबे समय से चले आ रहे रुख के विपरीत' है। बयान में कहा गया है, मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की प्रतिक्रिया भारत के ब्रिक्स के साझेदारों जैसे ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा अपनाए गए रुख के बिल्कुल विपरीत है, जिन्होंने अमेरिकी आक्रामकता की स्पष्ट रूप से और दृढ़ता से निंदा की है और राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी की रिहाई की मांग की है। माकपा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की धीमी प्रतिक्रिया भाजपा सरकार के वैचारिक जुड़ाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के साथ रणनीतिक निकटता को दर्शाती है।

माकपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है, यह अमेरिका समर्थक रुख मोदी सरकार की दक्षिणपंथी विचारधारा और ट्रम्प प्रशासन के साथ रणनीतिक संबंधों के अनुरूप है। ऐसा रुख अपनाकर भारत ने 'ग्लोबल साउथ' के हितों का प्रतिनिधित्व करने का कोई भी दावा छोड़ दिया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सैनिकों ने वेनेजुएला की राजधानी काराकास में अभियान चलाकर राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को हिरासत में ले लिया गया। इस कार्रवाई से लैटिन अमेरिका और उसके बाहर भी तीखी प्रतिक्रियाएं हुई हैं, कई देशों और समूहों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर नतीजों की चेतावनी दी है। विदेश मंत्रालय द्वारा सप्ताहांत में जारी भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया में अमे. रिका की निदा नहीं की गई, बल्कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संयम और बातचीत का आग्रह किया गया।

इस रुख की आलोचना न केवल माकपा बल्कि अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी की है और सवाल उठाया है कि क्या भारत अपनी पारंपरिक गुटनिरपेक्ष और संप्रभु विदेश नीति से दूर जा रहा है। माकपा ने कहा कि माकपा मांग करती है कि मोदी सरकार इस शर्मनाक रुख को छोड़े और वेनेजुएला में अमेरिकी आक्रामकता और अवैध कृत्यों के खिलाफ खुलकर सामने आए। माकपा ने केंद्र सरकार से संप्रभुता, अहस्तक्षेप और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को स्पष्ट रूप से बनाए रखने का आह्वान किया है।

# डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान पेट में छोड़ा पाइप

■ मरीज ने एसएसपी को पत्र देकर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** फर्जी डिर्गी और बिना डिर्गीधारी डॉक्टरों के कारण मरीजों को जान से हाथ धोना पड़ रहा है। शाहपुर में भी एक चिकित्सक ने पथरी के ऑपरेशन के दौरान प्लास्टिक का पाइप अंदर छोड दिया। इसकी शिकायत की तो डॉक्टर ने पीडित के साथ दुर्व्यवहार किया। मरीज व उसकी माता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

जनपद में बिना डिग्रीधारी चिकित्सक धडल्ले से अस्पताल चला रहे है। आए दिन कुछ अस्पतालों में मरीजों की जान जा रही है तो कुछ मरीज ऑपरेशन कराने के बाद जिन्दगी और मौत के बीच जुझ रहे है। हंगामा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग फर्जी अस्पतालों पर कार्यवाही तो करता है और यहां तक की कई अस्पतालों पर देखने को मिला है कि स्वास्थ्य विभाग ने उन पर सील लगाई, लेकिन कुछ दिन बाद ही ना जाने अस्पतालों से सील कैसे हट जाती है? कई बार तो यह भी सुनने में आया कि सील स्वास्थ्य विभाग लगाकर जाता है और जिस अस्पताल में घटना होती है उसके डॉक्टर स्वयं ही सील तोडकर दोबारा मरीजों की जान से खिलवाड शुरू कर देते है इसके पीछे क्या राज है और डॉक्टर अपने आप दोबारा अस्पताल क्यो चला लेते है? एक ऐसा ही मामला शाहपुर क्षेत्र में देखने को मिला जहां मसूंरपुर मार्ग स्थित एक हॉस्पिटल में ऑपरेशन कराने गए युवक ऑपरेशन के बाद जिन्दगी और मौत के बीच जुझ रहा है। उक्त पीड़ित ने पुलिस कार्यालय में एक शिकायती पत्र देकर डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार भी लगाई है। पुलिस कार्यालय पर पहुंचे अंकित कुमार पुत्र सूबेसिंह निवासी ग्राम कुटबा थाना शाहपुर ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को एक शिकायती पत्र दिया है। एसएसपी को शिकायती पत्र में अंकित ने आरोप लगाया कि उसने शाहपुर क्षेत्र में मंसूरपुर रोड स्थित एमजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एण्ड हॉस्पिटल में 26 सितम्बर 2025 को डॉक्टर कुलदीप से चैकअप कराया था। रिपोर्ट आने पर उन्हे पता चला कि उनके गुर्दे में चार छोटी-बडी पथरी है। डॉक्टर ने उनको ऑपरेशन बताया जहां तीन अक्टूबर 2025 को उन्हे पथरी के ऑपरेशन के लिए मसूंरपुर रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। यह भी आरोप है कि डॉक्टर कुलदीप अग्रवाल ने पथरी का ऑपरेशन किया और इसका खर्च उन्होने 20 हजार रूपये और आयुष्मान से 55 हजार रूपये बताया। ऑपरेशन के बाद उन्हे घर भेज दिया गया, लेकिन उनको बराबर खून आता रहा। उसने 24 नंवबर को फैक्ट्री से छुट्टी ली और दोबारा चैकअप कराया जहां डॉक्टर ने उन्हे बताया कि उसके गुर्दे में पथरी है और गुर्दे से एक प्लास्टिक का पाइप चिपका हुआ है जब वह ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर से मिला तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी जान को खतरा है और इंसाफ की गुहार लगाई है।

## मंसूरपुर में युवक का शव फांसी पर लटका मिला

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर गांव में घर में अकेले रह रहे युवक का शव अपने ही मकान में फांसी पर लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी तो शव फांसी से नीचे उतारा। बताया जाता है कि मंसूरपुर निवासी ग्रामीण चरणदास राजस्थान में रहकर कोल्हू में काम करता है। यह परिवार बहुत ही गरीब है बताया जाता है कि चरणदास का बेटा 24 वर्षीय मोहित कुमार घर में अकेला रहता था। सवेरे के समय जब ग्रामीण और महिलाएं इधर से गुजरी तो उन्होने मोहित का शव छत के कुण्डे में लटा हुआ देखा।


# भाजपा नेता को धमकी का मुकदमा दर्ज

## पुरकाजी थाने में दी घटना की तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा पुरकाजी क्षेत्र में एक नेता को धमकाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना का मुकदमा ब्लॉक प्रमुख पति के खिलाफ दर्ज कराया गया है। मुकदमे में लिखा गया है कि भाजपा नेता को ब्लॉक प्रमुख पति ने फोन पर गाली गलोच और जान से मारने की धमकी दी है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है जहां पीडित भाजपा नेता थाने में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई। इस मामले को लेकर दो नेता आमने-सामने होते नजर आ रहे है।

सूत्रों के अनुसार विगत दिवस पुरकाजी विकास कार्यालय में शासन द्वारा कम्बल वितरण एवं जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित कराया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि केबिनेट मंत्री अनिल कुमार थे।

भाजपा नेता मनोज गुर्जर का कहना है कि उन्होने कार्यक्रम की व्यवस्था को अच्छी बनाने के लिए इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा की थी। आरोप है कि ब्लॉक प्रमुख पति धनप्रकाश ने उन्हे फोन पर दुर्व्यवहार और अभद्रता की है। सूत्रों का यह भी कहना है कि मनोज गुर्जर ने पुलिस को एक तहरीर भी दी है जिसमें बताया गया है कि कार्यक्रम को लेकर रविवार की सवेरे करीब साढ़े ग्यारह बजे एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जिसमें ब्लॉक के अधिकारियों के निर्देश देने पर आपत्ति जताई गई यह भी आरोप है कि फोन करने वाले ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। एक तरफ मामला अज्ञात में बताया जा रहा है तो दूसरी तरफ फोन करने वाले का नाम भी बताया जा रहा है। अब सच्चाई क्या है यह तो पुलिस जांच का विषय है, फिलहाल सूत्रों का कहना है कि दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने अपनी जांच को आगे बढ़ा दिया है।

## एसएसपी ने जानसठ -मीरांपुर में भेजे नए थानेदार

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभाग में फेर बदल किया है। एसएसपी ने दो थाना प्रभारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि एक थानेदार को थाने से हटाया है। जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार ने अपराध नियंत्रण और जनता से अच्छे व्यवहार करने तथा पुलिस सक्रियता को ओर मजबूत करने के लिए इस्पेक्टर राजीव शर्मा को मीरांपुर में थाने का कार्यभार सौंपा है। एसएसपी ने इस्पेक्टर विनोद कुमार को जानसठ, कोतवाली का कार्यभार सौंपा है। इसी क्रम में पुलिस कप्तान ने मीरांपुर के थाना प्रभारी इस्पेक्टर ओम प्रकाश सिंह को थाने से हटाकर पास्टपोर्ट सेल में भेजा है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध रोकने के आदेश दिए है।



मुजफ्फरनगर: अनशनकारी सुमित को नारियल पानी पिलाते एडीएम वित्त।

## विभागीय अफसरों पर कारवाई के आश्वासन के बाद सुमित ने तोड़ा अनशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सड़क निर्माण अनियमितता की शिकायत पर प्रारंभिक जांच में गड़बड़ियां सामने आने के बाद भी दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न होने से पाँच दिनों से कलेक्ट्रेट परिसर में अनशन पर बैठे आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक को प्रशासनिक स्तर पर आश्वासन मिलने के बाद सोमवार को अपनी भूख हड़ताल समाप्त करनी पड़ी। एडीएम वित्त ने गजेंद्र कुमार सिंह ने भरोसा दिलाया कि शासन स्तर से मामले में जल्द ही गंभीर कार्रवाई की जाएगी। सुमित मलिक को नारियल पानी पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई। भूख हड़ताल समाप्त होने पर आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि जब तक दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, वह संघर्ष जारी रखेंगे। सिंचाई विभाग के खंड गंगा नहर द्वारा बनाई गई तीन सड़कों की हालत निर्माण के महज पाँच दिनों बाद ही खराब होने लगी। आरोप है कि सड़कों पर न मानक के अनुरूप तारकोल डाला गया और न ही निर्माण गुणवत्ता का ध्यान रखा गया। उन्होंने 13 दिसंबर 2025 को जनपद के प्रभारी मंत्री को इस बाबत शिकायत दी थी। शिकायत के बाद कराई गई प्रारंभिक जांच में भी अनियमितताएँ पाई गईं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक ने इन अनियमितताओं के विरोध में पिछले पाँच दिनों से कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल शुरू कर रखी थी, जिसे सोमवार को प्रशासनिक आश्वासन मिलने के बाद समाप्त कर दिया गया। इस दौरान यहां पर्यावरण सेवा समिति के जितेंद्र कोच, हिमांशु चौधरी, अंकित मलिक पीनना, गौरव पवार, अंकित, अनुज सागर, हरेंद्र मलिक बिट्टू पीनना, सुबोध पवार और पुष्पेंद्र चौधरी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: ज्ञापन देने पहुंचे अग्रवाल महासभा के पदाधिकारी।

# हेलमेट नहीं पहना तो हाईवे पर एंट्री नहीं

## एसपी सिटी के नेतृत्व में चला अभियान, 66 प्वाइंट चिन्हित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हाईवे पर अब बिना हेलमेट के सफर करना अपराध होगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि हाईवे पर नो हेलमेट-नो हाईवे, इस तरह के लिखे हुए बोर्ड हाईवे पर पुलिस प्रशासन के निर्देश पर लगा दिए है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हाईवे से जुडे 66 ऐसे प्वाइंट चिन्हित किए गए थे जहां पर सबसे ज्यादा हादसे होते है। पुलिस इन प्वाइंटों पर चैकिंग कर बिना हेलमेट पर दो पहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही भी कर रही है और जो हाईवे पर बिना हेलमेट पर दो पहिया वाहन चालक दिखाई पडता है उसको पुलिस वापस कर रही है पुलिस यह हिदायत दे रही है कि चालान काटने के बजाए अब पुलिस दो पहिया वाहन चालकों को हाईवे पर एंट्री नहीं होने देगी।

बताया जाता है कि यूपी के महानिदेशक के आदेश पर प्रदेशभर में होने वाले हादसों को गंभीरता से लेते हुए होने वाली मौत का आंकडा कम करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जिन स्थान पर हादसे अधिक हो रहे है पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर उन्हे चिन्हित करते हुए जरूरी कदम उठाए है। इसी कड़ी में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने यह प्लान लागू कर दिया है।

दिल्ली देहरादून हाईवे से जुडे रास्तों पर नो हेलमेट-नो हाईवे की मुहिम शुरू कर दी है। अधिकतक ऐसे मार्ग खतौली, मंसूरपुर, नई मंडी, छपार, पुरकाजी, शहर कोतवाली में कुल 66 प्वाइंट ऐसे रास्ते चुने गए है इन रास्तों पर सबसे ज्यादा हादसों का खतरा रहता है। इनमें से 22 प्वाइंट शहर कोतवाली से जुडे हुए है जहां दो पहिया वाहन बिना हेलमेट के सड़क पर दौडते दिखाई देते है। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत का कहना है कि अब यह प्लान तैयार किया गया है और नो हेलमेट-नो हाईवे प्लान के तहत चिन्हित रास्तों पर बोर्ड लगाकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। अब बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन हाईवे पर प्रवेश नहीं करेगे। यातायात पुलिस भी नो हेलमेट वालों पर कार्यवाही करेगी। बताया जाता है कि पहले पुलिस नो हेलमेट पर चालान काटती थी, लेकिन अब यातायात पुलिस ने यह मुहिम चलाई है कि नो हेलमेट वालों को वापस ही लौटना पडेगा।

चलाए गए अभियान में 66 ऐसे प्वाइंट चिन्हित किए गए जहां हादसों का खतरा अधिक रहता है। पुलिस इन प्वाइंट्स पर आकस्मिक चैकिंग करेगी और गांव से बिना हेलमेट आने वाले दो पहिया वाहनों को वापस भेजेगी। प्रदेश के पुलिस मुखिया के आदेश के बाद प्रदेशभर में यह अभियान चला है इसका मुख्य उद्देश्य हादसों में होने वाली मौतों के आंकडो को 50 प्रतिशत कम करना है। देर शाम एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने अपनी देखरेख में सड़कों पर उतरकर बैरिकेडिंग लगाकर चैकिंग अभियान चलाया उन्होने बताया कि आगामी सात दिनों तक जागरूकता अभियान चलेगा।




# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर अग्रवाल महासभा का प्रदर्शन

■ प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर उठाई कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा की बैठक में पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार, हत्याओं एवं उत्पीड़न को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस गंभीर विषय पर भारत सरकार तत्काल ठोस कदम उठाए। महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित कर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के लिए जान-माल की सुरक्षा और कारोबार करना बेहद कठिन होता जा रहा है।

महासभा ने मांग की कि बांग्लादेश से भारत के सभी प्रकार के संपर्कों पर पुनर्विचार किया जाए तथा जो बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं,उन्हें चिन्हित कर उनके देश वापस भेजा जाए। साथ ही बांग्लादेश में हो रही। घटनाओं की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा किए जाने की भी अपील की गई।

बैठक में यह भी कहा गया कि भारतवर्ष के सभी नागरिक, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, बांग्लादेश में हो रहे कथित त्यों की भर्त्सना करते हैं और ऐसे देश का बहिष्कार किया जाना चाहिए। इस अवसर पर संरक्षक अशोक कंसल, प्रमोद मित्तल, सुनील सिंघल, सुरेंद्र अग्रवाल एवं मोहन तायल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। महासभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, महामंत्री दिनेश बंसल व अनिल तायल तथा कोषाध्यक्ष श्विदीप गोयल ने एकजुट होकर सरकार से कड़ा रुख अपनाने की मांग की।

बैठक में उपाध्यक्ष, मंत्री, सलाहकार व संगठन मंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए भारत को निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए।

# डीएम-एसएसपी ने सुनी समस्याएं

■ समाधान दिवस में साइबर क्राइम रोकने के बताए उपाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तहसील जानसठ में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जन समस्याओं को सुना। इस मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण किया गया और यहां उपस्थित अधिनस्थ अधिकारी और कर्मचारियों को समाधान दिवस पर आई शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण कराने के आदेश दिए है। डीएम व एसएसपी ने कहा कि यहां आने वाली शिकायतों का निष्पक्ष जांच कर समय



के साथ उनका निस्तारण करे साथ ही उन्होने महिला संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुनने और शिकायत के आधार पर उनका निस्तारण करने के आदेश दिए।

दोनो अधिकारियों ने साइबर अपराध और साइबर ठगी के संबंध में आने वाली शिकायतों को भी गंभीता सुना और ठगी का शिकार होने वाले लोगों को जागरूक करते हुए बचने के उपाय बताए। इस दौरान सीओ जानसठ रूपाली राव, सीओ भोपा देवव्रत वाजपेयी और अधिनस्थ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नहर पुल पर आत्महत्या की रोकथाम को समाजसेवी ने की पहल

■ पुल के चारों ओर लोहे की रैलिंग लगाने का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा गंग नहर पुल से आत्महत्या की घटनाएं लगातार जारी हैं।आए दिन अवसाद ग्रस्त व्यक्ति भोपा पुल से नहर मे डूबकर आत्महत्या करते रहते हैं। आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए समाजसेवी ने एक शानदार पहल करते हुए पुल के चारों लोहे की रेलिंग लगवाने का काम शुरू किया है।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव भोपा मे स्थित नहर पुल पर आत्महत्या की घटनाएं आम हैं।आत्महत्या की घटनाओं से जनहानि के अलावा क्षेत्र व गांव की छवि पर विपरीत असर पड़ता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए भोपा के प्रसिद्ध समाजसेवी अरविंद अहलूवालिया ने एक शानदार पहल की शुरुआत की है।उन्होंने नहर पुल के चारों ओर लोहे की रेलिंग लगाने का कार्य शुरू किया है। अरविंद अहलूवालिया ने बताया की पिछले काफी समय से वह गांव को सुंदर व स्वच्छ बनाने के प्रयास में लगे हुए हैं नहर पुल के आसपास उन्होंने सौंदर्यकरण भी अपने द्वारा कराया है। अब वह गंग नहर पुल पर प्रशासन के सहयोग से लोहे रेलिंग लगवा रहे हैं। जिससे आत्महत्या की घटना को रोका जा सके।

इस कार्य में उन्हें उप जिला. धिकारी जानसठ राजकुमार भारती का विशेष सहयोग मिला है। लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अनिल राणा से अनुमति लेकर वह इस कार्य को करा रहे हैं। इसके अलावा वह नहर पुल चौराहे पर बड़े स्तर पर सौंदर्यकरण का कार्य करेंगे। जिससे गांव की एक नई पहचान बनेगी। अरविन्द अहलुवालिया की इस शानदार पहल की ग्रामीण स्वागत कर रहें हैं।








# धमकी व रंगदारी मांगने में दस वर्ष की कैद

■ कोर्ट ने आरोप सिद्ध होने पर सुनाया फैसला, पन्द्रह हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रंगदारी मांगने और हत्या की धमकी देने के मामले में कोर्ट ने सबूत व गवाहो के आधार पर आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को दस वर्ष की कैद और पन्द्रह हजार रूपये का जुर्माना किया है।

शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव बसीकला निवासी मुरसलीन ने इक्कीस सितम्बर 2014 को थाने में एक तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि गांव के ही गुलफाम पुत्र जमील उर्फ जमीर पठान ने उससे तीन लाख रूपये की रंगदारी मांगी है। साथ में यह भी आरोप लगाया था कि रंगदारी न देने पर उसे हत्या की धमकी मिली है। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर धारा 307, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

पुलिस ने अपनी कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए भागदौड कर आरोपी गुलफाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इसके बाद पुलिस ने बारह नवंबर 2015 को न्यायालय में घटना से संबंधित आरोप पत्र दाखिल किया यह मामला एडीजे-6 की कोर्ट में विचाराधीन था। मुकदमे की पैरोकारी एडीजीसी कमलकांत ने की। और कोर्ट ने दोनो पक्षों की सुनवाई करते हुए आरोपी को दस वर्ष के कारावास और पन्द्रह हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# महिला की गंदी वीडियो वायरल करने वाला पकड़ा

## सर्विलांस के माध्यम से आया पुलिस पकड़ में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक शातिर युवक ने पहले तो एक युवती कोघ अपने प्रेम जाल में फंसाया। फिर उसके बाद उससे कोर्ट मैरिज करके उसकी इज्जत को रौंदता रहा। उसी दौरान उसकी कुछ अश्लील वीडियोज भी बनाई। जब मन भरा तो उसने युवती को आठ माह बाद तलाक देते हुए ये कहकर मारपीट कर घर से निकाल दिया कि अगर मुझे 5 लाख रुपये न मिले तो वह उसे अपने घर में नहीं रखेगा और उसकी गंदी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करेगा। तब युवती डिमांड पूरी नहीं कर पाई और युवक ने उसकी गंदी वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। मामला पुलिस में पहुंचा तो बुढाना पुलिस ने युवक के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आज नौवें दिन शातिर युवक को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र से पकड़ लिया और उसका आशिकी का भूत उतारते हुए जेल भेज दिया।

इस शातिर को तेज तर्रार पुलिस इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने अपनी टीम के साथ गांव विज्ञाना से सर्विलांस के आधार पर पकड़ा। बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बुढाना पुलिस को बीती 28 दिसम्बर को बतलाया था कि उसकी पुत्री ने 8 माह पूर्व सहारनपुर जिले के देवबन्द क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी सद्दाम पुत्र अहसान से कोर्ट मैरिज की थी। दोनों कुछ दिन तक अच्छे से रहे। उसी समय सद्दाम ने उसकी पुत्री की अपने मोबाइल से निवस्त्र वीडियो बना ली। तब से सद्दाम उसकी पुत्री को यातनायें देने लगा। बात यहां तक पहुंची कि सद्दाम ने उसकी पुत्री को बीते 26 नवम्बर को एक समझोते के तहत अलग रहने के लिए तलाक दे दिया।

उसके बाद उसने उसकी पुत्री की अश्लील निवस्त्र वीडियो उसके पुत्र, दूसरी पुत्री, अन्य दामाद व अन्य लोगों को सोशल मीडिया पर भेज दी। उसका पुत्र सऊदी अरब में है। उसे सद्दाम ने धमकी दी है कि जब तक मुझे 5 लाख रुपये नही दोगे तब तक में तेरी बहन की वीडियो सब जगह वायरल करता रहूंगा। इस संबंध में बुढ़ाना कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने शातिर युवक को जेल भेज दिया है। टीम में गढ़ी चौकी इंचार्ज ललित कसाना, हैड कांस्टेबल मनोज कुमार व कांस्टेबल सौरभ कुमार रहे।

# मांगों की अंदेखी पर प्रधानों का तहसील में धरना

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अखिल भारतीय प्रधान संगठन से जुड़े दर्जनों ग्राम प्रधानों ने सोमवार को तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रधानों ने तहसील प्रशासन पर समस्याओं की अनदेखी और धांधली के आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। धरने को बार संघ का भी समर्थन मिला, जिससे आंदोलन को और मजबूती मिली।

प्रधान संगठन ने पूर्व में चेतावनी दी थी कि यदि 5 जनवरी तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो तहसील में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। निर्धारित समय सीमा में मांगें पूरी न होने पर प्रधानों ने चेतावनी के अनुरूप धरना दिया। धरना-प्रदर्शन के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रधानों ने बताया कि तहसील क्षेत्र में मत्स्य पालन पर उठाए गए तालाबों की वसूली कई वर्षों से लंबित है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में बनी पानी की टंकियां आज तक चालू नहीं हो सकीं हैं और निर्माण के दौरान उखाड़ी गई सड़कों की मरम्मत भी नहीं कराई गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा रायपुर नंगली हाईवे पर प्रकाश व्यवस्था के लिए एनएचएआई से स्ट्रीट लाइट लगवाने, लेखपालों द्वारा कथित अवैध उगाही पर रोक लगाने, गांवों में राशन कार्ड कटने की समस्या का समाधान कराने, ग्राम जहांगीरपुर, दूधाहेड़ी और सोंटा की सीमा पर उखाड़े गए सीमा-धोतक चिन्हों को पुनः लगवाने की मांग भी उठाई गई।ग्राम दूधाहेड़ी में पंचायत सचिवालय निर्माण के लिए ग्राम सभा की भूमि उपलब्ध न होने पर ग्रामीण द्वारा दी गई भूमि पर राजस्व सं.हता की धारा 118 के तहत कार्रवाई न होने और कुछ मामलों में बिना सूचना एकतरफा निस्तारण कर अवैध दखल देने का आरोप भी प्रधानों ने लगाया। धरने की सूचना पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और प्रधानों से वार्ता की। अधिकारियों ने



आश्वासन दिया कि सोमवार को जल निगम, एनएचएआई और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ तहसील परिसर में बैठक कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी किया गया, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। धरने के दौरान प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक राठी, ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह, किसान नेता सचिन चौधरी, प्रवेज प्रधान, ओमपाल प्रधान, दीपक प्रधान, लियाकत प्रधान, तैयबब प्रधान, रोशन लाल, रमेश प्रधान, राकेश प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे। साथ भाकियू नेता सचिन चौधरी ने भी अपना समर्थन देते हुय धरने पर बैठे। धरने को बार संघ का समर्थन मिला। बार संघ अध्यक्ष नवीन उपाध्याय, महासचिव प्रदीप तथा अधिवक्ता सचिन आर्य सहित अन्य अधिवक्ताओं ने मौके पर पहुंचकर प्रधान संगठन के आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की।

# एसपी ग्रामीण ने किया शाहपुर थाने का आकस्मिक निरीक्षण



**शाहपुर।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा थाना शाहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्रपाल सिंह व शाहपुर थानाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# विद्युत जेई ने चलाया विशेष चैकिंग अभियान



**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत विभाग के जूनियर इंजिनियर शिव कुमार ने सोमवार के दिन बुढ़ाना क्षेत्र में विशेष विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से सीधा संवाद किया और उन्हें बिजली बिल पर मिल रही छूट योजना के दूसरे चरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जेई शिव कुमार ने बताया कि बिजली विभाग की छूट योजना का दूसरा चरण बीती 01 जनवरी से शुरु हो चुका है जो आगामी 31 जनवरी तक चलेगा। इस अवधि में उपभोक्ताओं को बकाया बिल के ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी जबकि मूलधन में 20 प्रतिशत की कमी की जाएगी। उन्होंने उन सभी उपभोक्ताओं से अपील की जिन्होंने अभी तक अपना बिजली बिल जमा नहीं किया है कि वे जल्द से जल्द इस योजना का लाभ उठाएं। अधिकतम छूट प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है। जेई ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं को ब्याज की छूट का लाभ नहीं मिल रहा है उन्हें भी अपने बिल का कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा जमा करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जो उपभोक्ता बिजली बिल जमा नहीं करेंगे उनका कनेक्शन खंभे से काट दिया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी उपभोक्ता की होगी। कनेक्शन कटने जैसी असुविधा से बचने के लिए सभी उपभोक्ताओं को अपना बिजली बिल समय पर जमा करना आवश्यक है। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिल भुगतान करने और राष्ट्रहित में बिजली बचाने का आग्रह किया। कुल मिलाकर उन्होंने उपभोक्ताओं से छूट का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## पानी की निकासी को नाला बनवाने की मांग

**बुढ़ाना।** नाला ना होने के कारण बस्ती में स्थित सैंकडो घरों का पानी मुख्य मार्ग पर भरा रहने से जहां सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी है वहीं आने जाने वालों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार के दिनघ बस्ती के लोगों ने परेशान होकर एसडीएम को एक शिकायती पत्र दिया और बस्ती में पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण कराए जाने की मांग की।

सफीपुर पटी देहात छोटा पुल पार बजाज शुगर मिल रोड बुढ़ाना निवासीगण मौबीन हड़ौती, राजा, वसीम, आरिफ, इंतजार, अजहर, शाहवाज, सद्दाम, शाहनवाज, अकबर, मौहम्मद अली, करमूदीन, सलीम और सदाकत सहित अन्य दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार के दिन बुढ़ाना उप जिला अधिकारी श्रीमति अपूर्वा यादव को एक शिकायती पत्र देते हुए बतलाया कि उनकी बस्ती की सड़क पर बस्ती में बने मकानों का पानी आता है।

जिससे सड़क पर बुरी तरह से पानी भर जाता है। आने जाने में अत्याधिक परेशानी होती है। गन्दा पानी होने के कारण कपडे भी छींट लगने के कारण और पानी में भीगने के कारण खराब हो जाते हैं। जिस कारण पूरी बस्ती के पानी की निकासी के लिये एक नाला बस्ती से लेकर नदी तक करीब 60 मीटर का बनाया जाए। जिससे बस्ती के पानी की निकासी पास में ही स्थित हिंडन नदी में हो सके तथा सडक सफ़ और चलने फिरने के लायक हो सके। इसके लिए सभी ग्रामीणों ने एसडीएम बुढ़ाना से अति शीघ्र ही नाले का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# लायंस क्लब 'उन्नति' ने हर्षोल्लास के साथ मनाया नववर्ष

**मुज़फ़्फ़रनगर।** लायंस क्लब 'उन्नति' द्वारा सर्कुलर रोड स्थित होटल स्वर्णइन में नववर्ष 2026 के स्वागत हेतु भव्य एवं उल्लासपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों एवं उनके परिवारों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।




कार्यक्रम में आयोजित मनोरंजक खेलों ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया, जिनका कुशल एवं आकर्षक संच.ालन लायन डॉ. प्रवेश कुमार एवं लायएड अनुपमा कर्णवाल द्वारा अपने अनूठे अंदाज़ में किया गया। सदस्यों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न खेलों में भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद उठाया।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन अमित मित्तल ने सभी सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। वहीं डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी लायन रीना अग्रवाल ने नवगठित ब्रांच क्लब 'कात्यायनी' के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।इस यादगार एवं आनंदमयी बैठक में डिस्ट्रिक्ट एंबेसडर लायन अजय अग्रवाल, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल कंसल, जोन चेयरपर्सन लायन मनीष बंसल सहित लायन अमित गर्ग, लायन अतुल एरन, लायन आलोक गुप्ता, लायन निखिल मित्तल, लायन मुकुल गोयल, लायन राजेश मित्तल, लायन राहुल माहेश्वरी, लायन नितिन गोयल, लायन दिनेश गर्ग, लायन महेश जिंदल,अनुभव कंसल सहित अनेक वरिष्ठ लायन सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही लेडी लायंस में लायन रेनू गुप्ता, लायन प्रतिभा बंसल, लायन वंदना मित्तल, लायन रूमा अग्रवाल, लायन शिवांगी गर्ग, लायन तनुजा एरन, लायन लेडीज़ अनुराधा मित्तल, रुचि मित्तल, निधि अग्रवाल, शालू मित्तल, प्रगति गोयल, अनीता जिंदल, नेहा गर्ग, सुनीता कंसल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्यों ने स्नेहपूर्ण वातावरण में रात्रिभोज का आनंद लिया।

# मकतब हमारी नई पीढ़ी के लिए जरूरी : हक

**बुढ़ाना।** लोई में मकतब की स्थापना को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता मौलाना अब्दुल हक़ व निगरानी मुफ़्ती शुऐब क़ासमी ने की। यहां क़ुरैशियान मस्जिद के इमाम ख़तीब मौलाना अब्दुल हक़ ने कहा कि दीनी मका.तिब हमारे बच्चों के लिए अत्यंत जरुरी हैं। जिस तरह हम अपने बच्चों के लिए स्कूल दुनियावी शिक्षा की अच्छी व्यवस्था की चिंता करते हैं ठीक उसी तरह हमें उनकी दीनी तालीम की भी चिंता करना ज़रुरी है।



तहसील बुढ़ाना के जनरल सेक्रेटरी मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने कहा कि जब हम अल्लाह के सामने हाज़िर होंगे तो अल्लाह हमसे दुनियावी शिक्षा व तरक़्क़ी के बारे में सवाल नहीं करेंगे बल्कि अपने हुक़ूक़, अपनी इबादत व अपने अहकाम के बारे में पूछेंगे। ये सारी बातें हमारे बच्चे इन्हीं मकातिब में सीखेंगे। बुढ़ाना जमीयत उलेमा से इनाम मेहर क़ुरैशी ने कहा कि दुनिया की हर चीज़ बांटी जा सकती है सिवाय शिक्षा के। इंसान की फ़ितरत है कि वह तरक़्क़ी करना चाहता है मगर शिक्षा के बिना कोई तरक़्क़ी नही। यहां पर एक मकतब की स्थापना की गई। उसकी मेहनत व व्यवस्था तय की गई और उसे सफल बनाने का सबने वादा किया। यहां तहसील बुढ़ाना के जनरल सेक्रेटरी मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी, तहसील नायब सदर मौलाना अब्दुल हक़ क़ासमी, इनाम मेहर क़ुरैशी, हाफ़िज़ निज़ामुद्दीन, मुफ़्ती शुऐब आलम क़ासमी, क़ारी मुहिब्बुर्रहमान, हाजी सरफ़राज़, मौलाना मुहिब्बुर्रहमान, क़ारी कलीम, नसीम, क़ैसर, मास्टर फ़ारूक़, मोहम्मद अनस आदि मौजूद थे।

# खिजरपुर में लगा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा कैम्प

**बुढ़ाना।** आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट के संस्थापक इंजिनियर मोहम्मद अरशद शाह के द्वारा सोमवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर में मरहूम मौहम्मद सलीम की बैठक में आयोजित किए गये एक भव्य नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 55 रोगियों की जांच की गयी जबकि 03 मरीजों को ऑपरेशन के लिए रैफर कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक आईएएस एजुकेशनल हैल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट द्वारा गांव मदीनपुर खिज्जरपुर में मरहूम मोहम्मद सलीम शाह की बैठक में भव्य निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई विजन हास्पिटल शाहपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 55 नेत्र रोगियों की जांच की।

शिविर में पाए गए रोगियों में से 3 मरीजों को मोतिया बिंद के ऑपरेशन हेतु नोएडा रेफर किया गया साथ ही सभी मरीजों को दवाइयां और चश्मे निशुल्क प्रदान किए गए। ट्रस्ट के संस्थापक इंजि. नियर मोहम्मद अरशद शाह ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हर



जरूरतमंद तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें। नज़र की रोशनी सिर्फ आंखों की नहीं बल्कि जीवन की भी रोशनी है। इसी सोच के साथ हमारा ट्रस्ट प्रत्ध्येक मंगलवार को नियमित शिविर आयोजित करेगा ताकि कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति अंधकार में न रहे। ग्रामीणों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना कर कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरुकता व सेवा का मजबूत संदेश देते हैं।

## ट्रक की टक्कर से पुराली से भरी ट्राली पलटी

**बुढ़ाना।** पुराली लेकर सरधना जा रहे ट्रैक्टर ट्राली के एक चालक को हाइवे पर एक ट्रक के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में पुराल से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई तथा चालक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जनपद शामली के कस्बा कैराना का रहने वाला अनस अहमद अपनी ट्रैक्टर ट्राली में पुराली लेकर मेरठ जनपद के कस्बा सरधना में जा रहा था। तब मेरठ वाया करनाल हाइवे पर खेडा मस्तान गांव के एक फार्म हाउस के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। इस घटना में पुराली से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और पुराली सडक पर घबिखर गई। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुराली सडक पर बिखरने से हाइवे पर जाम लग गया। इस घटना की सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस और घायल चालक के परिजन मौके पर पहुंच गए। चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में ट्रेक्टर चालक को जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी।

# बिटावदा में कौशल रथ का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**बुढाना।** भारत सरकार के सहयोग से संचालित कौशल रथ सोमवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बिटावदा में पहुंचा। यहां पर आयोजित किए गये कार्यक्रम का उद्घाटन मुजफ्फरनगर जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी व युवा रालोद नेता रवित राठी ने अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर किया।

रालोद नेता रवित राठी ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों को कम्प्यूटर के बेसिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है। कौशल विकास ही आज के युवाओं को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा हैं। गांव में सैंकड़ों छात्र छात्राओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसके लिए रवित राठी ने कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा उनके मार्गदर्शन एवं मंत्रालय के निरंतर सहयोग से ग्रामीण युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। यहां भाकियू बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत प्रधान, शकुल सहरावत, गुढ्डू तोमर, कल्लू सहरावत आदि मौजूद थे।

# तालाब पर अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी से मिले ग्रामीण

**जानसठ ।** तहसील जानसठ के अंतर्गत आने वाले ग्राम भलेड़ी में कुछ लोगो व डीलरों के हौसले बुलंद हैं। ग्राम पंचायत की सार्वजनिक संपत्ति और पर्यावरण के रक्षक कहे जाने वाले तालाबों पर अवैध कब्जों का खेल धड़ल्ले से जारी है।

सोमवार को तहसील में आयोजित श्समाधान दिवस के दौरान ग्राम भलेड़ी के दर्जनों ग्रामीणों ने भू-माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा शिकायतकर्ता अनुज कुमार, तरंग सैनी व अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत भलेड़ी के खसरा नंबर-357 में दर्ज सरकारी तालाब, जो कागजों में लगभग 32 बीघा विस्तृत है, कुछ लोगो और प्रोपर्टी डीलरों की भेंट चढ़ रहा है। मौके पर स्थिति यह है कि तालाब मात्र 20 बीघा ही शेष बचा है। आरोप है कि आसपास की जमीन खरीदने वाले प्रोपर्टी डीलर धीरे-धीरे तालाब के हिस्सों में मिटी डलवाकर उसका अवैध भराव कर रहे हैं, ताकि बेशक.ीमती जमीन पर कब्जा किया जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब का रकबा लगातार घटने से जल संचयन की समस्या खड़ी हो गई है। तालाब के अस्तित्व पर मंडराते संकट को लेकर पूरे गांव में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं किया, तो आने वाले समय में यह ऐतिहासिक तालाब पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।शिकायती पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की है कि राजस्व विभाग (लेखपाल और कानूनगो) की टीम गठित कर तत्काल तालाब की पैमाइश कराई जाए। और मौके पर पुलिस बल भेजकर अवैध भराव को तुरंत रुकवाया जाए। तालाब की जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचा सके।इस दौरान शिकायतकर्ताओं में मुख्य रूप से अनुज कुमार, तरंग सैनी, के अलावा अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं अपने बेटे शमीम के साथ अपने घर ग्राम सरवट थाना सिविल लाइन से बाइक द्वारा झांसी की रानी ओर किसी काम से जा रही थी मेरे बेटे की बाइक में एक पन्नी का थेला टंगा हुआ था और उसमें हमारे घर का बैनामा संख्या 1 खण्ड 1122 के पृष्ठ 187/196 में नम्बर 6984 दिनांक 03.11.1998 का है वो वास्तव में कही गिर गया है मैने अपने बैनामे की काफी तलाश की, लेकिन मेरा बैनामा नहीं मिला। जिस किसी को मिले उसका उपयोग गलत होगा और उसका दुरूपयोग न किया जाए।

**सितारा पत्नी शकील**
**निवासी-हाजीपुरा सरवट**
**थाना सिविल लाइन**
**जिला मुजफ्फरनगर**
**9368034998**

**NAME CHANGE**

I, MOHAMMAD IRSHAD ALI S/O GULSHER R/O H.N. 162 VILL KANHAHERI, PO DOODHLI, P/S CHARTHAWAL, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P.) 247772 Have changed my name to MD. IRSHAD ALI.

# दि गंगा मर्केन्टाइल अरबन को-ऑपरेटिव बैंक' की गांधी नगर शाखा का भव्य लोकार्पण

**खतौली।** दि गंगा मर्केन्टाइल अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.' की गांधी नगर शाखा का भव्य लोकार्पण भारत सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, बैंक पदाधिकारी और ग्राहक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि शहरी सहकारी बैंक शहरी क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों, आम नागरिकों और स्थानीय समुदायों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इन बैंकों की उपयोगिता और आवश्यकता दोनों बढ़ गई हैं। 'दि गंगा मर्केन्टाइल अरबन को-ऑपरेटिव बैंक' की नई शाखा का शुभारंभ इस बात का प्रमाण है कि समाज में इस बैंक की ब्विवसनीयता निरंतर बढ़ रही है। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बैंक प्रबंधन एवं ग्राहकों को नई शाखा के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि सरकार सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठा रही है, जिससे आम जनता का इन बैंकों के प्रति भरोसा बना रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने बैंक की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से बेहतर बैंकिंग सेवाओं के लिए यहां खाता खोलने का आ]वान किया। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र सैनी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता तेगबहादुर ने भी अपने विचार रखे। बैंक के अध्यक्ष नरेश कुमार पालीवाल ने सभी अतिथियों एवं ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि बैंक भविष्य में भी ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। इस दौरान डॉ. संजीव बालियान ने बैंक की सचिव शिवा गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक अनिल पालीवाल एवं अमित त्यागी को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंध समिति से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश जैन ने किया। इस अवसर पर बैंक की उपाध्यक्ष डॉ. आशा जैन, डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन दल सिंह वर्मा सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 23 शिकायतें



**बुढ़ाना।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से 23 शिकायतें आई। जिनमें से कुल चार शिकायतों का एसपी देहात आदित्य बंसल की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बाकी बची हुई सभी 19 शिकायतों के सम्बन्ध में एसपी देहात आदित्य बंसल के द्वारा संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि आज यहां पर जो भी बाकी शिकायतें निस्तारण हुए बिना रह गयी हैं ।

वह सभी शिकायतें 02 सप्ताह के भीतर भीतर मौके पर जाकर निष्पक्ष तरीके से निस्तारित की जाए और अधिकारियों को भी इससे अवगत कराया जाए। इस दौरान यहां पर आए शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से बुढ़ाना उप जिला अधिकारी श्रीमति अपूर्वा यादव, बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्र अधिकारी गजेन्द्र पाल सिंह, फुगाना सर्किल के क्षेत्रा अधिकारी यतेन्द्र सिंह नागर और बुढ़ाना नगर पंचायत से जल विभाग के अधिकारी सुधीर कुमार सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों की भी उपस्थिति देखने को मिली। यहां सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि से सम्बन्धित देखने को मिली।

# जैविक खेती को लेकर दूसरे राज्य के किसानों ने किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात मे नमामि गंगे जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक कृषि फार्म पर उत्तराखंड राज्य के किसानो के प्रतिनिधि मंडल ने भृमण किया जहां कृषि अधिकारियो द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने को किसानो को प्रेरित किया गया।



नमामि गंगे से जुड़े शील बायोटेक के वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक डॉ.जेपी शर्मा ने बताया की निकटवर्ती उत्तराखंड राज्य के जनपद हरिद्वार के विकासखंड नारसन की विभिन्न ग्राम पंचायत जो की परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत चयनित है एक दिवसीय कृषक भ्रमण कार्यक्रम गांव बेहड़ा सादात मे आयोजित कराया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में 250 से अधिक किसानों के द्वारा भाग लिया गया जहां किसान राकेश कुमार के द्वारा जैविक खेती के लिए वर्मी बेड का निर्माण किया गया है जिससे प्रतिमाह 300 से 400 कुंतल वर्मी कंपोस्ट का निर्माण होता है उनके फार्म हाउस में जैविक गेहूं जैविक सरसों आलू बैंगन की फसल तथा मैक्स फसल के रूप में सरसों के साथ मेथी मसूर चना इन सभी फसलों को उगाया जा रहा है। भ्रमण कार्यक्रम में विकासखंड नारसन की ग्राम पंचायत नारसन खुर्द नारसन कला टिकोला सिकंदरपुर निजामपुर मुडलाना के गांव के किसानों के द्वारा भाग लिया गया इस कृषक भ्रमण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मुख्य कृषि अधिकारी हरिद्वार तथा कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी रुड़की और आयोजन शील बायोटेक लिमिटेड दिल्ली के द्वारा कराया गया भ्रमण कार्यक्रम तीन टीमों का गठन किया गया था।

एक टीम का नेतृत्व कृषि वैज्ञानिक राकेश कुमार सिंह दूसरी टीम का नेतृत्व, वसंत बालाजी तीसरी टीम का नेतृत्व डॉ जेपी शर्मा वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक शील बायोटेक लिमिटेड के द्वारा किया गया जहां विभिन्न फसलों में जाकर किसानों को जानकारी दी गई

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत डॉ. अरविन्द कुमार, पुत्र श्री ताराचन्द, निवासी नकुड रोड, निकट पोस्ट ऑफिस पूर्वी अफगानान, सरसावा, जिला-सहारनपुर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं.:-MZDA/BP/25-26/0284 के द्वारा अपनी भूमि प्लॉट (पार्ट) नं0-02 व 03, खसरा नं0-1376, मौहल्ला- आदर्श कॉलोनी, ग्राम-सरवट (बाहर हदूद), जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के कुल क्षेत्रफल 337.36 वर्गमी. पर ''व्यावसायिक (शॉपिंग सेन्टर)'' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल प्लॉट (पार्ट) नं.-02 व 03, खसरा नं0-1376, मौहल्ला- आदर्श कॉलोनी, ग्राम- सरवट (बाहर हदूद), जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार ''आवासीय (400 से 750 व्यक्ति/हेक्टेयर)'' भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स- 2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोर्निंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.3 के अनुसार ''आवासीय'' भू-उपयोग के अन्तर्गत ''शॉपिंग सेन्टर'' की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इत्तर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों / सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था / अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

# कांवड़ पटरी मार्ग पर दौड़ती कार बनी आग का गोला

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कांवड़ पटरी मार्ग पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चलती कार में अचानक आग भड़क उठी और कुछ ही क्षणों में वाहन आग के गोले में तब्दील हो गया। गनीमत रही कि कार सवार परिवार ने समय रहते सतर्कता दिखाते हुए बाहर कूदकर अपनी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अकलपुरा (थाना सरधना) निवासी राजकुमार अपने परिवार के साथ इयोन कार से थाना भोपा क्षेत्र के गांव भोकहेड़ी जा रहे थे। वे अपनी पुत्री को लेने निकले थे। कार में उनके साथ भाई दिनेश, विवेक, आकाश, दीपिका और इशिका भी सवार थे। जैसे ही वाहन रतनपुरी थाना क्षेत्र के कांवड़ पटरी मार्ग पर पहुंचा, अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और देखते ही देखते कार में भीषण आग लग गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी कार धू-धू कर जलने लगी। जलती कार को देखकर राहगीरों और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया, वहीं मार्ग पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया।

हालांकि, घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम काफी देर तक मौके पर नहीं पहुंची।

इस लापरवाही को लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने नाराजगी जताई और दमकल विभाग की



कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक तनाव और हंगामे की स्थिति बनी रही।

## सैनी समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने को चलाया जनजागरण अभियान

**खतौली।** सैनी समाज को एकजुट कर राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में पिछड़ा समाज पार्टी ने बड़ा कदम उठाया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूबेदार मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश चंद सैनी ने 'घर-घर जाएंगे, पिछड़ों को समझाएंगे' जनजागरण अभियान की शुरुआत करते हुए समाज में राजनीतिक चेतना की कमी पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सैनी समाज की जनसंख्या लगभग 14 प्रतिशत होने के बावजूद प्रदेश की राजनीति में समाज की भागीदारी न के बराबर है। वर्तमान में पूरे प्रदेश से सैनी समाज का केवल एक ही विधायक चुना गया है, जो नूरपुर विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने इसे समाज के लिए चिंताजनक स्थिति बताया। सूबेदार मेजर रमेश चंद सैनी ने जानकारी दी कि प्रदेश की लगभग 40 विधानसभा सीटों पर सैनी मतदाताओं की संख्या 20 हजार से लेकर 60 हजार तक है, फिर भी प्रतिनिधित्व का अभाव यह दर्शाता है कि समाज अभी तक अपने मताधिकार की शक्ति को पहचान नहीं पाया है। उन्होंने सवाल किया कि यदि समाज केवल वोट बैंक बनकर रह जाएगा, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका क्या उत्तर दिया जाएगा। अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल लोगों को वोट की अहमियत समझाने, सही राजनीतिक निर्णय लेने और युवाओं को पिछड़ा समाज पार्टी से जोड़ने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल सामाजिक संगठनों के माध्यम से समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए सत्ता में भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सैनी समाज से आ]वान किया कि वह स्वयं जागरूक बने, संगठित रहे और समाजहित में एकजुट होकर राजनीतिक मंच पर मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। कार्यक्रम में राजू सैनी, बबलू पाल, रोबिन सैनी, नरेश सैनी, सचिन सैनी, दयानंद सैनी, राकेश सैनी, विकास सैनी, वीर सिंह, सतपाल सिंह, संजीव कुमार, संजीव प्रजापति, राकेश प्रजापति, विक्रम कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संपूर्ण तहसील समाधान दिवस किया आयोजित

**जानसठ।** शासन के निर्देशानुसार, शनिवार को अवकाश होने के कारण इस बार रसम्पूर्ण समाधान दिवसर का आयोजन सोमवार को तहसील परिसर में किया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के दूर-दराज गांवों से आए फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। अधिकारियों ने एक-एक कर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। नए साल 2026 जनवरी माह के पहले ही सम्पूर्ण समाधान दिवस भू-माफियाओं और अवैध कब्जों की रही भरमार सोमवार को तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 73 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से सर्वाधिक मामले भूमि अवैध कब्जों और भूमि विवाद से संबंधित रहे। इसके अलावा बिजली, समाज कल्याण और विकास कार्यों से जुड़ी शिकायतें भी प्राप्त हुईं। मौके पर ही 2 शिकायतों का सफल निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को समय सीमा के भीतर हल करने के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया। **अधिकारियों की 'बंद कमरा' बैठक में दिए कड़े निर्देश**

जनसुनवाई समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने हल्का लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों और पुलिस अधिकारियों के साथ एक बंद कमरे में विशेष बैठक की। सूत्रों की मानें तो जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया होगा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि उन्होंने राजस्व और पुलिस टीम को निर्देश दिए कि जमीन से जुड़े विवादों को मौके पर जाकर संयुक्त रूप से सुलझाएं ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर प्रशासनिक और पुलिस अमले के तमाम बड़े अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मोरना अपराजिता, नायब तहसीलदार अजय कुमार, विपिन कुमार व बृजेश कुमार के अलावा विकास एवं स्वास्थ्य विभाग से सीएमओ डा. सुनील तेवतिया, बीडीओ विशाखा सिंह, सीएचसी प्रभारी डा. अर्जुन सिंह, ईओ नीलम पाण्डे। तथा पुलिस विभाग से सीओ जानसठ रूपाली राव, सीओ भोपा देवव्रत वाजपेयी, इंस्पेक्टर राजीव शर्मा, इंस्पेक्टर विनोद कुमार और महिला उपनिरीक्षक अर्पणा यादव के अलावा विधुत व अन्य विभाग एसडीओ विद्युत चंद्र चौबे, जेई पंकज शाह, एसडीओ पंचायत धर्म सिंह आदि मौजूद रहे।

### रैन बसेरों में पात्र लोगों को पहुंचाएंगे अधिकारी, जिम्मेदारी हुई तय

**मुजफ्फरनगर।** रैन बसेरों में पात्र व्यक्तियों को पहुचाये जाने की जिम्मेदारी अधिकारी निभायेगें। इसके लिये जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने जिम्मेदारी तय कर दी है। उन्होनें इसके लिये सभी उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत तथा पुलिस विभाग को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है कि रात्रि में गश्त के दौरान उन्हें कोई व्यक्ति ऐसा मिलता है, जिनके पास रात्रि में आश्रय की सुविधा नहीं है, उन्हें निकटतम रैन बसेरे में पहुंचाया जाये, ताकि कोई भी व्यक्ति रात्रि में खुले में अथवा फुटपाथ पर सोने के लिये बाध्य न हो।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण व शासन की यह मंशा है कि कोई भी व्यक्ति इस मौसम में खुले आसमान के नीचे न सोये। इस सम्बन्ध में पुलिस विभाग को भी पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि सभी थानो व अधिकारियों को रैन बसेरों की सूची उपलब्ध करा दी गयी है। नगर क्षेत्र में टाउन हॉल व रेलवे स्टेशन पर रैन बसेरे स्थापित हैं। मीरापुर, जानसठ, खतौली, बुढाना, पुरकाजी, सिसौली, चरथावल, भोकरहेडी व शाहपुर में पालिका/नगर पंचायत कार्यालयों में रैन बसेरे स्थापित किये गये हैं, जहां जरूरतमन्दों को रात्रि विश्राम की सुविधा दी गयी है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर में हैल्पलाईन नंबर 1077, 9412210080 व 0131-2433023 पर मदद मांगी जा सकती है। उन्होनें बताया कि ठण्ड में किसी प्रकार की कोई क्षति न हो, इसके लिये यह हैल्पलाईन 24 घंटे सक्रिय रहेगी।

### पूर्वांचल सांस्कृतिक साहित्य महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त ने की मीटिंग

**मुरादाबाद।** सोमवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलायुक्त आञ्जनेय कुमार की अध्यक्षता में पूर्वांचल सांस्कृतिक साहित्य महोत्सव के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, जिलाधिकारी कॉलेज कुमार सिंह , पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने महोत्सव को सफल, सुव्यवस्थित एवं जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव पूर्वांचल की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं लोक कलाओं को मंच प्रदान करेगा, इसलिए इसकी तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा एवं आपातकालीन सेवाओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक इंतजामों की जानकारी दी।

# कुतुबपुर पंचायत भवन उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही बड़ी भागीदारी

मीरापुर। मीरापुर क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर में बहुउद्देशीय पंचायत भवन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कार्यक्रम में पूर्व विधायक राव वारिस, प्रभात तोमर मंडल अध्यक्ष लोकदल, शहजाद राणा प्रतिनिधि सांसद चंदन चौहान, अमरनाथ प्रतिनिधि विधायक मिथिलेश पाल, उप जिलाधिकारी जानसठ राजकुमार भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार गौड़, एडीओ धर्म सिंह, ग्राम सचिव विनय शर्मा सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने ग्राम प्रधान हज्जन सलमा के साथ फीता काटकर पंचायत भवन का लोकार्पण किया। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए सरकार बिना किसी भेदभाव के गरीबों, किसानों और मजदूरों के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है और हर क्षेत्र में विकास की धारा तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार की प्राथमिकता आम नागरिक की सुरक्षा है, जिसके लिए कठोर और प्रभावी कदम उठाए गए हैं। आज स्थिति यह है कि प्रदेश की बहन-बेटियां दिन हो या रात, पूरी निश्चिंतता के साथ अकेले यात्रा कर सकती हैं, जो मजबूत प्रशासन और बेहतर व्यवस्था का प्रमाण है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे और सभी को समान अवसर व सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। अपने संबोधन में उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जब सरकार हर समय जनता के साथ खड़ी है, तो समाज के प्रत्येक वर्ग की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह सरकार और उसके प्रतिनिधियों के हाथों को मजबूत करे, ताकि विकास और सुशासन की यह प्रक्रिया निरंतर आगे बढ़ती रहे और प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू सके। पूर्व विधायक राव वारिस ने लोक दल नेता जयंत चौधरी की सराहना करते हुए उन्हें किसानों का सच्चा हितैषी बताया। विधायक मिथिलेश पाल के प्रतिनिधि अमरनाथ ने भी पंचायत भवन के निर्माण को ग्राम के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह ने की जबकि संचालन डॉ. ताहिर कुरैशी ने किया। समारोह के दौरान 150 गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। ग्राम प्रधान सलमा के पुत्र साजिद अली ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में ग्राम पंचायत कुतुबपुर में सड़क, नाला, साफ-सफाई सहित अनेक विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 18 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह बहुउद्देशीय पंचायत भवन गांव की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने मंत्री से ग्राम में मिनी स्टेडियम एवं बारात घर



निर्माण की मांग रखी। इस पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने आश्वासन दिया कि भूमि उपलब्ध होते ही बारात घर का निर्माण उनकी निधि से कराया जाएगा तथा मिनी स्टेडियम के लिए शीघ्र ही खेल मंत्री से वार्ता कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम में मास्टर सादिक, प्रवेज अली, सुनील, जाहिद, गुलजार, सुधीर शर्मा, गोधू, मास्टर वीर सेन, तेजपाल, डॉ. रवि, दीपक, दिलशाद, संजय, विजेंद्र, सालिक, नदीम, इरशाद व चंद्रपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख रवि किरण द्वारा अपने आवास पर केबिनेट मंत्री अनिल कुमार व पूर्व विधायक राव वारिस सहित सभी अतिथियों को स्वागत किया गया।

### आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को रोकने में नगर पंचायत मीरांपुर विफल

**मीरापुर।** नगर पंचायत मीरापुर के वार्ड संख्या 5 एवं 10 स्थित पंजाबी कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या आम नागरिकों के लिए गंभीर समस्या बन गई थी। लगातार हो रही घटनाओं में कुत्तों द्वारा कई बच्चों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को काटकर घायल कर दिया गया था, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया था। यह इलाका मुख्य बाजार और बस अड्डे को जोड़ने वाला मार्ग भी है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं और राहगीर आवागमन करते हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मोहल्ले के नागरिकों ने एकजुट होकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को लिखित पत्र सौंपा, जिसमें तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की गई।

# कैंटर-कार की भिड़ंत में चालक बाल बाल बचे

**बुढ़ाना।** दूध से भरे एक केंटर और कार की जोरदार भिडंत हो गयी जबकि दोनों वाहनों के चालक बाल बाल बच गये। दोनों को मामूली सी चोटें आई। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर चौधरी चरण सिंह तिराहे के समीप स्थित मित्तल प्लाइवुड शाप के सामने सोमवार की सुबह लगभग नौ बजे दूध से भरे केंटर और एक कार की आपसी भिड़ंत हो गयी। कार बड़ौत की तरफ जा रही थी तो तभी पीछे से अचानक से एक दूध का केंटर आया। जिसके चालक ने आगे आगे चल रही कार के पीछे की तरफ जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे के होते ही जरा सी देर में मौके पर भारी भीड़ इकठा हो गई। इस घटना में सबसे अच्छी बात यह रही कि कार में बैठी किसी भी सवारी या चालक को चोट नहीं लगी। सभी सुरक्षित रहे लेकिन कार मे टक्कर लगने से कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें लाखों रूपये का नुकसान बताया गया है। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कर भीड़ को हटाया। इस दौरानघ सड़क पर जाम लग गया था। पुलिस ने केंटर के चालक को हिरासत में ले लिया था। समाचार लिखे जाने तक फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था वहीं दोनों पक्षों में फैसले की बात चल रही थी।

# 26 जनवरी के ट्रैक्टर मार्च की सफलता को बनाई रणनीति

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन भारतीय किसान यूनियनघ टिकैत गुट की हुई एक आवश्यक मीटिंग में सर्व सम्मति से यह तय किया गया कि आगामी 26 जनवरी को जनपद मुजफ्फरनगर के पुरकाजी कस्बे में सूली वाला बाग में शहीदों के सम्मान में जो आंदोलन होने जा रहा है उसमें बुढ़ाना क्षेत्र से सैंकड़ों ट्रेक्टर ट्रोलियां, कारें और अन्य वाहन शामिल होंगे।

जिसमें हजारों कार्यकर्ता खतौली तिराहे से एक साथ पुरकाजी के लिए सुबह साढ़े आठ बजे के आसपास कूच करेंगे। यहां मुख्य अतिथि भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बताया कि भारतीय किसान यूनियन गणतंत्र दिवस पर विशाल



ऐतिहासिक ट्रेक्टर मार्च पुरकाजी में निकालेगी। यह मार्च कस्बा पुरकाजी बस स्टैंड से लेकर सूली वाला बाग तक निकलेगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी आज से जनसंपर्क करना शुरु कर दें और 26 जनवरी को अपने प्रतिष्ठान की छुटी रखें। मीटिंग में यासीन जोगिया खेड़ा, वरिष्ठ तहसील बुढ़ाना उपाध्यक्ष सूले चौधरी, जिला संगठन मंत्री विकास प्रधान, पिंटू बालियान, भाकियू बुढाना तहसील उपाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद, नसीम अंसारी, इरशाद, मंजूर राणा रसूलपुर दभेडी, लविश जांगिड, अंकुर बालियान और जमील भनवाड़ा आदि कार्यकर्ताओं की भी मौजूदगी रही।

# सीमा विस्तार पर कड़ाके की ठंड में गर्मायी नगर पंचायत चरथावल की राजनीति

**चरथावल।** नगर पंचायत के सीमा विस्तार पर स्थानीय राजनीति कड़ाके की ठंड मे पूरी तरह गरमा गई है। चेयरमैन इस्लामुद्दीन त्यागी चरथावल देहात की आबादी को नगर पंचायत में शामिल कराकर नगर पंचायत की सीमा विस्तार कराने का प्रस्ताव तैयार कराया था। उन्होंने बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित कराया था। डीएम ने प्रस्ताव की पत्रावली पर आख्या तलब की लेकिन देहात से सहमति नहीं मिल पाई।

चेयरमैन इस्लामुद्दीन त्यागी ने अपना कार्यभार ग्रहण करने के बाद देहात का विकास एवं नगर पंचायत की टैक्स से आमदनी बढ़ने का दावा करते हुए सीमा विस्तार का प्रस्ताव तैयार कराकर जिलाधिकारी को सौंपा था। कस्बे से सटी देहात की सीमा को नगर में मिलाने के लिए उन्होंने बोर्ड बैठक में बाकायदा प्रस्ताव मंजूर कराकर पत्रावली प्रशासनिक अफसरों को भेजी। सन 1860 में चरथावल टाउन एरिया का गठन हुआ था। इसके बाद नगर पंचायत का नाम दिया गया। वर्ष 2011 के जनगणना के मुताबिक करीब 13 हजार की आबादी थी। लेकिन वर्तमान में करीब तीस हजार आबादी चरथावल नगर एवं ग्यारह हजार की आबादी देहात की है **सीमा विस्तार से होगा बड़ा लाभ सभासद गुलफाम उर्फ़ काला** सीमा विस्तार को नगर पंचायत के सभासद गुलफाम काला देहातवासियो के लिए बड़ी सौगात बता रहे है वही इससे नगर पंचायत की भी आय बढ़ेगी और देहातवासियो की भी नगर पंचायत जैसे सुविधा मिलेगी भरपूर विकास होगा **सीमा विस्तार से होगा भरपूर विकास : मोईन त्यागी** युवा नेता मोईन त्यागी कहते है की जहाँ सीमा विस्तार का प्रस्ताव जनहित मे है वही इससे नगर पंचायत को लाभ होगा, देहात मे सफाई व्यवस्था सुचारु होंगी वही देहात वासियो को अन्य सुविधाए भी मिलेगी चेयरमेन प्रत्याशी रहे गौरव त्यागी कहते है की सीमा विस्तार से जहाँ प्रधानी, जिला पंचायत, प्रमुखी के चुनावों मे अपना प्रतिनिधि न चुनने का मौका गवा दिया जायेगा वही देहात बड़ी ग्राम पंचायत है माजरो की अलग ग्राम सभा बन जाए और देहात को अलग कर दिया जाए इससे विकास भी ज्यादा होगा वही चेयरमेन प्रत्याशी रहे वसी त्यागी कहते है की सीमा विस्तार होना चाहिए, मेरी ताऊ ज़ी रहे स्वगल्लय चौधरी फतेहदिन भी सीमा विस्तार के पक्ष मे रहे थे सीमा विस्तार होना चाहिए और देहातवासियो को नगर के जैसी सुविधा मिलनी चाहिए **कस्बे के समान मिलेंगी सहूलियतः चेयरमैन** नगर पंचायत चेयरमेन इस्लामुद्दीन त्यागी कहते है वर्तमान में पत्रावली एसडीएम सदर के यहां लंबित है। देहात के लोगों को सफाई, विकास एवं सुंदरीकरण की सहूलियत चाहते हैं। सीमा विस्तार के टैक्स आदि की वसूली बाद नगर पंचायत की आमदनी बढ़ेगी।और क्षेत्र का भरपूर विकास होगा ।

### शुकतीर्थ ज्ञान गंगा की तपोभूमि : सोनी

**मोरना।** स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग प्रयागराज के निदेशक अनिल कुमार सोनी ने शुकतीर्थ धाम पहुंचकर भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में दर्शन और पूजन किया। सोनी ने कहा कि जीवन में धर्म और आध्यात्म संजीवनी है। शुकतीर्थ का पौराणिक महत्व है, जो भागवत ज्ञान गंगा की उद्गम स्थली है।

निदेशक अनिल कुमार सोनी ने सपत्नीक सिद्ध अक्षय वट की परिक्रमा कर श्री शुकदेव मंदिर में पूजा की। पुरोहित सुमन कृष्ण शास्त्री ने भागवत तपोभूमि की महिमा बताई। निदेशक सोनी ने वीतराग स्वामी कल्याणदेव महाराज के संग्राहलय का अवलोकन कर तीर्थ जीर्णोद्धरक संत विभूति को श्रद्धाजंलि अर्पित की। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने निदेशक को शॉल, शुकतीर्थ साहित्य और प्रसाद देकर आशीर्वाद दिया। सोनी ने कहा कि शुकतीर्थ सनातन धर्म का मुख्य केंद्र है। भागवत कथा जीवन का मार्गदर्शन करती है। युवा पीढ़ी धर्म, आध्यात्म, सत्संग के महत्व को समझे और धार्मिक ग्रन्थों का अध्ययन करें। सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी आंनद कुमार जैन, बिजनोर से वीरेंद्र कुमार, कमला शंकर, वरिष्ठ लेखा परीक्षक मुरारी लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बौद्धिक महाधिवेशन में मेधावी छात्राओं को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित महर्षि दयानंद धाम के प्रांगण में महापुरुषों को समर्पित राष्ट्रीय बौद्धिक महाधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें महापुरुषों को श्रद्धांजलि दे कर याद किया गया। इस दौरान अनेक मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका प्रीति आर्या व सविता राणा आर्या निरूपडा यज्ञ ब्रह्मा रही। अधिवेशन में महापुरुष स्मृति सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह मलिक ने कहा कि भारतवर्ष के इतिहास में अमर बलिदानी वीरवर गोकुला सिंह,1857 क्रांति के अमर शहीद क्रांतिकारी महाराजा नाहर सिंह,अमर संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत ने अपनी वाणी से लोगों में ईश्वर के प्रति आस्था व विश्वास को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जीवनगाथाओं पर आधारित महाग्रंथ लिखा जायेगा तथा जनसंपर्क कर समाज में फैली बुराईयों के प्रति जागरूकता अभियान




चलाया जायेगा।

कार्यक्रम में योगाचार्य ब्रह्मचारी स्वामी रामानंद वेश ने कहा कि वीरांगना नीरा आर्य वैदिक योग गुरुकुल योग समेत अन्य खेलो के जरिए प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर उभारने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में अनेक मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य वक्ता स्वामी देवनाथ महाराज ने कहा कि राष्ट्र के सपूत अमर बलिदानियों के नाम से प्रेरणा स्थल बनने से वीर योद्धाओं की अमर गाथाओं को देख कर युवा वर्ग प्रेरणा ले सकेंगे, हमें अपने महापुरुषों के प्रति खढ़संकल्पित रहे। भारतीय किसान मजदूर उत्थान संगठन के अध्यक्ष सरदार संतोख सिंह सोढ़ी पंवार, ब्रह्मकुमारी प्रवेश बहन, जगपाल सिंह,श्रवण कुमार, स्वामी भजनानंद महाराज मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में लाला जगदीश इंटर कॉलेज के छात्रों ने जीते आठ मैडल

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की शूटिंग रेंज के प्रतिभाशाली शूटर अभिनव देशवाल ने नई दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में अलग-अलग स्पर्धाओं में पांच गोल्ड, दो सिल्वर और एक कांस्य पदक जीत कर शूटिंग रेंज सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया।

विद्यालय की शूटिंग रेंज के कोच अमित कुमार धीमान ने बताया कि 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता नई दिल्ली में 11 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित हुई। जिसमें शूटिंग रेंज के शूटर अभिनव देशवाल ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल, स्टैंडर्ड पिस्टल तथा . 32 बोर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। अभिनव देशवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उक्त सभी स्पर्धाओं में पांच गोल्ड, दो सिल्वर तथा एक कांस्य पदक जीतकर शूटिंग रेंज के साथ-साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया।

उन्होंने बताया कि शूटिंग रेंज के एक अन्य शूटर युवराज सिंह ने भी राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक कांस्य पदक जीता। इसके अतिरिक्त शूटिंग रेंज के अन्य शूटर्स नव्या जैन, शुद्रा तोमर, यामिनी तोमर, अभिनव राठी, दीया चौधरी, सम्राट सिंह, अभिनव देशवाल और युवराज सिंह ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया। जिसके आधार पर इन सभी शूटर्स का चयन इंडिया टीम ट्रायल के लिए हो गया है। अब ये सभी शूटर आगामी 10 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इंडिया टीम ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय कोच अमित कुमार धीमान ने बताया कि शूटिंग रेंज का प्रतिभाशाली शूटर अभिनव देशवाल इससे पहले भी जापान के टोक्यो में आयोजित समर डेफ़लिम्पिक्स प्रतियोगिता में दो गोल्ड और एक सिल्वर मैडल जीतकर भारत का नाम रोशन कर चुका है। शूटर अभिनव देशवाल का चयन नई दिल्ली में फरवरी में आयोजित होने वाली एशियाई चौंपियनशिप के लिए भी हो



गया है। जिसमें वह 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल एवं 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिभाग करेगा। विद्यालय की शूटिंग रेंज के शूटर्स के द्वारा राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किए जाने पर विद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष सूरत सिंह वर्मा, प्रबंधक बाल बहादुर, कोषाध्यक्ष सीए अजय कुमार जैन एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर अखिलेश कुमार शर्मा ने शुभकामनायें प्रदान की। प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कोच अमित कुमार धीमान एवं प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय की शूटिंग रेंज के शूटर्स राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर नाम कमा रहे हैं।

# चेयरमैन मीनाक्षी ने किया नाला निर्माण का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** शहर में जल निकासी के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के प्रयासों के तहत नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप सोमवार को वार्ड-14 में अलमासपुर चौक से कूकड़ा चौक तक बनाए जा रहे नाले के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता, मानक, तकनीकी और सुरक्षा नियमों के अनुपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मौके पर निर्माणाधीन संरचना में लगाई जा रही सरिया और सामग्री की जांच की। स्थानीय नागरिकों से भी संवाद करते हुए निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरिया मानक के अनुरूप ही लगाया जाए तथा निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या निम्नस्तरीय सामग्री बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इंजीनियरों को निर्देशित किया कि नाले की मजबूती, ढलान, जल-निकासी व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिया जाए,




ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से स्थायी निजात मिल सके।

वार्ड 14 में अलमासपुर चौक से कूकड़ा चौक तक बन रहा यह नाला 15वें वित्त आयोग की निधि से 85 लाख रुपये की लागत में तैयार किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष के साथ वार्ड 14 के सभासदपति राहुल पंवार, नगर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, सहायक अभियंता निर्माण नैपाल सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी और ठेकेदार मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने का मामला गर्माया

## तहसील दिवस में एडीएम से की गई पुलिसवालों की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बा कैराना में मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। धार्मिक गुरुओं ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एडीएम को शिकायती पत्र सौंपते हुए पुलिस पर बिना किसी लिखित आदेश के जबरन कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।

सोमवार को जामा मस्जिद के इमाम मौलाना ताहिर के नेतृत्व में मुस्लिम समाज को लोग तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन पत्र एडीएम शामली को सौंपा गया। ज्ञापन पत्र में कहा गया है कि कस्बे की मस्जिदों और इबादतगाहों पर वर्षों से शासन के निर्देशों के अनुरूप एक-एक लाउडस्पीकर लगाए गए हैं, जिनकी आवाज निर्धारित मानकों के भीतर रखी जाती है। इन्हीं लाउडस्पीकरों के माध्यम से नमाज के समय अजान दी जाती है। आरोप है कि बीते कुछ दिनों से कैराना पुलिस द्वारा बिना कोई स्पष्ट आदेश दिखाए मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए जा रहे हैं। मुस्लिम समाज के लोगों का कहना है कि जब पुलिस से इस संबंध में शासनादेश या लिखित निर्देश दिखाने को कहा गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। कई मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाए जा चुके हैं, जिससे धार्मिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो रही है और लोगों में रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ताओं ने जिला. धिकारी से मांग की है कि मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकरों को न उतरवाया जाए और समुदाय को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। इस पर एडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करने तथा नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बाजारों में सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका ने शहर के बाजारों में सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। 1.25 करोड की लागत से बाजारों में नाली और सडक के निर्माण के साथ साथ फैंसी लाईटे लगाई जाएगी।

शहर के बाजारों में पिछले करीब 50 वर्षो से नालियों का निर्माण नही कराया गया था। हाल ही में नगर पालिका बोर्ड बैठक में शहर के बाजारों के सौदर्यकरण का कार्य करने का प्रस्ताव पास किया गया था। जिसके बाद अब नगर पालिका ने टेंडर छोडने के साथ ही शहर के बडा बाजार, आजुध्या चौक, गांधी चौक में सौदर्यकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। सभासद रोबिन गर्ग, पूर्व सभासद मनोज मित्तल ने पहुंचकर कार्यो का जायजा भी लिया। उन्होने बताया कि लंबे समय से बाजारों में कोई कार्य नही हो सका था। अब बाजारों में कार्य होने से बाजारों का चौडीकरण होगा और अतिक्रमण भी खत्म हो सकेगा, जिसमें सभी दुक. ानदारों का सहयोग मिल रहा है। बाजारों की नालियों और सडकों के निर्माण के बाद फैंसी लाईटे भी लगाई जाएगी, जिससे बाजारों में सौदर्यकरण बढेगा।

# संपूर्ण समाधान दिवसः 52 में मात्र 3 शिकायतों का निस्तारण

## फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकताः डीएम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में तहसील शामली के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अतः शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 52 शिकायती पत्र प्राप्त हुए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 03 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।और शेष शिकायतों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, सीएमओ डॉ अनिल कुमार, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द,तहसीलदार शामली मनोज कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। **ऊन।** तहसील ऊन में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित विभागों को निस्तारण के निर्देश दिए।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सीडीओ के समक्ष 23 शिकायतें आईं जिनमें से मोके पर 02 शिकायत का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी,तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। **कैराना।** तहसील के सभागार कक्ष में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आमजन की समस्याओं को लेकर प्रशासन सक्रिय नजर आया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम सत्येंद्र सिंह ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।




सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम सत्येंद्र सिंह ने फरियादियों की शिकायतें एक-एक कर सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एडीएम ने यह भी निर्देशित किया कि जिन मामलों में स्थलीय जांच की आवश्यकता है, वहां अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर समस्या का समाधान करें। एडीएम ने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि समाधान दिवस की भावना के अनुरूप अधिक से अधिक शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हो। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी तह तक जाकर किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार कैराना सतीश यादव,आपूर्ति निरीक्षक मदन पाल सिंह सहित राजस्व, पुलिस, विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मेरठ-करनाल मार्ग पर बाइक के आगे कुत्ता आ जाने से बाइक सवार दो लोग सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डायल-112 पुलिस द्वारा सीएचसी शामली में भर्ती कराया गया, जहां एक की दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सोमवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी मोि. हत पुत्र सुरेन्द्र अपनी कियाना की दुकान का सामान लेने के लिए गांव के ही रजत पुत्र प्रदीप के साथ बाइक पर सवार होकर शामली आ रहा था। बताया जाता है कि जब वह सामान लेकर वापस लौट रहे थे तो काबडौत पुल के निकट अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को शामली सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां मोहित की दशा गंभीर होने के कारण उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## घर से बुला कर युवक के साथ मारपीट, दो भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग पर घर बुलाकर एक युवा के साथ दो लोगों ने लाठी डंडे में धार धार तैयारों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी तै"यब पुत्र उमरदीन ने बताया कि कैराना निवासी दो भाई कस्बे में पहुंचे और पीड़ित को फोन कर घर से बाहर सड़क पर बुला लिया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपी भाइयों ने पीड़ित के साथ लाठी डंडों व धारदार हथियारों से जमकर मारपीट की और घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर आरोपी जान से करने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल युवक के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित ने डाक्टरी परीक्षण करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है।

## सोमवार को रही कम सर्दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में पिछले तीन दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच सोमवार को मौसम ने कुछ राहत दी। दिन में तेज धूप निकलने से लोगों ने ठंड से निजात महसूस की। सुबह से ही धूप खिलने पर लोग घरों की छतों, आंगनों और सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर धूप सेंकते नजर आए। बाजारों में भी दिन के समय कुछ रौनक देखने को मिली और लोग आवश्यक कार्यों के लिए बाहर निकले। हालांकि यह राहत अस्थाई साबित हुई। जैसे ही देर शाम हुई, सर्द हवाओं ने एक बार फिर लोगों को ठिठुरन का अहसास करा दिया। ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट महसूस की गई और लोग जल्दी ही अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

# जिला टैक्स बार एसो. की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन शामली की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को शहर के कैराना रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन, लखनऊ के




संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट हर्ष शर्मा, अध्यक्ष राजपाल यादव, कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल सहित राज्य कर विभाग एवं आयकर विभाग के अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता बार के संरक्षक एडवोकेट अनिल कुमार मित्तल ने की। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन अधिवक्ता अनुराग गॉड एवं अधिवक्ता मोहित गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनव्वर हसन एडवोकेट, उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता एडवोकेट, महासचिव सचिन गोयल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सनुज शर्मा एडवोकेट सहित कार्यकारिणी के अन्य मनोनीत सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अध्यक्ष मनव्वर हसन ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनके सम्मान एवं समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान अध्यक्ष द्वारा अधिवक्ता देशपाल सिंह को वर्कशॉप चेयरमैन तथा अधिवक्ता इमरान अहमद को सूचना प्रभारी मना. ेनीत किया गया। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी सामूहिक प्रयास से संगठन को सशक्त बनाएंगे और अधिवक्ताओं से जुड़े प्रत्एक मुद्दे को प्राथमिकता से उठाएंगे।

## एक नजर

### नव वर्ष मिलन समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब सिनेर्जी द्वारा पारिवारिक वातावरण में नववर्ष मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम सहारनपुर रोड स्थित राधा वाटिका में संपन्न हुआ, जिसमें क्लब के सदस्यों के साथ उनके परिवारजनों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नववर्ष के अवसर पर कार्यक्रम को महिला शक्ति को समर्पित किया गया। समारोह के दौरान दंपत्तियों के लिए कपल गेम्स, बच्चों के मनोरंजन के लिए टेडी डांस का आयोजन किया गया। सर्द मौसम को देखते हुए बोनफायर की व्यवस्था के साथ-साथ सभी के लिए डिनर की भी विशेष व्यवस्था की गई। इसी अवसर पर क्लब द्वारा लायंस क्लब सिनेर्जी जैकेट का विधिवत शुभारंभ किया गया, जो क्लब की एकता और पहचान का प्रतीक बताया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कृष्ण की लीलाओं का किया भावपूर्ण वर्णन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। कथावाचक द्वारिका प्रसाद द्वारा राजा परीक्षित और सुखदेव महाराज के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण की 16 कलाओ का भावपूर्ण व्याख्यान किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर भगवान कृष्ण की लीलाओ और उनके दिव्य स्वरूप का श्रवण करते रहे। सोमवार सुबह पंडितों ने यजमान वीरेन्द्र दत्त सेमवाल द्वारा पूजा करकर दोपहर एक कथा का शुभारंभ किया। कथावाचक द्वारिका प्रसाद ने सुनाया कि राजा परीक्षित को श्राप मिलने के बाद सुखदेव महाराज द्वारा उन्हें मद् भागवत कथा का उपदेश दिया गया, जिससे मानव जीवन को सही दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की 16 कलाएं उनके संपूर्ण और पूर्णावतार होने का प्रमाण हैं, जिनमें धर्म, करुणा, प्रेम, नीति और न्याय का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। इन कलाओ को आत्मसात कर मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओ ने जयकारो के साथ कथा का आनंद लिया। आयोजन में पाल गोयल, महेंद्र शर्मा, अशोक, विपिन गुप्ता, मनीष और पंकज सहित अन्य श्रद्धालुओ की उपस्थिति रही। कथा के अंत में आरती कर सभी के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की गई।

### नाबालिग से अश्लील कॉल, विरोध पर परिवार से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के एक मोहल्ले में नाबालिग किशोरी से मोबाइल फोन पर अश्लील बातचीत करने और शिकायत करने पर पूरे परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार उसकी करीब 13 वर्षीय पुत्री को पड़ोस में रहने वाला युवक शाहबान लगातार फोन कर अश्लील बातें करता था, जिससे किशोरी मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। इसकी जानकारी समाज के जिम्मेदार लोगों को दी गई, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परेशान होकर परिजनों ने घर का मोबाइल नंबर बदल दिया, इसके बावजूद आरोपी ने पिता के मोबाइल पर कॉल कर गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि गत चार जनवरी को शिकायत करने पर शाहबान के परिजन मुस्तफा, शाकिर, शाहबान, राशिद व शौकत अन्य लोगों के साथ पीड़ित के घर पहुंचे और रिजवान, उसकी पत्नी व नाबालिग पुत्री के साथ मारपीट की। इस दौरान महिला के कपड़े फाड़ दिए गए और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### नाली की सफाई को लेकर भिड़े दबंग, महिलाओं से मारपीट, चार पर मुकदमा

**कैराना।** क्षेत्र के ग्राम बराला कुकरहेड़ी में नाली की सफाई को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दबंगों द्वारा एक परिवार के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बराला कुकरहेड़ी निवासी मुस्तफा पुत्र यासीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। आरोप है कि पड़ोसी कवर पुत्र कामा आए दिन उससे गाली-गलौच और धमकियां देता रहता है। पांच जनवरी की सुबह करीब नौ बजे जब वह अपने घर के बाहर नाली की सफाई कर रहा था, तभी कवर पुत्र कामा और सोनू पुत्र कवर ने कूडा उठाने को लेकर विवाद खड़ा कर दिया।शोर-शराबा होने पर सोनू पुत्र लियाकत और जलालू पुत्र जबरा भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि चारों ने एकराय होकर मुस्तफा, उसकी माता जमीला तथा ससुराल से आई उसकी सास बलकीसा के साथ बेल्टों और लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे तीनों को चोटें आईं। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और थाने आने की बात कहकर चली गई। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद भी दबंगों ने उसे धमकी दी कि यदि वह थाने गया तो अंजाम बुरा होगा। कोतवाली कैराना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जतिन का निशानेबाजी में शानदार प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 14 दिसंबर से 3 जनवरी तक तुगलकाबाद, नई दिल्ली में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाज जतिन निर्वाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

शहर के कांबोज कॉलोनी निवासी नेशनल शूटर जतिन निर्वाल ने एयर पिस्टल वर्ग में 600 में से 581 अंक हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इससे पूर्व दिसंबर माह में भोपाल में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में भी शामली राइफल क्लब के निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। ग्राम कुड़ाना निवासी उत्सव मलिक ने एयर राइफल टीम वर्ग में स्वर्ण पदक, ग्राम महावतपुर निवासी निखिल पुंडीर ने .22 राइफल थ्री पोजीशन जूनियर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक तथा ग्राम मादलपुर निवासी अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज पियूष शर्मा ने एयर राइफल जूनियर टीम वर्ग में स्वर्ण एवं सीनियर टीम वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया था। सोमवार को कलेक्ट्रेट शामली में डीएम अरविंद चौहान एवं एसपी एनपी सिंह ने जतिन निर्वाल एवं उत्सव मलिक को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शामली राइफल क्लब अध्यक्ष मुकेश चौधरी, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, तहसीलदार सदर मनोज, तहसीलदार गौरव उपस्थित रहे। विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ नेशनल शूटर ऋषभ चौधरी, रचित चौधरी, अभिषेक तोमर, अंकुर पाल (एयर पिस्टल वर्ग) तुगलकाबाद, नई दिल्ली में तथा ऋत्विक पाल, अक्षित निर्वाल, विधान प्रताप सिंह पुणे (महाराष्ट्र) में 10 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाले टीम इंडिया ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे।

# मजदूरी की पेशगी दी रकम वापस मांगने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गन्ने की मजदूरी के बकाया रूपए मांगने पर एक युवक के साथ लाठी-डंडों व बेल्टों से मारपीट करने का मामला सामने आया है।

खुरगान निवासी आजम पुत्र हनीफ ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि करीब एक माह पूर्व जावेद पुत्र तैयब उसे गन्ने की मजदूरी पर अपने साथ लेकर गया था। जावेद ने केवल दस दिन ही काम कराया, जबकि मजदूरी के रूप में उसे 19 हजार 500 रूपए दे दिए गए। इसके बाद जावेद बिना बताए काम छोड़कर बिहारीगढ़, जनपद सहारनपुर चला गया। कुछ समय बाद लौटने पर आजम ने उससे शेष बकाया 13 हजार 500 रूपए मांगे, लेकिन आरोपी ने रूपए देने से इंकार कर दिया। आरोप है कि विगत तीन जनवरी की शाम करीब सवा छह बजे जब आजम गांव में सामान लेने जा रहा था और जैसे ही वह राजकीय इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा, तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जावेद, सावेज व अरशद पुत्रगण तैयब वहां पहुंचे। इसी दौरान अमजद पुत्र अ"यूब भी मौके पर आ गया। चारों ने मिलकर आजम को घेर लिया और लाठी-डंडों व बेल्टों से जमकर मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर मौके पर ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रक की चपेट में आकर मां-बेटा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा कैराना निवासी हसीब अपनी मां समीना के साथ बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर जनपद के कस्बा शाहपुर में रिश्तेदारी में गया हुआ था। वापस लौटते समय जैसे ही वह गांव भभीसा के पास पहुंचे, तभी एक ट्रक ने उनकी बाइक



को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी एक महिला ने पड़ोस के कई लोगों पर उसके दो पुत्रों के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी महिला नजमा पत्नी सलीम ने बताया कि दोपहर के समय वह घर पर बैठी हुई थी तभी पड़ोस के कई लोग पीड़ित के घर पर पहुंचे और उसके दो पुत्रों के साथ जमकर मारपीट की और शराब होने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरे पक्ष के कासिम ने भी थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भक्ति-वैराग्य का अनुपम संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नारायण कुटुंब ट्रस्ट के तत्वावधान में वृंदावन में शामली के प्रसिद्ध कथा वाचक चंचल शर्मा ने मद्भागवत कथा सप्ताह के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और वैराग्य का अनुपम संगम बिखेरा। कथा व्यास आचार्य चंचल शर्मा ने भीष्म स्तुति एवं राजा परीक्षित को प्राप्त श्राप के प्रसंग की अत्यंत भावपूर्ण और सारगर्भित व्याख्या कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आचार्य चंचल शर्मा ने भीष्म पितामह के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए धर्मनिष्ठा, त्याग और भगवान कृष्ण के प्रति अटूट समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भीष्म पितामह ने जीवन के अंतिम क्षणों में भगवान कृष्ण का स्मरण कर परम गति प्राप्त की, जो प्रत्एक मानव के



लिए अनुकरणीय आदर्श है। राजा परीक्षित को प्राप्त श्राप के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होने वाणी की मर्यादा, अहंकार के दुष्परिणाम और समय के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यही प्रसंग आगे चलकर मद्भागवत महापुराण के अवतरण का कारण बना, जो संपूर्ण मानवता के कल्याण का महान ग्रंथ है।

# संदिग्ध हालात में लगी आग, मकान का लाखों का सामान जलकर राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मध्य रात्रि एक व्यक्ति के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि समय रहते परिवार के सभी सदस्य बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग की घटना में मकान के भीतर रखा लाखों रूपए का घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया।

आग की वजह से मकान की लकड़ी की छत भी भरभराकर गिर गई और सारा मलबा नीचे बिखर गया। क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी अरशद पुत्र लियू के मकान में देर रात अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मकान स्वामी के साथ मिलकर घंटों की मशक्कत के बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक आग मकान के अधिकांश हिस्से को नुकसान पहुंचा चुकी थी।

पीड़ित के अनुसार आग से घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, अनाज, जरूरी कागजात और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। मकान की छत लकड़ी की होने के कारण आग की चपेट में आकर गिर गई, जिससे नुकसान और बढ़ गया। घटना के बाद परिवार के सामने रहने और रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है।आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकेगी। पीड़ित मकान स्वामी अरशद ने इस हादसे को लेकर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है।

# फरार गैंगस्टर फिरोज खान गिरफ्तार, परिजनों ने किया पुलिस पार्टी का घेराव





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर शासन-प्रशासन के कार्य में बाधा डालने और धमकी देने के आरोप में फरार चल रहे गैंगस्टर फिरोज खान को पुलिस ने सोमवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान और बाद में उसके परिजनों के विरोध के चलते थाने पर हंगामे की स्थिति बन गई। महिला पुलिस, एसओजी टीम और थाना झिंझाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद परिजनों और समर्थकों ने थाने के बाहर भीड़ जमा कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने सख्ती से स्थिति को नियंत्रित करते हुए भीड़ को हटाया और शांति व्यवस्था कायम की। इसके बाद आरा. पी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए ले जाया गया। गौरतलब है कि हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर फिरोज खान पर गंभीर धाराओ में 21 मुकदमे दर्ज हैं। लगभग 30 करोड़ रूपए की उसकी अर्जित संपत्ति को 25 दिसंबर 2025 को जिला प्रशासन द्वारा कुर्क किया गया था। इसके बाद से वह सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर स्वयं को बेकसूर बताते हुए पुलिस एनकाउंटर की आशंका जता रहा था। इसी कड़ी में, सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के संबंध में पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था । आरोपों में सार्वजनिक शांति भंग करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार जैसे गंभीर अभियोग शामिल हैं। फेसबुक पर वायरल हुए वीडियो में झिंझाना थाने से संबंधित घटनाओं को दर्शाया गया था। जांच में पाया गया कि फिरोज खान पुत्र अजीम खान, झिंझाना, उमर खान पुत्र दिलशाद खान, रजाक नगर रोड, झिंझाना, तथा शोबी पत्नी जावेद, ग्राम टपराना, ने पुलिस कार्यवाही का विरा. ध करते हुए पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया था। आरोप है कि इन लोगों द्वारा वीडियो वायरल कर सार्वजनिक शांति भंग करने की आशंका पैदा की गई तथा सरकारी आदेशों के पालन में बाधा डाली गई। मामले में शांति भंग, सरकारी कार्य में अवरोध, पुलिस के साथ दुर्व्यवहार, आत्महत्या के प्रयास तथा धमकी देने जैसे आरोप भी शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि गैंगस्टर अधिनियम के मामले में फिरोज खान की गिरफ्तारी पर न्यायालय से स्टे है उस मामले में गिरफ्तारी नहीं की गई है। बल्की फिरोज द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर आत्महत्या की धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में दर्ज मुकदमे में उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मुकदमे में फिरोज की भतीजी शोबी निवासी टपराना और उमर निवासी झिंझाना भी नामजद है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

### फिरोज ने कई वीडियो वायरल कर अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप'

पुलिस-प्रशासन द्वारा संपत्ति कुर्क करने के छह दिन बाद गैंगस्टर फिरोज खान ने सोशल मीडिया पर पहला वीडियो वायरल किया था। वायरल वीडियो में फिरोज ने पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने एनकाउंटर की आशंका जताई थी। उसने कहा था कि गैंगस्टर के मामले में गिरफ्तारी पर न्यायालय से स्टे होने के बाद प्रशासन ने उसकी संपत्ति को कुर्क कर अपने बोर्ड लगाए। फिरोज के परिवार की महिलाओं का वीडियो सामने आया। वीडियो में महिलाओं ने पुलिस पर थाने बुलाकर वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। फिर फिरोज ने दूसरा वीडियो वायरल किया, जिसमें पुलिस पर फर्जी मुकदमे दर्ज करने की धमकी देकर वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए खुद को जंजीर बांधकर हाउस अरेस्ट होना बताया। इसके बाद एक और वीडियो वायरल कर फिरोज ने जौनपुर में महिला से दुष्कर्म के मुकदमे का आरोप लगाया था।

## सेठपाल पांचाल बने अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के प्रदेश अध्यक्ष



**शामली।** सोमवार को शहर के बुढ़ाना रोड स्थित आनंद भवन में अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ की एक सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल पांचाल ने शहर के प्रमुख समाजसेवी व सभासद सेठपाल पांचाल को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। सोमवार को आयोजित बैठक में सम्पूर्ण विश्वकर्मा समाज के धीमान, जांगिड, पांचाल, टांक आदि की संस्था को एकजुट करने का आहवान किया गया। बैठक में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल पांचाल ने कहा कि समाज को एकजुट करने का सभी को प्रयास करना चाहिए। समाज में फैली बुराईयों को दूर करे और बच्चों को शिक्षित करे। इस दौरान उन्होने शामली के प्रमुख समाजसेवी सेठपाल पांचाल को प्रदेश अध्यक्ष, विनोद पांचाल को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया। जिनका सभी ने फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारणी का विस्तार करते हुए अमित विश्वकर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विरेन्द्र विश्वकर्मा को प्रचार मंत्री, दिनेश धीमान को कार्यकारणी सदस्य मनोनीत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेशचंद विश्वकर्मा व संचालन विनोद पांचाल ने किया। इस अवसर पर सुधीर धीमान, महेश धीमान, वेदप्रकाश आर्य, मुकेश जांगिड, मनोज पांच. ाल, गौरव विश्वकर्मा, अंकुर आर्य, प्रवीन पांचाल आदि मौजूद रहे।

# लोकदल ने नियुक्त किए बूथ कमेटी प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर संगठन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान तीनों विधानसभाओं में विधानसभा बूथ कमेटी प्रभारियों की नियुक्ति की गई। कैराना विधानसभा से अशोक चेयरमैन, शामली विधानसभा से नीरज पंवार तथा थानाभवन विधानसभा से डॉ। सऊद हसन को मनोनयन पत्र सौंपे गए।

बैठक में आगामी जिला पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रत्एक जिला पंचायत वार्ड पर 11 सदर्स्इय टीम गठित करने और बूथ कमेटियों के गठन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चेयरमैन ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नीति संगठन को बूथ से लेकर जिला स्तर तक सशक्त बनाने की है। बैठक में तय की गई रणनीति आगामी जिला पंचायत चुनाव में पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी। जिला अध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने कहा कि तीनों विधानसभाओं में बूथ कमेटी प्रभारियों की नियुक्ति से संगठन को नई दिशा मिलेगी। प्रत्एक जिला पंचायत वार्ड पर 11 सदर्स्इय टीम का गठन कर रालोद पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है और बैठक में लिए गए निर्णय पार्टी को निर्णायक बढ़त दिलाएंगे।

बैठक में प्रदेश महासचिव ऋषिराज राझड़, देशराज भनेड़ा, विक्रांत जावला, लेबनान चौधरी, शौकत जंग, राजन जावला, राज सिंह, बाबूराम पंवार, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र वर्मा, उमरदीन मंसूरी, विश्वप्रताप सिंह, अमित लांक, अंकित जैन, सनोज चौधरी, अब्दुल गफ्फार आदि मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने किया पीएसी वाहिनी के भवनों का निरीक्षण

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने आज संयुक्त रूप से जनपद शामली के ऊंचा गांव में 233.45 करोड़ की लागत से बन रही नई पीएसी वाहिनी के आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने संबंधित से निर्माणाधीन पीएसी के निर्माण कार्य की प्रगति जानी गई, जिसमें संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य प्रारंभ की तिथि 16.8.2024 व निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि 15.8.2026 निर्धारित है। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने टाइप-5 बिल्डिंग, बी-2 बिल्डिंग और बैरक 300 बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुए लैब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सर्वप्रथम कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रोजेक्ट मैनेजर सूबेदार सिंह यादव द्वारा साइट के प्लान को 3क मॉडल के माध्यम से प्रगति को समझाया। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा टाइप-5 बिल्डिंग, बी-2 बिल्डिंग और बैरक 300 बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुए लैब का निरीक्षण करते हुए बी-2 बिल्डिंग और बैरक 300 बिल्डिंग में निर्माण कार्य की गुणवत्ता को चेक किया जो संतोषजनक पाई गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा मटेरियल लैब में मटेरियल की गुणवत्ता को चेक किया जो संतोषजनक पाई गई। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा मीटिंग हॉल में साइट बुक का निरीक्षण किया गया उसमें जो भी कमी दिखी उसमें सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदाई संस्था को कड़े निर्देश दिए।

# जल निकासी न होने से गंगारामपुर खेड़की की गलियां हुई जलमग्न, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गंगारामपुर खेड़की गांव में जल निकासी की व्यवस्था न होने से कई मोहल्लों की गलियां पानी से लबालब हैं। पिछले तीन वर्षों से जलभराव की समस्या झेल रहे ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन कर ग्राम पंचायत के खिलाफ नारा. जगी जताई। कश्यप और कोरी मोहल्ले के लोग सबसे अधिक प्रभावित हैं।

चौसाना क्षेत्र के गंगारामपुर खेड़की में जल निकासी न होने के कारण गलियों में भरा पानी लोगों की दिनचर्या पर भारी पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश या नालियों का पानी जमा होते ही गलियां तालाब में तब्दील हो जाती हैं। कश्यप और कोरी मोहल्ले की गलियों में हालात सबसे बदतर हैं, जहां लंबे समय तक पानी भरा रहता है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए पानी से होकर निकलना पड़ता है, जिससे उनके कपड़े खराब होने के साथ-साथ फिसलने और बीमार होने का खतरा बना रहता है। बुजुर्गों और महिलाओं को भी घर से बाहर निकलने में परेशानी होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर पिछले तीन सालों में कई बार ग्राम पंचायत में शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिले। जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और दुर्गंध से माहौल खराब हो रहा है। लोगों में इस बात को लेकर नारा. जगी है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

सोमवार को परेशान होकर कश्यप और कोरी मोहल्ले के परिवारों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विकास कश्यप, रवि, विनोद, राजवीर कोरी, सोनिया, देवेंद्र, ऋषिपाल, जोगिंदर, सतवीर और राजीव सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

ग्राम पंचायत सचिव राजीव कुमार ने बताया कि गलियां नीची हैं और आगे का क्षेत्र ऊंचा होने के कारण पानी भर जाता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल टुल्लू पंप लगाकर पानी निकलवाया जाएगा और स्थाई समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

# कुत्तों का आतंक, अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सोमवार को दो दिन की छुट्टी के बाद सरकारी अस्पताल खुलते ही आवारा कुत्ते, बिल्ली व बंदर के काटने से घायल महिला, पुरुष और बच्चों की भारी भीड़ अस्पताल परिसर में उमड़ पड़ी। अचानक बड़ी संख्या में मरीज पहुंचने से कुछ समय के लिए अस्पताल कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। चिकित्सकों व फार्मासिस्टों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई और उन्हें आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी। कस्बा व आसपास के गांवों में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोग इनके हमलों का शिकार हो रहे हैं। सोमवार को अस्पताल पहुंचे घायलों में कस्बा निवासी हिमांशु, भभीसा निवासी पुनीत, घसौली निवासी बच्चे सृष्टि व कार्तिक, भारसी निवासी बालक पुनीता, चारु चौधरी, लिसाढ़ निवासी शिवांशी, पंजखोरा निवासी कृष्णपाल, डुंगर निवासी किशोरी,हिमांशी, सरनावली निवासी संजीव तथा कांधला निवासी देवकुमार, बिट्टू व शिवम शामिल रहे। सभी को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर प्रसाद ने बताया कि सभी पीड़ितों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाकर प्राथमिक उपचार दे दिया गया है। जिन मरीजों की हालत गंभीर थी, उन्हें सीरम इंजेक्शन के लिए दिल्ली के अस्पताल रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध रहती है।घायल पीड़ितों व उनके परि. जनों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद आवारा कुत्तों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। गलियों व सड़कों पर कुत्तों के झुंड घूम रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। पीड़ितों ने नगर व क्षेत्र से आवारा जानवरों पर जल्द नकेल कसने की मांग की है। पालिका लिपिक अशोक कुमार का कहना है कि प्रशासन को आवारा जानवरों पर नकेल करने के लिए अनुमति मांग रखी है अनुमति मिलते ही अभियान चलाकर बंदरों व आवारा कुत्तों को पकड़ा जाएगा।

## कार सवार पर फायरिंग का आरोपी अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना पुलिस ने जानलेवा हमले के एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस द्ध315 बोरऋ भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, बीते 31 दिसंबर को ग्राम तितरवाड़ा निवासी सरवर उर्फ कल्लू पुत्र अ"यूब ने थाना कैराना में तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया कि वह अपनी कार से गांव के साथी मनव्वर पुत्र भूरा और भाई नदीम के साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही सावेज पुत्र इरफान, सूफियान पुत्र शाहिद और एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए और कार में टक्कर मार दी। इसके बाद आरोपियों ने गोली चलाकर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना के संबंध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन व व्यक्ति चेकिंग अभियान के तहत सोमवार को यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में कैराना पुलिस ने ग्राम बुच्चाखेड़ी के जंगल से वांछित अभियुक्त सूफियान पुत्र शाहिद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस द्ध315 बोरऋ बरामद किए हैं। मामले में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को भवनों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** लंबे समय से तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना की मांग की जा रही थी इस प्रकरण में उप जिलाधिकारी द्वारा भवन उपलब्ध कराने हेतु रिपोर्ट भेजी थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सहमति जताते हुए रिपोर्ट जिला जज को भेज दी गई थी सोमवार को जिला जज के निर्देश पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने भवनो का निरीक्षण किया जिससे तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना शीघ्र होने की संभावना बन गई है। तहसील ऊन में ग्राम न्यायालय की मांग को लेकर करीब दो माह से अधिवक्ता हड़ताल पर थे अधिवक्ताओं द्वारा अस्थाई रूप से ग्राम न्यायालय की स्थापना हेतु तहसील में भवन देने की मांग की जा रही थी जिस पर उप जिलाधिकारी ने संदीप त्रिपाठी ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी थी जिसमें तहसील परिसर में स्थित भवन देने की स्वीकृति दी गई थी रिपोर्ट को जिलाधिकारी अरविंद चौहान ने जिला जज इंदरप्रीत सिंह जोश को भेज दिया था जिला जज द्वारा सोमवार को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी योगेंद्र सिंह कोर्ट अमीन विनीत कुमार को तहसील में भवन के निरीक्षण हेतु भेजा दोनों अधिका. रियों ने उप जिला अधिकारी से वार्ता की तथा भवन का निरीक्षण कर रिपोर्ट जिला जज को सौपने की बात कही दूसरी और अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन द्वारा ग्राम न्यायालय की स्थापना में सहयोग करने तथा टीम द्वारा भवन के निरीक्षण करने के उपरांत हड़ताल वापस लेने की घोषणा की है जिससे शीघ्र तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना होने की उम्मीद जगी है।

### साहब! मेरा प्रमोशन व मानदेय दिला दो...



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** साहब मेरा प्रमोशन तथा मानदेय दिला दो यह कहते महिला की आंखों में आंसू आ गए तथा उन्होंने अपनी शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में आए मुख्य विकास अधिकारी विनय तिवारी को सौंप दी जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सीडीपीओ को समाधान करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी विनय तिवारी को गांव दथेडा में आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर तैनात अनीता पत्नी मांगेराम ने एक प्रार्थना पत्र दिया तथा कहा कि साहब मेरा प्रमोशन तथा मानदेय दिला दो यह कहते इसकी आंखों में आंसू आ गए मुख्य विकास अधिकारी ने कार्रवाई का भरोसा दिया। गांव दथेडा में अनीता पत्नी मांगेराम वर्ष 2006 से आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर तैनात है आरोप है कि उसका प्रमोशन आंगनबाड़ी के पद पर हो गया है जिसका मानदेय भी उसके खाते में आ रहा है लेकिन विभाग के अधिकारी सीडीपीओ बाबर खान संविदा लिपिक प्रदीप कुमार तथा पूर्व में तैनात सुपरवाइजर शोभा पांचाल ने साठगाठकर उसकी जगह दूसरी आंगनबाड़ी सहायिका अनीता पत्नी प्रमोद का फर्जी अभिलेखों के आधार पर प्रमोशन कर रहे हैं तथा अब उसका खाता भी बदलवाने की बात हो रही है ।शिकायत करने पर पीड़िता के खिलाफ कार्रवाई की धमकी भी दी जा रही है पीड़िता ने पूरे प्रकरण की जांच किसी अन्य विभाग के अधिकारी से करने की मांग की है इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने सीडीपीओ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।



## मकान निर्माण रोकने पहुंची राजस्व टीम को ग्रामीणों का विरोध, टीम लौटी वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां में मकान निर्माण रुकवाने पहुंची राजस्व विभाग की टीम को ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के आक्रोश के चलते राजस्व विभाग की टीम को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा।गांव गढ़ी मियां निवासी सादीन गांव के बाहर अपने मकान का निर्माण करा रहा था। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने राजस्व विभाग को सूचना दी कि सादीन खाद के ग्गों की भूमि पर मकान निर्माण कर रहा है। सूचना पर लेखपाल आदित्य व कानूनगो धर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया।राजस्व टीम के पहुंचते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग बिना किसी ठोस कारण के ग्रामीणों को परेशान कर रहा है, जबकि सादीन का परिवार पिछले करीब पचास वर्षों से उक्त स्थान पर निवास कर रहा है।वहीं लेखपाल आदित्य ने बताया कि सादीन का मकान खाद के ग्गों की जमीन पर बना हुआ है और पुराने मकान को तोड़कर नया निर्माण किया जा रहा था। फिलहाल मकान निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है।--

# किसानों ने गन्ना भुगतान सहित कई मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**देवबन्द।** किसानों का गांगनौली शुगर मिल पर गन्ने का बकाया भुगतान कराने सहित अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (रक्षक) ने एसडीएम कार्यालय प्रांगण में धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन दिया।

भारतीय किसान यूनियन (रक्षक) ने गांगनौली शुगर मिल से किसानों के गन्ने का भुगतान कराने समेत अन्य मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय प्रांगण में धरना प्रदर्शन करने के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेंद्र सिंह ओहलान ने कहा कि गांगनौली शुगर मिल गन्ना मूल्य भुगतान में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं कर रही है। चीनी मिल प्रबंधन ने चालू पेराई सत्र का गन्ना मूल्य भुगतान अभी तक नहीं किया है। जबकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश 14 दिन के भीतर भुगतान करने का है। कहा कि तहसील में अधिकांश तालाबों पर लोगों ने कब्जे कर रखे हैं। तालाबों को कब्जा मुक्त कराकर नागल, बढ़ेडी, मीरपुर व फतेहपुर सडक से अतिक्रमण शीघ्र हटवाया जाए। बिजली राहत योजना में समस्त रूके बिलों पर छूट दिलाने और पीएम अमृत जल योजना में गांवों में तोड़ी गई सड़कों की तुरंत मरम्मत कराए जाने की मांग की। इसके बाद समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन प्रेषि किया गया। युवा तहसील अध्यक्ष मोहित चौधरी, बिल्लू त्यागी, सूभे सिंह मलिक, जितेंद्र, ललित सैनी, रोहित, कलीम आदि किसान शामिल रहे।

# वृद्ध का ट्रेन से गिरकर कटा पैर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ट्रेन से उतरते समय वृद्ध फिसलकर निचे जा गिरा जिससे उसका एक पैर कट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के दौरान गांव सलोनी पीर माजरा निवासी 65 वर्षीय सुंदरलाल फिसल कर नीचे गिर गए जिससे उनका एक पैर कट गया। वह सहारनपुर से दिल्ली जा रही सुपरफास्ट ट्रेन में सवार होकर देवबंद पहुंचे थे। गंभीर अवस्था में जीआरपी द्वारा उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उनके परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। चिकित्सकों ने नाजुक हालत को देखते हुए वृद्ध को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्तदान से बड़ा कोई और पुण्य कार्य नहीं है: राणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सिद्ध चैरिटेबल ब्लड सेंटर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के 28 लोगों ने जरूरतमंद रोगियों की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान किया।

नगर की गांधी कालोनी में सिद्ध चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष ठा. गजराज सिंह राणा ने उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि रक्तदान महादान है, इससे हम किसी के अनमोल प्रांण बचा सकते हैं। इसलिए ऐसे पुण्य कार्यो के लिए लोगों आगे आना चाहिए। उन्होंने सभी ऐसे आयोजनों में बढ़ चढकर भाग लेने का आह्वान किया।





शिविर में नगर क्षेत्र के 28 लोगों ने रक्तदान किया। डा. निकाय सिंह, शुभम राणा, कृष राणा, डा. विरेंद्र, डा. सतीश, अश्वनी आदि लोग शामिल रहे।

# उलेमाओं ने की मदरसा छात्रों की दस्तारबंदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** दारुल उलूम फारूकिया में आयोजित वार्षिक जलसे में दारुल उलूम देवबंद के शेख सानी मुफ्ती मोहम्मद अमीन पालनपुरी ने छात्रों को हदीस की किताब मिश्कात शरीफ का अंतिम पाठ पढ़ाया। जलसे में मदरसे से फारिग होने वाले छात्रों की दस्तारबंदी (पगड़ी) की गई।

ईदगाह रोड पर दारुल उलूम फारूकिया में आयोजित मदरसे के 17वें सालाना जलसे का आगाज छात्र मोहम्मद शोएब ने कुरआन करीम की तिलावत कर किया। छात्रों को मिश्क.त शरीफ का अंतिम पाठ पढ़ाने के उपरांत मुफ्ती अमीन पालनपुरी ने कहा कि इस्लाम सलामती का मजहब है। मदरसा छात्रों की जिम्मेदारी है कि वह इस्लामी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारते हुए दुनिया के इस्लाम की सही तस्वीर पेश करें। कहा कि इल्म ही एक ऐसी दौलत है जो बांटने पर बढ़ती है। इसलिए उन्होंने जो कुछ यहां रहकर सीखा है वह दूसरों तक जरूर पहुंचाएं। मुफ्ती मोहम्मद आदिल, मौलाना अफजल बस्तवी, कारी जमशेद ने भी छात्रों को नसीहतें की। इस दौरान मदरसे से फारिग होने वाले छात्रों, मुफ्तियों और हाफिजों





दस्तारबंदी की गई। अध्यक्षता मोहत.मिम मौलाना नूरुल हुदा कासमी ने की। मौलाना रहमतुल्लाह नूर कासमी, मुफ्ती इफ्तिखार, मौलाना मेराज, मुफ्ती मोहम्मद तसलीम, मौलाना अब्दुल रहमान, मुफ्ती मोहम्मद अतहर, मौलाना असजद, मौलाना अब्दुल माजिद, कारी अहबाब, डा. साकिब, परवेज आदि छात्र व उस्ताद शामिल रहे।

# चिकित्सक पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** चिकित्सक पर युवक के उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई है, जिस पर पुलिस जांच में जुट गई है।

रविदास मार्ग निवासी एक युवक गत 16 दिसंबर को सांपला मार्ग से पैदल गुजर रहा था, इस दौरान गड्ढ़े में पैर गिरने के चलते उसकी हड्डी टूट गई थी। परिजनों ने उसे अशफाकउल्लाह खां मार्ग (मजन.ूवाला) स्थित एक चिकित्सक के यहां भर्ती कराया था। आरोप है कि उपचार में बरती गई लापरवाही के चलते अक्षय की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने उसे मुजफ्फरनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसके जांच के बाद चिकित्सकों ने लापरवाही से उपचार की वजह से पैर में गंभीर इंफेक्शन बताया। मामले में युवक की मां की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जिसे जांच के लिए संबंधित पुलिस चौकी पर भेजा गया है। हालांकि चिकित्सक युवक के उपचार का सभी खर्च वहन करने के लिए तैयार हो गया है। यदि उसके बाद वह पीड़ित पक्ष कार्रवाई के लिए आता है तो शिकायत सीएमओ को भेजी जाएगी। बता दें, कि इससे पूर्व भी चिकित्सक पर उपचार में लाप.रवाही के आरोप लगते रहे हैं।

# खिचड़ी उत्सव में भक्तजनों ने लिया भाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव के 15वें दिन सोमवार को ठाकुर श्री राधा नवरंगी लाल महाराज को इमरती व रबड़ी का भोग लगाया गया।

प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। ठाकुर जी का मंगला दर्शन, छदम भेष और श्रृंगार दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान प्रस्तुत पदावलियों में श्री कुंजीलाल पिय की बातन की घातन जानन हारी, खिचड़ी राधा वल्लभ जू को प्यारी, किशमिश दाख चिरौंजी पिस्ता अदरक सौ रूचिकारी और दही कचरिया वर संधाने बरा पापर बहु तरकारी आदि का गायन किया गया। मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी ने बताया आसपास ही नहीं दूर दराज से भक्तजन पहुंचकर श्री राधा नवरंगी लाल महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

## सर्दी के मौसम में नगर निगम की नई पहल

**मुरादाबाद।** सर्दी के मौसम में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए मुरादाबाद नगर निगम ने एक सराहनीय और आधुनिक पहल की है। नगर निगम द्वारा शहर में रोड सेफ्टी मॉडल लागू करते हुए प्रमुख और व्यस्त मार्गो पर रेडियम पट्टियां और बोलार्ड लगाए गए हैं, ताकि वाहन चालकों को सुरक्षित मार्गदर्शन मिल सके और हादसों में कमी लाई जा सके।नगर निगम की इस पहल के तहत दिल्ली रोड, रामपुर रोड और कांठ रोड जैसे तीन प्रमुख मार्गों पर विशेष रूप से रेडियम पट्टियां लगाई गई हैं।

# दहेज सामाजिक बुराई है: गोरा

**देवबन्द।** दहेज को सामाजिक बुराई मानने के बावजूद समाज में दोहरापन दिखाई दे रहा है जो कि चिंता का विषय है। इस पर गंभीर विचार कर समाज में फैली बुराई को दूर करना चाहिए।

जमीयत दावातुल मुस्लिमीन के संरक्षक कारी इस्हाक गोरा ने जारी अपने बयान में कहा है कि लोग को दहेज को सामाजिक बुराई बताकर बड़ी बड़ी बातें तो करते हैं लेकिन जब बात अपने घरों और रिश्तों की होती है तो वही लोग चुपचाप दहेज स्वीकार कर लेते हैं। कहा कि यह दो.हरापन सिर्फ बातों में नहीं बल्कि उनके फैसलों में भी नजर आना चाहिए। कहा कि दहेज एक सामा.जिक बुराई है और यह तब तक खत्म नहीं होगी जब तक इसे मना करने वाले स्वंय सामने नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि यदि लड़की वाले अगर किसी सामाजिक दबाव के चलते दहेज भी तो लड़के पक्ष का साफ इंकार कर देना चाहिए कि यदि छोटी से छोटी चीज भी आई तो वह शादी नहीं करेंगे।

गोरा ने कहा कि दहेज लेने से लोग पीछे नहीं हटते लेकिन जब शरीअत के हुक्म के मुताबिक निकाह के वक्त मेहर अदा करने की बात आती है तो मेहर को लेकर हैसियत की बात पर अड़ जाते हैं जबकि शरीअत में मेहर औरत का हक है और दहेज की कोई धार्मिक हैसियत नहीं है। कहा कि दहेज के चलते ही बहुत से मां-बाप बेटियों को इज्जत के साथ कैसे रुखसत करें इसी गम में खुद दुनिया से रुखसत हो जाते हैं।

# गन्ना क्रय केंद्रों पर हो रही घटतौली पर अंकुश लगाए जाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को लगे संपूर्ण समाधान दिवस में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एकत्र हुए वहां पर पचायत का संचालन चौधरी मलखान सिंह ने किया। बाद में किसानों ने तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस पहुंच कर प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन सोंपा। संपूर्ण समाधान में दिए ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र की त्रिवेणी चीनी मिल के गन्ना खरीद केन्द्रो पर हो रही गन्ने की घटतोली, व फैक्ट्री द्वारा गन्ने का निर्धारित रेट होने के बावजूद किसानों से किराया कांटा जा रहा है जो अनुचित है ,इसे रोका जाए। त्रिवेणी चीनी मिल रानी नांगल में गन्ना केन्द्रो पर अधिकारी और कर्मचारी मिलकर 3 से 4 प्रतिशत तक गन्ना कम तौल रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अनेकों बार शिकायत करने के बाद भी घटतोली पर अंकुश नहीं लगाया गया। किसान यूनियन ने चेता.वनी दी कि यदि घटतोली बंद नहीं हुई तो किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। किसानों ने स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट पूरे देश में लागू कराए जाने की मांग की। साथ ही रामू वाला



गणेश कि निकट चौराहे पर टूटी पुलियों की साइड काफी समय से क्षतिग्रस्त हैं उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। क्षेत्र के गांव मानपुर साबित जहांगीरपुर सुल्तानपुर दोस्त ,अदलपुर करणपुर मंडी समिति ठाकुरद्वारा के धान खरीद केदो पर किसानों का ध्यान नहीं खरीदा जा रहा जबकि लगातार धान खरीद केदो पर फिटिंग लगातार की जा रही है। साथ ही ज्यादातर किसानों का भुगतान अभी अटका हुआ है ,किसानों के धान का भुगतान तत्काल कराया जाए।

# समाधान दिवस में फूटा लोगों का गुस्सा

## नगर पालिका की लापरवाही से जीना हुआ दूभर, स्वच्छ भारत मिशन पर लगा पलीता, नगर पालिका के खिलाफ जमकर धरना प्रदर्शन नारेबाजी

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला, वार्ड संख्या 18 की बदहाल स्थिति से त्रस्त सैकड़ों लोग सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे और नगर पालिका की लापरवाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अपनी आवाज बुलंद की। मोहल्ले के लोगों ने अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने मौके पर समस्याओं की जानकारी लेकर शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। नगर पालिका परिषद वार्ड 18 के मोहल्ले वासियों का आरोप है कि क्षेत्र में कई महीनों से गंदगी, जलभराव और नालियों की दुर्दशा के कारण हालात बद से बदतर हो चुके हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं



उठाया, जिससे लोगों को मजबूरन समाधान दिवस का सहारा लेना पड़ा। सभासद मोहम्मद आसिफ सैफी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष समाधान दिवस में पहुंचे और अधिकारियों से हस्तक्षेप की गुहार लगाई। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर के कई हिस्सों की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पालिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रही है। मोहल्ले के कुछ घरों के सामने इतना अधिक पानी भरा हुआ है कि लोगों को बाहर निकलने के लिए एक-दूसरे की छतों का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे नागरिकों का कहना है कि वे कई महीनों से नगर पालि.का के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अब देखना यह होगा कि समाधान दिवस में दिए गए आश्वासन धरातल पर उतरते हैं या फिर लोग यूं ही बदहाल हालात से जूझते रहेंगे। वहीं, मोहल्ला बहेड़ा की बाहरी आबादी को लेकर भी सवाल खड़े किए गए। लोगों का कहना है कि नगर पालिका इन क्षेत्रों को खेतों और नई प्लॉटिंग का हवाला देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही है। यदि नगर पालिका की इन मकानों और वहां निवास करने वाले लोगों के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं है, तो फिर उनसे हाउस टैक्स किस आधार पर वसूला जा रहा है।

साथ ही अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई न किए जाने पर भी लोगों ने नाराजगी जताई। समाधान दिवस में उठी इन गंभीर समस्याओं के बाद स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ठोस कदम उठाकर उन्हें इस नारकीय स्थिति से निजात दिलाएगा।

## भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। यह ज्ञापन यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण और सोनभद्र जनपद के किसानों से जुड़ी चकबंदी व भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दिया गया।भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने बताया कि सोनभद्र जनपद के महसावर गांव सहित यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के रौनीजा गांव में किसानों की मांगों को लेकर पिछले लगभग छह माह से धरना चल रहा है, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसी उपेक्षा के विरोध में आज प्रदेशव्यापी एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया, जिसके तहत सभी जिलों में ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। किसान यूनियन की प्रमुख मांगों में यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में नए भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार अतिरिक्त मुआवजा व आवासीय प्लॉट दिए जाने, प्रभावित परिवारों को 20 प्रतिशत विकसित भूमि आवंटित करने तथा गौतमबुद्ध नगर सहित अन्य जिलों में सर्किल रेट बढ़ाने की मांग शामिल है।

# अस्पताल के बाहर जमकर हुआ हंगामा व मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मूढ़ापांडे क्षेत्र अंतर्गत सक्टुनगला गांव से एक मामला सामने आया है, जहां एक लड़की के इलाज के दौरान अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा और मारपीट हो गई। आरोप है कि इलाज के समय अचानक लड़की पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचे और वहां मौजूद लड़के पक्ष के लोगों से कहा.सुनी के बाद उन पर हमला कर दिया। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इलाज के दौरान किसी बात को लेकर पहले तीखी बहस हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई और मारपीट में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों के कई लोग मामूली रूप से घायल हो गए। अचानक हुई इस घटना से अस्पताल में मौजूद मरीजों और तीमारदारों में दहशत फैल गई, वहीं कुछ समय के लिए इलाज व्यवस्था भी बाधित रही।घटना का एक वीडियो मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट के दृश्य साफ दिखाई दे रहे हैं, जिससे मामला और अधिक तूल पकड़ता जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना मूढ़ापांडे पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सहायक लेखाकारों के स्थानांतरण में खंड विकास अधिकारी के दोहरे रवैये पर सवाल उठने शुरू

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक ठाकुरद्वारा में दो सहायक लेखाकारों के स्थानांतरण के मामले में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के दोहरा रवैये का विषय बना है। आरोप है कि बीडीओ ने आंत.रिक लेखा विभाग, लखनऊ के आदेशों की अनदेखी करते हुए एक ही पद के दो कर्मचारियों के साथ दोहरा व्यवहार किया है। ब्लॉक ठाकुरद्वारा में तैनात दोनों सहायक लेखाकार पद तैनात नासिर हुसैन और अतीक अहमद का प्रमोशन होने के बाद आंतरिक लेखा विभाग द्वारा अलग-अलग जिलों में स्थानांतरण किया गया। नासिर हुसैन को चित्रकूट और अतीक अहमद को बुलंदशहर के ब्लॉक अनूपशहर भेजा गया। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद, बीडीओ ने केवल नासिर हुसैन को चित्रकूट जाने के लिए रिलीव किया, जबकि अतीक अहमद को रिलीव करने से इनकार कर दिया। इस एकतरफा कार्रवाई ने प्रशासनिक स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है। प्रशासनिक सूत्रों के सामने अब यह सवाल है कि एक ही बीडीओ द्वारा एक ही पद के दो कर्मचारियों के साथ ऐसा भेदभावपूर्ण व्यवहार क्यों किया गया? क्या यह आंत.रिक लेखा विभाग के आदेशों की अवहेलना है?। चर्चा है कि अतीक अहमद के रिलीव न किए जाने का मामला अब जिला मुख्यालय तक पहुंच गया है और प्रशासनिक गलियारों में इसकी खूब चर्चा हो रही है। इस भेदभावपूर्ण कार्रवाई के पीछे के कारणों को लेकर स्पष्टीकरण का इंतजार है। विभागीय नियमों के अनुसार, स्थानांतरण आदेश मिलने पर संबंधित कर्मचारी को तत्काल रिलीव किया जाना चाहिए। खंड विकास अधिकारी उमांकांत मुदगल ने बताया कि ब्लॉक में तैनात नासिर हुसैन पर कोई चार्ज नही था, इसलिए रिलीव कर दिया गया है, ब्लॉक में छह का स्टाफ था, जिसमें नासिर हुसैन, अतीक अहमद और मेहंदी हसन को स्थानांतरण हो चुका है। अब मात्र एक ही कर्मचारी अनिल कुमार है। अतीक अहमद को भी कार्यालय में स्टाफ पूरा होने और क्षेत्र पंचायत का कार्य पूर्ण होने पर रिलीव कर दिया जाएगा,। जिलाधिकारी को भी ब्लॉक में कर्मचारियों की नियुक्त के लिए पत्र लिखा है।

## स्थापना दिवस मनाया

**मुरादाबाद।** पतंजलि के 31 वर्ष पूर्ण होने पर व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के 16 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस भारत स्वाभिमान जिला कार्यालय पर बडे ही धूमधाम से मनाया गया। योग, आयुर्वेद, भारतीय ज्ञान सनातन परम्परा के ध्वजवाहक स्वामी रामदेव जी व आचार्य बालकृष्ण जी का जो सपना उन्होने देखा भारत को विश्व गुरु के रुप मे प्रतिष्ठित करने का , जो यात्रा शुरु की आज ही के दिन 1995 से तब से अब तक की यह यात्रा अखंड प्रचंड पुरुषार्थ और विकल्प रहित संकल्प के साथ अनवरत चल रही है।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र रोबिन उर्फ आकाश व उसकी पत्नी रूपा उर्फ प्राची को उनके गलत आचरण व परिवार के साथ गलत व्यवहार के कारण दोनों के साथ संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इनका मेरे वह मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

दिनेश पुत्र हरि चन्द
निवासी ग्राम अकबरपुर गढ़ी
थाना देवबंद जिला सहारनपुर

**सूचना**

मैंने अपना नाम उबैद UBAID से बदलकर मोहम्मद उबैद MOHAMMAD UBAID रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

MOHAMMAD UBAID
S/O MOHAMMAD
AABAD PS, DEOBAND
DISTT. SAHARANPUR

# बांग्लादेश में नहीं होगा IPL का प्रसारण



● **सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी ब्रॉडकास्टर्स को प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को देश के सभी ब्रॉडकास्टर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का प्रसारण बंद करने का निर्देश दिया।

यह निर्देश आईपीएल 2026 सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स से तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद आया है। इसके बाद, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में अपने टी-20 विश्व कप मैच न खेलने का भी फैसला किया था और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से औपचारिक रूप से अपने मैचों को दूसरी जगह कराने का अनुरोध किया था। मंत्रालय की ओर से आज प्रसारण पर प्रतिबंध लगाए जाने आधिकारिक नोटिफिकेशन के जरिए जारी किया गया। इस आदेश पर सहायक सचिव फिरोज खान के हस्ताक्षर है। यह सभी आईपीएल मैचों और संबंधित प्रोग्रामिग पर लागू होता है और अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 26 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल सीजन के लिए केकेआर टीम से मुस्तफिजुर को बाहर करने के फैसले का संज्ञान लिया। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि ऐसे फैसले का कोई उचित कारण पता नहीं है। ऐसे फैसले से बांग्लादेश के लोगों में दुख, परेशानी और गुस्स है। इन परिस्थितियों में आदेश दिया जाता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के सभी मैचों और कार्यक्रमों का प्रसारण और ट्रांसमिशन अगले निर्देशों तक बंद कर दिया जाए। यह निर्देश उचित अधिकारियों की मंजूरी से जनहित में जारी किया गया है।

## खेल मंत्री के अनुरोध पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लिया फैसला

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने कहा था कि उन्होंने बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्री से अनुरोध किया है कि बांग्लादेश में आईपीएल का प्रसारण निलंबित किया जाए। इसके एक दिन बाद ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आईपीएल का प्रसराण निलंबित करने का फैसला लिया।

बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा, मार्च से शुरू होने वाले आगामी आईपीएल के लिए बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से बाहर करने के बीसीसीआई के फैसले से बांग्लादेश के लोग बेहद आहत, दुखी और आक्रोशित हैं। इन परिस्थितियों में बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सूचित किया है कि अगले आदेश तक बांग्लादेश में आईपीएल के सभी मैच और संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण निलंबित रहेगा।

इससे पहले, रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने स्पष्ट किया था कि वह अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। उन्होंने आईसीसी से श्रीलंका में विश्व कप के मैच कराने की मांग की है। फिलहाल आईसीसी ने बीसीबी की मांग पर कोई फैसला नहीं लिया है। बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है। बांग्लादेश के लीग मैच वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में है। बांग्लादेश को ग्रुप सी में इटली, नेपाल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है।

# नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू से तोड़ा एक दशक पुराना नाता



**मुंबई, वार्ता।** एक दशक की साझा उपलब्धियों और बेमिसाल कामयाबियों के बाद, जैवलिन थ्रोअर स्टार नीरज चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने आज अपनी औपचारिक साझेदारी को समाप्त करने की घोषणा की है। नीजर अब अपनी स्वयं की एथलीट मैनेजमेंट फर्म, वेल स्पोर्ट्स शुरू करने रहे हैं। नीरज ने कहा कि पिछल 10 वर्षो में हमारा साथ तरक्की, भरोसे और कामयाबी से भरा रहा है। मेरे करियर को बनाने में जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स का बहुत बघ हाथ रहा है और मैं उनके सहयोग और विजन के लिए हमेशा उनका आभारी रहूंगा।

जैसे ही हम इस अध्याय को समाप्त कर रहे हैं, मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में आगे ले जा रहा हूं। नीरज का जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ जुड़ाव 2016 में शुरू हुआ था। अगले दशक में यह साझेदारी भारतीय खेल में एक निर्णायक ताकत बन गई। नीरज की उपलब्धियां ऐतिहासिक रही हैं। प्यार से उन्हें 'गोल्डन आर्म वाला आदमी' कहा जाता है, वह टोक्यो 2020 गेम्स में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। इसके बाद उन्होंने 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड और 2024 में पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता, साथ ही ग्लोबल सर्किट पर कई पोडियम फिनिश भी हासिल किए। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी दिव्यांशु सिंह ने कहा कि नीरज के साथ काम करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में हम सभी के लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रांची रॉयल्स को हराकर जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने दर्ज की पहली जीत

**रांची, वार्ता।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने सोमवार को रांची रॉयल्स को हराकर महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 में अपनी पहली जीत दर्ज की। यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने रांची रॉयल्स को 2-1 से हराया। विजेता टीम के लिए पेनी स्क्विब ने (पहले) और ओलिविया शैनन ने (39वें) मिनट में गोल दागे। जबकि रांची रॉयल्स के लिए अलोंसो ने (35वें) मिनट में गोल किया। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने शानदार शुरुआत की, पहले ही मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। मिनट में गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। पहला क्वार्टर 1-0 के स्कोर पर समाप्त हुआ।

### बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप: 13 शहरों में होंगे 19 टूर्नामेंट

**गुरुग्राम, वार्ता।** बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 के 16वें संस्करण में देश भर के 13 शहरों में 19 टूर्नामेंट आयोजित किये जायेंगे। बीएमडब्लयू ग्रुप इंडिया ने सोमवार को बीएमडब्ल्यु गोल्फ कप 2026 के 16वें एडिशन का कार्यक्रम की घोषणा की। कार्यक्रम के अनुसार बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 सीजन का विस्तार किया है जिसके तहत 13 शहरों में 19 क्वालिफाइंग टूर्नामेंट होंगे, इसमें देश भर के 2,200 से अधिक शौकिया गोल्फर हिस्सा लेंगे। बीएमडब्ल्यू गोल्फ कप 2026 चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, दिल्ली, वडोदरा, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, पटना, कोलकाता और गुरुग्राम के शानदार गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। ओमेगा, एतिहाद, टेलरमेड, बैलेंटाइन और एचएसबीसी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के साझेदार होंगे।

# पीटीपीए से अलग हुए नोवाक



● **नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पीटीपीए से अलग होने की घोषणा कर दी**

**बेलग्रेड, वार्ता।** सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पारदर्शिता, संचालन की समस्याओं का हवाला देते हुए अपने द्वारा स्थापित पेशेवर टेनिस खिलाड़ी एसोसिएशन (पीटीपीए) से अगल होने की घोषणा कर दी है। जोकोविच ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने यह यह फैसला 'सोच-समझकर' लिया गया है, और कहा कि हालांकि उन्हें संगठन की स्थापना के पीछे के विजन पर गर्व है, लेकिन उनके मूल्य अब इसकी मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने लिखा कि मुझे उस विजन पर गर्व है जिसे मैंने और कनाडा के वासेक ने पीटीपीए की स्थापना करते समय साझा की थी, जिससे खिलाड़ियों को एक मजबूत, स्वतंत्रा आवाज मिली। लेकिन यह स्पष्ट हो गया है कि मेरे मूल्य और दृष्टिकोण अब संगठन की मौजूदा दिशा से मेल नहीं खाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने टेनिस, अपने परिवार और खेल में ऐसे तरीकों से योगदान देने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखूंगा जो मेरे सिद्धांतों और ईमानदारी को दर्शाते हैं। मैं खिलाड़ियों और इसमें शामिल लोगों को शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन मेरे लिए, यह अध्याय अब बंद हो गया है। पिछले वर्ष मार्च 2025 में पीटीपीए और कई खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा-विरोधी तरीकों और खिलाड़ियों कल्याण की अनदेखी किए जाने के आरोप लगाते हुए एटीपी, डब्ल्यूटीए, आईटीएफ और आईटीआईए समेत अन्य संस्थाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी, जिसे एटीपी और डब्ल्यूटीए द्वारा खारिज कर दिया।

# एला-जोविक की जोड़ी ने विलियम्स-स्वितोलिना को हराया





● **युगल राउंड ऑफ-16 मुकाबले में एला व इवा जोविक ने विलियम्स और स्वितोलिना की जोड़ी को 1:29 मिनट तक चल मैच में 7-6, '7', 6-1 से हराया**

औकलैंड, वार्ता। एलेक्जेंड्रा एला- इवा जोविक ने एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स- एलिना स्वितोलिना की जोड़ी के खिलाफ युगल मुकाबले में जीत के साथ अपने 2026 टेनिस सीजन की शुरुआत की। यहां खेले गए युगल राउंड ऑफ 16 मुकाबले में फिलीपींस की एला और अमेरिका की इवा जोविक ने अमेरिकी विलियम्स और यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना की जोड़ी को एक घंटे 29 मिनट तक चले मैच में 7-6(7), 6-1 से हराया। मैच के बाद एला ने कहा कि मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। मुझे लगता है कि हमने बहुत आनंद उठाया और साल की शुरुआत ऐसे पल के साथ करना और इस खेल की दो दिग्गजों के साथ कोर्ट साझा करना 'कोर्ट के बाहर भी' ऐसे लोग जिन्हें मैं बचपन से देखती आई हूं। मैं बहुत खुश हूं।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# अय्यर होंगे अब होंगे मुंबई के कप्तान

**एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अय्यर को ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए कप्तान नियुक्त किया**

**मुम्बई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर को चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह विजय हजारे ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए मुंबई टीम का कप्तान बनाया गया है। मुम्बई क्रिकेट, सोसिएशन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एमसीए को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष लीग मैचों के लिए मुंबई सीनियर पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।



विजय हजारे ट्रॉफी के बाद कप्तान के तौर पर अय्यर का बने रहना भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अंतर्राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा। अय्यर को 11 जनवरी से बड़ौदा में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरु होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। उनका चयन इस शर्त पर किया गया था। कि वह फिटनेस हासिल कर लेंगे। हाल ही में वनडे टीम की घोषणा करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि अय्यर की फिटनेस का आकलन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाएगा, और अगर उन्हें फिट घोषित किया जाता है तो वह वनडे टीम में शामिल होंगे। अगर अय्यर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए हरी झंडी मिल जाती है, तो एमसीए को विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट के लिए दूसरा कप्तान चुनना होगा। एमसीए सचिव उन्मेश खानविलकर ने कहा कि जब स्थिति साफ हो जाएगी तो हम फैसला लेंगे। श्रेयस बाकी दो लीग मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे।

अय्यर पिछले अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में कैच लेने की प्रयास करते समय चोटिल होने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। मंगलवार का मैच तीन महीने से ज्यादा समय में उनका पहला मैच होगा। मुंबई फिलहाल ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर है और अगले राउंड में पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में है। वे अपना अगला लीग मैच मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के खिलाफ और आठ जनवरी को पंजाब के खिलाफ खेलेंगे, दोनों मैच जयपुर में होंगे।

### ह्यूबर्ट हर्काज ने ज्वेरेव को हराया

**सिडनी, वार्ता।** पोलैंड के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी ह्यूबर्ट हरकाज ने चोट से उबरते हुए सात महीनों के बाद सोमवार को यूनाइटेड कप में शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर तीन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर दिया है। यहां खेले गए मुकाबले में ह्यूबर्ट हरकाज ने जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

मैच के बाद ह्यूबर्ट हरकाज ने कहा कि काफी समय हो गया है जब मैंने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। मेरा मतलब है, सात महीने, मैं टीम के साथ मुश्किल दौर से गुजर रहा था और यह बहुत चुनौतीपूर्ण था। लेकिन वे सब मेरा सपोर्ट कर रहे थे। हमने काफी लंबा समय बिना प्रतियोगिता के बिताया और हमें नहीं पता था कि हम कब दोबारा कोर्ट पर वापस आ पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं आज यहां कोर्ट पर हर पल का आनंद लेने का प्रयास कर रहा था।

# बीसीसीआई ने पटौदी को 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**मुम्बई, वार्ता।** बीसीसीआई ने सोमवार को भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी।



● **एक टेस्ट में सबसे अधिक 554 गेंदें खेलने का रिकॉर्ड मंसूर अली खान पटौदी के नाम दर्ज**

बीसीसीआई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भारतीय टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान, महान मंसूर अली खान पटौदी को उनकी 85वीं जयंती पर याद कर रहे हैं। प्यार से टाइगर पटौदी के नाम से जाने जाने वाले मंसूर अली खान पटौदी भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक हैं। पांच जनवरी 1941 को उनका जन्म हुआ था। वह 21 साल की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के टेस्ट कप्तान बने। वह 'सबसे महान कप्तानों में से एक' थे। 1961 में इंग्लैंड में एक कार एक्सीडेंट में अपनी दाहिनी आंख की रोशनी खोने के बावजूद पटौदी ने सिर्फ छह महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की और अपने खेले गए 46 टेस्ट में से 40 में भारत की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में, भारत ने 1968 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पहली विदेशी टेस्ट सीरीज जीती। एक बल्लेबाज के तौर पर, पटौदी ने टेस्ट क्रिकेट में 34.91 की औसत से 2,793 रन बनाए, जिसमें छह शतक शामिल हैं। टेस्ट इतिहास में नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट मैच में सबसे अधिक (554) गेंदें खेलने का रिकॉर्ड पटौदी के नाम है।

# भारतीय अंडर-19 टीम के गेंदबाजों ने द. अफ्रीका 245 के स्कोर पर रोका



● **टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया**

**दक्षिण अफ्रीका, वार्ता।** किशन सिंह (चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय अंडर-19 टीम के गेंदबाजों ने सोमवार को दूसरे यूथ वनडे में दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.3 ओवरों में 245 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जेसन राउल्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक रन बनाए। जेसन राउल्स ने 113 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 114 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। भारतीय गें. दबाजी आक्रमण के आगे एक ओर से जहां दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरते जा रहे थे, जेसन राउल्स एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। डेनियल बोसमैन (31), अदनान लगादीन (25), अरमान मनैक (16), कप्तान मुहम्मद बुलबुलिया (14) और जोरिख वान स्कालक्वेक 10 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीम ने 49.3 ओवर में 245 रनों के स्कोर पर सिमट गई। भारत की अंडर-19 टीम के लिए किशन सिंह ने चार विकेट लिए। अमब्रिश को दो विकेट मिले। दीपेश देवेंद्रन, कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# जो रूट का शतक के साथ इंग्लैंड ने बनाए 384 रन

● **जो रूट ने 242 गेंदों में 15 चौकों की मद् द से 160 रनों की शानदार पारी खेली**

**सिडनी, वार्ता।** जो रूट (160) की शतकीय और हैरी ब्रूक (84) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ने इंग्लैंड ने एशेज के पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन 384 का स्कोर खड़ा करने के बाद स्टंप्स के समय तक ऑस्ट्रेलिया के 166 रन पर दो विकेट झटक लिए। यहां इंग्लैंड के कल के तीन विकेट पर 211 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में 226 के स्कोर पर इंग्लैंड का चौथा विकेट हैरी ब्रूक के रूप में गिरा। उन्हें स्कॉट बोलैंड ने स्मिथ के हाथों कैच आउट कराया। 229 के स्कोर पर इंग्लैंड को पांचवां झटका मिचेल स्टार्क ने कप्तान बेन स्टोक्स (शून्य) को आउट कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जेमी स्मिथ ने जो रूट के साथ पारी



को संभलाने का प्रयास किया। जो रूट ने लंच से पहले 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर अपना 41वां शतक पूरा किया। उन्होंने 242 गेंदों में 15 चौकों की मदद से 160 रनों की पारी खेली। 75वें ओवर में मार्नस लाबुशेन ने जेमी स्मिथ (46) को अपना शिकार बना लिया। विल जैक्स (27) रन बनाकर आउट हुए। 98वें ओवर में माइकल नीसर ने जॉश टंग (शॅन्य) को बोल्ड कर 384 के स्कोर पर इंग्लैंड की पहली पारी का अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नीसर ने चार विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड को दो-दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन और मार्नस लाबुशेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड और जेक वेदरॉल्ड की जोड़ी ने अच्छु शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े। 13वें ओवर में बेन स्टोक्स ने जेक वेदरॉल्ड (21) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। 31वें ओवर में स्टोक्स ने मार्नस लाबुशेन (48) का शिकार कर इंग्लैंड की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 166 रन बना लिए है और हेड (नाबाद 91) और नीसर (नाबाद एक) क्रीज पर मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया अभी भी इंग्लैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 218 रन पीछे है।

## रूट ने 41वें टेस्ट शतक के साथ पोंटिग के रिकॉर्ड की बराबरी की

**सिडनी, वार्ता।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने सोमवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें एशेज टेस्ट के दूसरे दिन अपना 41वां शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिग के रिकार्ड की बराबरी कर ली और पुरुषों के टेस्ट शतकों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गए। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, पहले दिन खेल जल्दी खत्म होने के बाद 72 रन से आगे खेलते हुए, रूट ने शांत और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए भोजनकाल के बाद 160 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 41वां शतक पूरा किया। यह शतक रूट का मौजूदा दौरे का दूसरा शतक है जिसने ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से चले आ रहे शतकों के सूखे को खत्म किया। इस शतक के साथ ही रूट टेस्ट क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में रिकी पोंटिग (41) की बराबरी कर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसस मामले में भारत के सचिन तें. दुलकर (51) शतकों के साथ पहले जैक कैलिस (45) शतकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

# पूर्व मंत्री शगुफ्ता खान का इंतकाल, समर्थकों का उमड़ा हुजूम

## सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, चेयरमैनों सहित जनाजे में शामिल हुए दिग्गज



### सपा मुखिया अखिलेश यादव ने साहिल को फोन कर जताया दुख

**सहारनपुर।** पूर्व मंत्री श्रीमती शगुफ्ता खान के इंतकाल पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बेटे साहिल खान को फोन कर गहरा दुख जताया है। सपा जिलाध्यक्ष रही पूर्व मंत्री शगुफ्ता खान का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल होने का पता जैसे ही सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लगा तो उन्होंने साहिल खान को फोन लगाया और उनकी माता के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने हमेशा ही पार्टी के प्रति समर्पित रहकर अपनी जिम्मेंदारियों का निष्ठा से निर्वहन किया।





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/नकुड़।** नगर की राजनीति ही नहीं बल्कि जन आंदोलनों की आत्मा रहीं जननायक पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी की पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती शगुफ्ता खान का लंबी बीमारी के बाद सोमवार अलसुबह इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही जिलेभर में शोक की गहरी लहर दौड़ गई।

श्रीमती शगुफ्ता खान का राजनीतिक सफर साधारण नहीं बल्कि संघर्षों से गढ़ा हुआ था। उन्होंने राजनीति की पहली सीढ़ी कांग्रेस यूथ से चढ़ी लेकिन वर्ष 1988 में नकुड़ बिजली घर के सामने ऐतिहासिक जनआंदोलन ने उन्हें जननायक के रूप में स्थापित कर दिया। नगर व क्षेत्रवासियों के अधिकारों के लिए उठी उनकी आवाज इतनी बुलंद थी कि सूबे की सरकार हिल गई थी। इस आंदोलन में उन्होंने अपने समर्थकों के साथ कारावास तक झेलना पड़ा। लेकिन जनसेवा के संकल्प से वह कभी विचलित नहीं हुई। जनहित और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें रेलवे बोर्ड की सदस्यता, कैनरा बैंक की आल इण्डिया डायरेक्टर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने शगुफ्ता खान को फुल चार्ज देकर पहली जिलाध्यक्ष बनने का गौरव मिला। वर्ष 2007 में गंगोह विधानसभा चुनाव में उन्होंने अचानक बसपा का टिकट मिलने पर भी पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतरकर अपनी राजनीतिक मजबूती का परिचय दिया। और करीब 45 हजार से ज्यादा वोट लिये थे। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार में उनके संघर्ष अनुभव और जनाधार को सम्मान देते हुए उन्हें दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बनाया गया जिससे उनके राजनीतिक कद को नई ऊंचाई मिली।

श्रीमती शगुफ्ता खान का जीवन साहस, संघर्ष तथा जनसमर्पण की मिसाल रहा। उनके निधन से नकुड़ ने अपनी आवाज अपना संघर्षशील चेहरा और गरीब मजलूमों की सच्ची पैरोकार खो दी है। यह क्षति अपूरणीय है।

मरहूमा श्रीमती शगुफ्ता के जनाजे की नमाज उनके निवास पर मुफ्ती साहब ने अदा कराई। तत्पश्चात अंबाला रोड स्थित कब्रिस्तान में उन्हें तदफीन किया गया। तदफीन के दौरान जब उन्हें कब्र में उतार रहे थे तो सैकडों लोगों की आंखों में आंसुओं का सैलाब था। उनके जनाजे में हजारों लोग शामिल हुए।

उनके इंतकाल की खबर मिलते ही सांसद इमरान मसूद, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, पूर्व सांसद एवं हिमालयन ड्रग्स के डायरेक्टर डा. फारूक, विधायक उमर अली खान, पूर्व मंत्री लियाकत अली एडवोकेट, प्रदेश के पूर्व मंत्री शायान मसूद, सपा नेता रोहित सिंह राणा, सपा विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोडा, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, विधायक आशु मलिक के भतीजे प्रवेज मलिक, नकुड़ पालिकाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, रालोद के प्रदेश सचिव हाजी सलीम कुरैशी, पूर्व कैबीनेट मंत्री के भतीजे अभय सिंह राणा, हेम सिंह राणा, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष मजाहिर मुखिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी इरशाद चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस चौ. मुजफ्फर, सपा जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, कांग्रेसी नेता हमजा मसूद, पूर्व पालिकाध्यक्ष शाहनवाज खान, पूर्व सभासद सैफुल इस्लाम, डा. पंकज शर्मा, राजपाल प्रधान, अफजाल निजामी, अर्सलान खान, इरफान पंसारी, कामिल सैफी, जावेद सैफी, बाबू इकराम, जुनैद असगर, मकबूल कुरैशी, राव मुंशी सगीर, शकील राव , पूर्व वाइस चेयरमैन राव साबिर, दोस्त मुहम्मद, हाजी इकबाल निजामी, लियाकत बंजारा, जमील अहमद, पूर्व सभासद इरशाद निजामी, इनाम निजामी, इकराम पोला, इरशाद कुरैशी, राशिद कुरैशी, डा. इदरीश अहमद, अरशद निजामी, दिलदार खान, राव जीशान, गुज्जु कस्सार, डा. साकिब खान, मा. असलम, हाजी इदरीश, सभासद अमजद खान, आमिर कुरैशी, अकरम खान, अमीर आलम, हसीब निजामी, फरमान निजामी, डा. असलम खान, हाजी दिलशाद कुरैशी, प्रीतम प्रसाद जैन, रईस मंसूरी, सादिक खान, राशिद रशीद आदि ने उनके आवास पर पहुंचकर खिराजे अकीदत पेश की।

### आखिरी सांस तक साथ रहे पति चेयरमैन खालिद खान व बेटे साहिल खान

**सहारनपुर।** पूर्व मंत्री श्रीमती शगुफ्ता खान पिछले छह साल से बैडरेस्ट पर थी और चेयरमैन खालिद खान व उनके बेटे साहिल खान ने आखिरी समय तक उनकी सेवा में कोई कमी नहीं छोडी।

मृतका शगुफ्ता की बीमारी व खानपान से लेकर हर चीज का ध्यान बाप बेटे ने पूरी तरह से रखा। इसी की चर्चा आज दिनभर उनके जनाजे में आने वाले हजारों लोगों के मुंह पर रही। 26 जनवरी 2020 को अचानक शगुफ्ता खान की तबियत बिगडी थी और डाक्टरों ने उस समय उनके स्वस्थ होने का आश्वासन दिया था, परंतु करीब छह साल में उनकी तबियत में कोई सुधार नहीं हुआ और आज सुबह आठ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

# मेयर डा. अजय ने दिए तिब्बती मार्किट हटाने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने निगम के अधिकारियों को अवैध रुप से अतिक्रमण कर स्थापित हुई तिब्बती मार्किट का अतिक्रमण हटवाने तथा शहर के मुख्य पुलों के नीचे किये गए अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने निगम अधिकारियों के साथ आज एक बैठक कर नेहरु मार्किट के निकट अतिक्रमण कर बनी तिब्बती मार्किट को हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त स्थान पर किसी को कोई आवंटन निगम की ओर से कभी नहीं किया गया था। वहां जो भी लोग बैठे है वह अवैध रुप से सड़क पर अतिक्रमण कर बैठे हैं। जिससे यातायात जाम रहता है। इस अवैध अतिक्रमण से वहां बैठे दुकानदारों ने राजकीय इण्टर कॉलेज का गेट और शौचालय भी घेर लिया है और दुकाने पक्की बना ली हैं। महापौर ने अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा को निर्देश दिए कि शहर के अस्पताल पुल, शारदानगर पुल व मेला गुघाल पुल आदि के नीचे जो अतिक्रमण है उसे हटवाकर वहां बैडमिंटन कोर्ट तथा अन्य उपयोगी स्थल विकसित करें। उन्होंने कहा कि शहर में बड़ी संख्या में वेंडर इधर-उधर अपनी ठेलियां खड़ी कर शहर की यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे है, इनके कारण जगह-जगह पर जाम रहता है। उन्होंने सभी वेंडरों को चिह्नित वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। महापौर ने व्यापारियों से अपील की है कि वे जिला प्रशासन द्वारा बंदी के आदेशों का पालन करें और मंगलवार को अपनी दुकानें भी बंद रखें और दुकानों के बाहर दुकानें न लगाने दें। उन्होंने कहा कि बंदी के दिन ही निगम द्वारा सड़कों की मरम्मत, नाले-नालियों की सफाई का कार्य होता है। अतः जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए निगम को सहयोग दें। उन्होंने मेला गुघाल में साप्ताहिक दुकान लगाने वाले वेंडरों से अपील की है कि वे बंदी के दिन नेहरु मार्किट, रायवाला, शहीद गंज आदि बाजारों में ठिये न लगाकर मेला गुघाल क्षेत्र में ही आवंटित स्थान पर अपना व्यापार करें।

# नहीं रहे कई किताबों के मुसन्निफ डा. अकरम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रिलिजियस कमेटी के पूर्व चेयरमैन, एमसीसी सदस्य व कई किताबों के मुसन्निफ रहे डा. अकरम जहूर का इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर समाजसेवियो, शिक्षाविदो ने गहरे दुख का इजहार किया।

सीनियर एडवोकेट मौहम्मद अली के निसबती भाई (साले) डा. अकरम जहूर रिलिजियस कमेटी के पूर्व चेयरमैन रहे, उन्होंने एमसीसी की पहली वेबसाइट बनाई और साल 2000 से एमसीसी के बोर्ड्स में खिदमत अंजाम दी। हाल के वर्षों में उन्होंने एमसीसी बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के ट्रस्टी के तौर पर भी सेवा दी और अन्य इस्लामी इदारों को मशवरा (सलाह) भी दिया। अपने पेशेवर करियर में, डॉ. जहूर एक सीनियर इंजीनियरिंग साइंटिस्ट और कंसल्टेंट थे। उन्हें 1989 में अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स का फेलो चुना गया। उन्होंने 80 से अधिक रिसर्च पेपर्स और स्पेशल रिपोर्ट्स प्रकाशित कीं। जिसमें तीन-जिल्दों (वॉल्यूम) की हैंडबुक भी शामिल है और कई अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स के लिए रिव्यूअर के रूप में भी खिदमत की। डॉ. जहूर ने इस्लामी इल्म और स्कॉलरशिप में भी गहरी और अहम खिदमात अंजाम दीं।

एडवोकेट मौ. अली ने बताया कि वह मुस्लिम तारीख और इस्लामी तहजीब पर अपने काम के लिए एक मोहतरम लेखक थे, खास तौर पर यूरोपीय पुनर्जागरण (रेनेसां) से पहले विज्ञान, गणित और चिकित्सा में मुसलमानों के योगदान पर उनका विशेष फोकस था। उन्होंने 9 किताबें लिखीं, जिनमें से 6 किताबें इस्लामी इतिहास और सभ्यता पर केंद्रित थीं, जो दशकों की रिसर्च और नई समझ के जरिये मुस्लिम विरासत को बेहतर ढंग से समझने में मदद करती हैं।

# महिला थाने का कुसुम ने संभाला चार्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महिला थाना की नवनियुक्त प्रभारी अब कुसुम भाटी राणा होंगी, उन्होंने महिला थाना प्रभारी की कमान संभाल ली है।

पूर्व महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर के स्थानांतरण के बाद इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभालते हुए, कुसुम भाटी राणा ने न केवल अपने नए पद की गरिमा को बढ़ाया है, बल्कि उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया अध्याय कुसुम भाटी राणा के नेतृत्व में प्रतीक्षा कर रहा है, महिला थाना अब और अधिक सक्रियता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनकी पहली प्राथमिकता महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकना और पीड़िताओं को न्याय दिलाना होगा। आपको बता दें। कुसुम भाटी राणा 1998 बेच की अधिकारी हैं। चार्ज लेने से पूर्व, वे सहारनपुर के महिला सहायता प्रकोष्ठ में अपनी सेवाएं दे रही थीं। हालांकि उन्होंने 21 दिसंबर 2025 को ही महिला थाने का पद ग्रहण कर लिया था। उनकी प्राथमिकताएं इस बात का संकेत देती हैं कि अब महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को और अधिक महत्व दिया जाएगा। उनके प्रभारी बनने से महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों को नई दिशा भी मिलेगी।

# राव कैसर ने समर्थकों संग थामा आसपा का दामन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व जिलाध्यक्ष राव कैसर सलीम ने अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी का दामन थाम लिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर के दिल्ली स्थित आवास पर राव कैसर सलीम ने पूर्व जिला उपाध्यक्ष फरमान राव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पाटी की सदस्यता ली। सभी का चन्द्रशेखर आजाद ने माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि राव कैसर सलीम का राजनीतिक अनुभव एव उनकी लम्बी संगठनात्मक क्षमता पार्टी को मजबूत करने में योगदान देगी। आजाद समाज पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न दलों से आए साथियों का पार्टी में स्वागत है। इनके अनुभव और संघर्ष से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

राव कैसर सलीम ने कहा कि वे आजाद समाज पार्टी की नीतियों और नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं और आने वाले समय में संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी राव सलीम जजनैर, राव मेहरबान, और ननौता चेयरमैन अफजाल खान, गुरू महिपाल दास, पृथ्वीराज, इमरान खान, राजसिंह उपस्थित रहे।

# सपा शिक्षक सभा के प्रदेश महासचिव बने महताब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से समाजवादी शिक्षक सभा, उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक फेरबदल किया गया है।

संगठन के प्रति निरंतर निष्ठा, सक्रिय सहभागिता एवं वैचारिक प्रतिबद्धता को देखते हुए महताब अली को प्रदेश सचिव पद से पदोन्नत कर प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। महताब अली की नियुक्ति से शिक्षक सभा के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है कि वे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संगठनात्मक मजबूती के साथ करेंगे तथा प्रदेश भर में समाजवादी विचारधारा को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

उनकी नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और संगठन को नई ऊर्जा मिलने की बात कही।

# वैज्ञानिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने बताया की गन्ने के साथ दलहन व तिलहन व अन्य सहफसली की वैज्ञानिक खेती से किसानों से आय बढ़ेगी। ये खेती किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है।

उप गन्ना आयुक्त ने गन्ने के साथ आलू, गन्ने के साथ लहसुन गन्ने के साथ सरसों तथा गोभी की खेती का निरिक्षण किया तथा उपस्थित गन्ना किसानों से उनके अनुभव साझा किये ओर किसानों को वैज्ञानिक खेती के टिप्स भी दिए। उन्होंने गन्ने के साथ सरसों एवं आलू व उर्द व अन्य सब्जीयों की की सहफसली खेती अपनाने की सलाह किसानों को दी। उन्होंने बताया कि सहफसली खेती से गन्ने की मुख्य फसल पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। बल्कि सीमित लागत में अतिरिक्त उत्पादन प्राप्त होता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से दलहनी फसलों की सहफसली खेती से भूमि में नाइट्रोजन की उपलब्धता बढ़ती है, जिससे मिट्टी की उर्वरता एवं संरचना में सुधार होता है। इसके साथ ही तिलहनी फसलों से खेतों में कीट एवं खरपतवार नियंत्रण में भी सहायता मिलती है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है।

उन्होंने कहा की विभिन्न फसलों की सहफसली मंडल मे की जा रही है। खेती की जा चुकी है,सहफसली खेती से किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ भूमि की दीर्घकालीन सेहत में भी सुधार हो रहा है। गन्ना विकास विभाग तथा चीनी मिलो द्वारा द्वारा किसानों को वैज्ञानिक सहफसली खेती अपनाने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।

उप गन्ना आयुक्त ने किसानों से अपील करते हुए कहा की अपना गन्ना चीनी मिलो में ही सप्लाई करें ओर अपना बेसिक कोटा सुरक्षित रखे, ओर यदि पौधा गन्ना काट रहे हैं तो गन्ने की पत्ती को खेत में ही फैला दें यह गन्ने के पेड़ी बनने में लाभकारी होगा।

उपस्थित विभागीय ओर चीनी मिल के अधिकारीयों को निर्देश देते हुए उप गन्ना आयुक्त ने कहा की किसानों को जागरूक करें की वह अपना गन्ना अपने चीनी मिल ओर अपनी पर्चीयों पर ही सप्लाई करें ओर आगामी बुवाई में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई करें।

निरिक्षण के समय अन्य विभागीय ओर चीनी मिल के अधिकारी ओर फिल्ड स्टॉफ उपस्थित रहे।

# गौआश्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा वृहद गौ आश्रय केन्द्र कलसिया एवं अस्थाई गौ आश्रय स्थल कलसिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ठण्ड से बचाव, अलाव, तिरपाल, हरा चारे, भूसा एवं चोकर आदि की उपलब्धता की जानकारी ली गयी। व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने की तरफ पहल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एम. पी. सिंह, एसडीएम बेहट मानवेन्द्र सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मो. अहमद, डॉ. निशांत चौहान, पशुधन प्रसार अधिकारी मनोज भाटा, सुलेख चन्द, जगत सिंह, खण्ड विकास अधिकारी योगेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# बाढ़ का खतरा बता सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड संख्या 37 गिल कॉलोनी के पार्षद गौरव कपिल के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने सोमवार को जिलाधिकारी महोदय से मुलाकात कर ढमोला नदी में बने अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की।

पार्षद गौरव कपिल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि वर्ष 2013 और 2023 में क्षेत्रवासियों को बाढ़ की गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ा, जिससे लोगों को भारी आर्थिक एवं मानसिक क्षति हुई। नगर निगम द्वारा वर्ष 2024 में ढमोला नदी की सिल्ट निकालने का कार्य तेजी से कराया गया, जिससे कुछ हद तक राहत मिली। उन्होंने महापौर डॉ. अजय सिंह एवं नगर आयुक्त शिपु गिरी सहित नगर निगम के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में भी ढमोला नदी की सफाई कर सिल्ट निकाली गई, जिससे क्षेत्र को सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया, लेकिन गिल कॉलोनी क्षेत्र में ढमोला नदी के बीच सरकारी भूमि पर बनी एक अवैध अस्थायी डेरी अब भी बड़ी बाधा बनी हुई है।

यह अवैध डेरी ऊपर से आने वाले पानी के प्रवाह को रोकती है, जिससे ब्रिजेशनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जलभराव व बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे क्षेत्रवासियों को आर्थिक व मानसिक नुकसान के साथ-साथ जान-माल का खतरा बना रहता है।

इस अवसर पर प्राची चौधरी, मानवी, आयुषी, सीमा, ओमपाल, प्रशांत, नवीन, माही, अंकित, कविता, अंशुल, देवेंद्र सहित अनेक क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को दिया स्वच्छता संदेश



**बेहट।** गांव शाहपुर में जनता इंटर कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वयं सेवकों ने घर घर जाकर ग्रामवासियों को विभिन्न जटिल, असाध्य, एवं संक्रामक रोगों के बारे में चर्चा कर इनसे बचने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार गौतम राजीव रुहेला, ग्राम प्रधान मोहम्मद राशिद, राजेश शर्मा, महेश राणा, वीर सिंह, संदीप सिंह मुकर्रम अली आदि के अलावा स्वयं सेवक समीक्षा, सुहेल, रोहिणी, रजनी, वंश, शाकिब मुस्कान, छवि, मनीष आदि रहे।

# प्रकाशपुरब के उपलक्ष में लगाया कीर्तन दरबार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** धन धन साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश गुरपुरब के उपलक्ष में एक महान कीरतन दरबार का आयोजित किया गया।

गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा की ओर से गुरमत समागम ग्राउंड में किया गया। प्रातः प्रभातफेरी का स्वागत गुरुद्वारा साहिब के दीवान हाल में किया, फिर गुरू ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप कीरतन करते हुये गुरमत समागम स्थल पंडाल में ले गये और वहां पर दीवान सजाया गया। दीवान में भाई जगतार सिंह हजूरी रागी दरबार साहिब से भाई बहुलिवलीन सिंह अमृतसर से, भाई ओंकार सिंह मान ढाढी जत्था, भाई अमरपाल सिंह हैड ग्रंथी सिंह सभा, भाई जतिंदर सिंह ग्रंथी, भाई गुरमीत सिंह हजूरी रागी सिंह सभा एवं तीनो स्कूलो गुरू नानक गर्ल्ड ईण्टर कालेज, गुरू नानक ब्वायज ईण्टर कालेज एवं गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सभी ने गुरमत विचार एवं कीरतन द्वारा संगतों को निहाल किया।

गुरूपुरब का आयोजन का प्रधान स.सुजसबीर सिंघ, मीत प्रधान प्रमिन्द्र सिंघ कोहली, जनरल सकत्तर अमनप्रीत सिंघ, गुरपुरब कनवीनर प्रभजोत सिंघ सीनीयर मीत प्रधान, गुरविन्द्र सिंघ कालरा प्रबन्धक गुरू नानक गर्ल्स ईण्टर कालेज, जसवंत सिंघ बतरा प्रबन्धक गुरू नानक ब्वायज ईण्टर कालेज, सतविन्द्र सिंघ माकन प्रबन्धक गुरू तेग बहादर स्कूल एवं लंगर ईंचार्ज दलजीत सिंघ बवेजा, के साथ स.हरेन्द्र सिंघ चडढा, छवप्रीत सिंघ, रनजीव सिंघ हरजी, तजिंदर सिंह डंग ईन्द्रप्रीत सिंघ चडढा, स्टेज सकत्तर परमजीत सिंघ चडढा कोषाध्यक्ष प्रितीपाल सिंघ जुनेजा, करनदीप सिंघ, ईन्द्रजीत सिंघ खालसा, एम.पी.सिंघ चावला, बलबीर सिंघ धीर, ईन्द्रजीत सिंघ बतरा, तेजपाल सिंघ, जगमोहन सिंघ, जसबीर सिंघ बग्गा, हरप्रीत सिंघ, गुरप्रीत सिंघ बग्गा, डा. स्वर्णजीत सिंघ, प्रविन्द्रपाल सिंघ, बलबीर सिंघ भाटीया, दीदार सिंघ सेठी, रघुबीर सिंघ, ईन्दजीत सिंघ गुरकिरपा, गुरमीत सिंघ शंटी, उपकार सिंघ सेठी, तरनजीत सिंघ बग्गा एवं अन्य संगत द्वारा किया गया।

# रूही अंजुम ने कुष्ठआश्रम में वितरित किए जैकेट व कोट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने कुष्ठ आश्रम में जैकेट व कोट वितरित किये। अपना सामाजिक दायित्व निभाते हुए प्रदेश सचिव रूही अंजुम आज दिल्ली रोड स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंची जहां उन्होने वहां रह रहे लोगों को जैकेट व कोट का वितरण किया। उन्होने कहा कि वह हमेशा गरीब लोगों के लिए सेवा कार्य करती रहेगी।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 6 जनवरी 2026

## जीवन पर संकट

देश की राजधानी दिल्ली से वायु गुणवत्ता को लेकर अच्छी खबर नहीं आ रही है। हालांकि गुणवत्ता सूचकांक बताता है कि यहां की आबोहवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार जो सवेरे आठ बजे तक के लिए जारी किया गया है, वह दर्शाता है कि दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 260-262 तक रहा है। जोकि चिंताजनक है। अक्षरधाम की बात करें तो वहां एक्यूआई 293 रिकॉर्ड किया गया, हालांकि सबसे खराब हालत आनंद विहार में देखी गई, जहां यह 320 रहा। चांदनी चौक बेहद प्रसिद्ध स्थल है, वह सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में दिखाई दिया यहां एक्यूआई 337 रहा। इसके चलते दिल्ली हवाई अड्डों से उड़ानें प्रभावित रही। अधिकारियों ने यात्रियों को यात्रा से पहले उड़ान का शेड्यूल जांच करने की सलाह दी है। उनके अनुसार शांत हवा में अधिक नमी के कारण प्रदूषक सतह के पास ही जमा हो गया है। इसके चलते वायु गुणवत्ता लंबे समय से खराब बनी हुई है। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि लगातार बनी रहने वाली धुंध बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारी वाले लोगों के लिए जोखिम बढ़ा सकती है। दिल्ली सरकार ने भी साफ किया है कि उल्लंघन या कानूनी नियमों का पालन ने करने के कारण कंस्ट्रक्शन और डिमोलेशन साइटों को बंद करने का आदेश दिया गया, उन्हें आयोग की स्पष्ट मंजूरी के बिना दोबारा काम शुरू करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मतलब दिल्ली सरकार दिल्ली में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन जो जमीनी स्तर पर हालात हैं, उन पर किसी तरह का कोई प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वायु गुणवत्ता बराबर खराब स्थिति में बनी हुई है। जाहिर है, जब सर्दी का मौसम अपने शबाब पर हो, तो यह जोखिम और भी बढ़ जाता है। ऐसा नहीं है कि इसी समय दिल्ली की स्थिति वायु गुणवत्ता के मामले में खराब बनी हुई है, लेकिन यह सब लंबे समय से हो रहा है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि आखिर दिल्ली सरकार वायु गुणवत्ता की स्थिति पर नियंत्रण क्यों नहीं कर पा रही है। यहां यह कहना भी जरूरी है कि पर्यावरण का मुद्दा अपने भारत में इतनी अहमियत नहीं रखता जितनी विदेशों में रखता है। इसे भारतवंशी लोग इतनी गंभीरता से नहीं लेते। हालांकि थोड़े से हालात अब बदले हैं और लोगों ने पर्यावरण को लेकर अब आकर चिंता व्यक्त करना शुरू किया है, लेकिन अभी इस पर और काम करने की जरूरत है। यही कारण है कि सरकारें भी पर्यावरण को लेकर बातें भले ही कितनी बड़ी-बड़ी करती हों, लेकिन जमीनी स्तर पर इतनी गंभीरता से काम नहीं करती, जितनी काम करने की आवश्यकता है। कोई भी समझ सकता है जब देश की राजधानी का यह हाल है, तो देश के अन्य शहरों और गांवों का क्या हाल होगा। यूं भी यह समस्या कोई किसी एक शहर की नहीं बल्कि पूरे भारत की है और जरूरत आज इस पर गंभीरता से काम करने की है।

## एनसीसी कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ़



राष्ट्र निर्माण तथा युवाओं के विकास में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का योगदान सराहनीय है, इसमें प्रशिक्षित आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित कैडेट विकसित भारत की यात्रा की रीढ हैं, एनसीसी स्थापना के 78 वें वर्ष में विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन चुका है और अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य को दृढ़ता से निभा रहा है, यह संगठन आत्मविश्वासी और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को गढ़ रहा है, जो विक. सित भारत 2047 की रीढ़ हैं, ऑपरेशन सिदूंर के दौरान लगभग 72,000 कैडेटों ने नागरिक सुरक्षा कार्यों के लिए स्वेच्छा से सेवा दी, जिससे संकट की घड़ी में राष्ट्र की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, साहस और तत्परता स्पष्ट होती है। **सीपी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति**

# ई-कचरा के लिए क्यों नहीं मिल पा रहा कोई कारगर उपाय!



दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होने वाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं, इस ई-कचरे एवं ई-अपशिष्ट के प्रभावों को प्रतिबिंबित करने एवं इसे नियंत्रित करने की जागरूकता के अवसर के रूप में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय ई-अपशिष्ट दिवस अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम द्वारा मनाया जाता है। दुनियाभर में 46 देशों सक्रिय डब्ल्यूईईई फोरम एक उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन है, जो एक गैर-लाभकारी संघ है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2002 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र भी कहता है कि दुनियाभर में ई-कचरा 53.6 मिलियन टन उत्पन्न हो रहा हैं। इसमें से केवल 17.4 प्रतिशत का ही संग्रहण और पुनर्चक्रण किया जाता है। यह भी अनुमान है कि 2030 तक 74 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति, शहरीकरण प्रक्रिया और आर्थिक विकास ई-कचरे में तेजी से वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (डब्ल्यूईईई) फोरम के अनुसार, वर्ष 2022 में लगभग 5.3 बिलियन मोबाइल स्मार्टफोन उपयोग से बाहर हो गये थे। लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिए बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पाट्र्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है, चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधान अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि प्राप्त ई-साधानों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाए, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो। आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-अपशिष्ट दिवस रीसाइक्लिंग और ई-कचरे को कम करने के महत्व पर बल देता है।

इस दिन को मनाना और ई-कचरे के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल 78 देशों में ही ई-कचरा प्रबंधान अच्छा है। विश्व की केवल 71 प्रतिशत जनसंख्या ई-कचरा कानून के अंतर्गत आती है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है। दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी अफ़ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण सॉफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधान करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधान से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रलय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं, लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल-डिस्ट्रिक-321-ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई-अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है। भारत सरकार ई-कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधान नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई-निर्माण इकाइयां ई-वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई-वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई-कचरा द्धप्रबंधानत्र्ञ नियम-2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिर्माता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई-वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई-वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार अब जो भी ई-वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी।

**...साभार**

# वेज डिशेस में मिलेगा नॉनवेज डिश का टेस्ट

अक्सर ऐसा होता है कि कुछ लोगों को नॉनवेज डिशेस देख कर वैसे ही मसालेदार, चटपटी, तीखी डिश खाने का मन करता है, लेकिन वो वेजिटेरियन होने के नाते उसे खा नहीं पाते। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी वेजिटेरियन डिशेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप नॉनवेज की तरह बनाकर खा सकते हैं। बहुत से ऐसे लोग हैं जिन्हें तीखा, स्पाइसी और मसालेदार खाने का मन होता है तो जानिए कुछ ऐसी वेज डिशेस के बारे में जिसमें आप नॉन वेज का मजा ले सकते हैं।

### वेज कीमा

वेज कीमा को आप मसालेदार नॉनवेज डिश की तरह बना सकते हैं। इसे पनीर और बाकी सब्जियों के साथ बनाया जाता है।

### वेजिटेबल टिक्का मसाला

नॉनवेज डिश की तरह आप वेजिटेबल टिक्का मसाला बना सकते हैं। आप इसे कई तरह के वेजिटेबल्स और पनीर से बना सकते हैं।

### काजू कोरमा



काजू कोरमा की डिश आपको नॉनवेज डिश की तरह ही लगेगी। काजू, क्रीम और ग्रेवी बनाने वाली चीजों के साथ आप काजू कोरमा बना सकते हैं।

### सोया चाप

सोया चाप भी आपको नॉनवेज डिश का टेस्ट देगा। सोया चाप को ग्रेवी के साथ बना सकते हैं।

### पनीर बटर मसाला

चिकन बटर मासाला का नाम तो आपने सुना होगा लेकिन बटर और पनीर की मदद से आप नॉनवेज टेस्ट जैसा पनीर बटर मसाला बना सकते हैं।

## डायबिटीज रेसिपीः शुगर फ्री पिंडखजूर के रोल

**सामग्री**- 500 ग्राम पिंडखजूर, 1 कटोरी सिंकी और पिसी हुई तिल, दो बड़े चम्मच ताजी मलाई, 1 कप काजू, बादाम, पिस्ते की कतरन तथा थोड़ी-सी खसखस।

**विधि**-सबसे पहले पिंडखजूर की गुठली निकाल. कर टुकड़े-टुकड़े कर लें। अब कड़ाही में मलाई गरम करके उसमें पिंडखजूर के टुकड़े डालें व हिलाती रहें। पिंडखजूर गल जाने पर उसमें पिसी हुई तिल, मेवे की कतरन डालकर गैस बंद कर दें। इस मिश्रण को एक थाली में लेकर अच्छी तरह मिलाएं और 2-3 बड़े-बड़े रोल बना लें।

अब एक थाली में थोड़ी-सी खसखस फैला दें। फिर बने हुए रोल को खसखस पर लपेटें और एक प्लास्टिक शीट में लपेटकर फ्रिज में रख दें। 2-3 घंटे बाद बाहर निकाल कर शीट हटा दें व चाकू से मनचाहे आकार में पीसेस काट लें। यह मिठाई खाने में लाजवाब और कई दिनों तक खराब नहीं होती है। साथ ही मधुमेह रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद है।



# जीवन में दुखभरे मोड़ के बाद फिर से ऐसे करें नई राह की शुरुआत

लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते से अलग होना मुश्किल है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इससे भी ज्यादा मुश्किल क्या है? डेटिंग की दुनिया में वापस लौटना। यह अजीब, अपरिचित और बिल्कुल डरावना लग सकता है। एक पल में, आप अपने नए साथी की बाहों में लिपटे हुए होते हैं, और अगले ही पल, आप अपने पिछले रिश्ते की यादों में खो जाते हैं। आप अपना सिर उनके कंधे पर टिकाना चाहते हैं, लेकिन फिर, अचानक, एक बुरे लगाव की दर्दनाक याद सामने आ जाती है।

हम जानते हैं कि यह डरावना है और हम यह भी जानते हैं कि लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते के टूटने से आगे बढ़ना मुश्किल है। ब्रेकअप के बाद आगे बढ़ना ऐसा महसूस करा सकता है जैसे आप अपने साथ आत्म-संदेह, चिंता और यहां तक कि अवसाद का बोझ भी ढो रहे हैं। खुद से सवाल करना और यह सोचना कि क्या आप कभी फिर से श्सामान्यश महसूस कर पाएंगे, सामान्य है, लेकिन बात यह है कि उम्मीद है। आप इससे आगे बढ़ सकते हैं और आत्मविश्वास के साथ फिर से डेटिंग शुरू कर सकते हैं। यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं।

सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं- किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।

**डेटिंग से सीखने की कोशिश करें**

डेटिंग का मतलब अपने एक्स के द्वारा छोड़े गए खालीपन को भरना या सेक्स करना नहीं है, यह इन चीजों से कहीं ज्यादा है। जब आप डेट करने के लिए तैयार हों तो सुनिश्चित करें कि आप जीवन और प्यार के नए .ष्टिकोण सीखने के लिए अपना दिमाग खोलें। एक्सपर्ट कहते हैं कि खुद को डेटिंग के लिए खोलना आपको इस सोच में डाल सकता है, मैं कुछ अच्छे लोगों से मिलने जा रही हूं। उनमें से कुछ मेरे दोस्तों को बाद में बताने के लिए एक मजेदार कहानी होगी, और शायद कोई मेरा अगला प्रेमी बन जाए, और मुझे उन दोनों से कोई परेशानी नहीं है। डेटिंग से पहले अकेले वो करें जो आपको पसंद है-डेट पर जाने से पहले ऐसी गतिविधियों से शुरुआत करें जो आपको अकेले में पसंद हों। फैंसी रेस्टोरेंट या भीड़-भाड़ वाले बार हमेशा पहली डेट के लिए आदर्श नहीं होते, खासकर तब जब आप पहले से ही नर्वस महसूस कर रहे हों। एक्सपर्ट ने कहा कि पहली डेट पर जाना बहुत ज्यादा खर्चीला या आपके कम्फर्ट जोन से बाहर होना जरूरी नहीं है। ऐसी जगहों पर जाएं जहां आप सहज महसूस करें। अगर आपको खाने-पीने का शौक है, तो अपनी पसंदीदा स्थानीय जगह पर जाएं। अगर आपको किताबों की दुकानें पसंद हैं, तो किसी आरामदायक कैफे में चाय पिएं और अलमारियों को ब्राउज करते हुए बातचीत करें। परिचित वातावरण चुनने से अनुभव कम डरावना लग सकता है और आपको आराम करने में मदद मिल सकती है।

**ईमानदार होना आपकी कमजोरी नहीं है**

याद रखें, ईमानदार होना ठीक है। अगर आप नर्वस महसूस कर रहे हैं तो आपको ऐसा व्यवहार करने की जरूरत नहीं है कि आप पूरी तरह से सहज हैं। डॉ. ले गोय कहते हैं, डेट को यह बताना बिल्कुल ठीक है कि आप इस मामले में नए हैं और पूरी तरह से सहज नहीं हैं।श खुलकर बात करने से आप दोनों के लिए चीजें आसान हो सकती हैं। वे आपकी ईमानदारी की सराहना कर सकते हैं और समझ सकते हैं कि आप चुप या चिंतित क्यों हैं। साथ ही, वास्तविक होना आपको आराम करने में मदद करता है, और अगर आप खुद नहीं हो सकते, तो इसका क्या मतलब है?



**यह जल्दबाजी या खुद पर दबाव डालने के बारे में नहीं है, बल्कि एक बार में एक कदम उठाने के बारे में है। कुछ मार्गदर्शन और विशेषज्ञ सलाह के साथ, आप इस चरण से गुजर सकते हैं और सीख सकते हैं कि अतीत के बोझ के बिना, स्वस्थ, सार्थक तरीके से डेटिंग कैसे करें। कपल्स थेरेपिस्ट पैट्रिस ले गोय ने कहा कि आप डेटिंग के तरीके के बारे में असुरक्षित महसूस कर सकते हैं या किसी नए व्यक्ति के साथ अंतरंग होने का डर हो सकता है। यह अजीब भी लग सकता है, या ऐसा लग सकता है कि आप श्धोखाश दे रहे हैं, जब आप किसी लंबे समय के साथी के साथ रहने के बाद किसी नए व्यक्ति के साथ कुछ साझा करते हैं या करते हैं। सुनिश्चित करें कि आप तैयार हैं- किसी नए रिश्ते में आने से पहले ए सुनिश्चित करें कि आप डेट करने के लिए तैयार हैं। ब्रेकअप के बाद आप अकेला महसूस कर सकते हैं और इस अकेलेपन को भरने के लिए अक्सर लोग गलत रिश्तों में फंस जाते हैं। इसलिए किसी रिश्ते में आने में जल्दबाजी करने की कोशिश करने की जल्दी न करें नहीं तो खुद को ही चोट पहुंचा बैठेंगे। डॉ. ले गोय कहते हैं, कुछ संकेतों में अपने पिछले रिश्ते पर लगातार चर्चा करने और उसका विश्लेषण करने की जरूरत महसूस न करना शामिल है। यह दर्शाता है कि आप किसी स्थाई नाराजगी या पछतावे को नहीं पाल रहे हैं जो नए रिश्ते में भी बना रह सकता है।**

# क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, वह खुद की बर्बाद हो रहा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य मध्य अमेरिकी देश क्यूबा पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्यूबा पर सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं, क्योंकि वह देश खुद ही बर्बाद हो रहा है। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान क्यूबा पर सवाल पूछे जाने पर कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वह देश अपने आप ही गिरता हुआ लग रहा है।

उन्होंने कहा कि क्यूबा गिरने के लिए तैयार है। ऐसा लग रहा है जैसे क्यूबा बस गिरने ही वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि क्यूबा के पास अब आय का कोई जरिया नहीं है। उन्हें अपनी सारी आय वेनेजुएला से, वेनेजुएला के तेल से मिलती थी। अब उन्हें उसमें से कुछ भी नहीं मिल रहा है। क्यूबा सचमुच गिरने के कगार पर है। इस बीच, वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई के दौरान मारे गए 32 क्यूबाई

**■ सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए**
**■ इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे**

नागरिकों के सम्मान में क्यूबा में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए थे। ट्रम्प ने बातचीत के दौरान एक अन्य मध्य अमेरिकी देश कोलंबिया पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया और वेनेजुएला दोनों 'बहुत बीमार' देश हैं। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो का जिक्र करते हुए कहा कि कोलंबिया को 'एक बीमार व्यक्ति चला रहा है, जो कोक.ेन बनाना और उसे अमेरिका को बेचना पसंद करता है।

## ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, आंदोलनकारियों पर दमन बर्दाशत नहीं करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में चल रहे सत्ता विरोधी आंदोलन के दमन को लेकर ईरान को चेतावनी दी है। ट्रम्प ने पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कहा कि इस पर हमारी करीबी नजर है।

पहले की तरह अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि अमेरिका उन पर कड़ा प्रहार करेगा। एक अमेरिकी मानवाधिकार समूह की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये आंदोलन ईरान के 26 प्रांतों के 78 शहरों में फैल चुका है। करीब 222 जगहों पर प्रदर्शन और हड़ताल जारी हैं। छात्रों में महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर आक्रोश के बीच कुल मरने वालों की संख्या 20 हो गई है। ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी (एचआरएएनए) के डाटा के अनुसार, पिछले आठ दिनों में कम से कम 19 नागरिक और सुरक्षा बल का एक सदस्य मारा गया है और कम से कम 51 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें ज्यादातर छर्रे और रबर की गोलियों से घायल हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा उपायों को बढ़ाने, पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने और कई इलाकों में लगातार टकराव के बावजूद, विरोध प्रदर्शन जारी हैं।



कोलकाता। सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति को लेकर चिंता जताते व अपने अभभावकों के साथ टॉलीगंज आदर्श हिंदी हाई स्कूल के बाहर जमा छात्र व छात्राएं।

## वेनेजुएला में 32 नागरिकों के मारे जाने पर क्यूबा में राष्ट्रीय शोक की घोषणा

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य हमले के दौरान मारे गए 32 स्वदेशी नागरिकों के सम्मान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। डियाज-कैनेल ने रविवार को जानकारी दी कि ए 32 लोग वेनेजुएला के अनुरोध पर वहां तैनात किए गए थे और क्यूबा के रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज तथा गृह मंत्रालय की ओर से मिशन का संचालन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी नागरिक अमेरिकी हमले का विरोध करते समय मारे गए। इनमें से कुछ सीधे मुकाबले और कुछ बमबारी में मारे गए। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी वीरता क्यूबा के लोगों की एकता और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला अभियान पर सांसदों को ब्रीफिंग देगा, डेमोक्रेट्स ने जताई आपत्ति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के अधिकारी सोमवार को चुनिदा सांसदों को वेनेजुएला में चलाए गए उस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देंगे जिसके तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया। समाचार पत्र द हिल ने बताया, 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' पर यह ब्रीफिंग कई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी जाएगी, जिनमें विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ, अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी और जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन शामिल हैं। ब्रीफिंग कैपिटल हिल पर शाम 5:30 बजे निर्धारित है। हाउस डेमोक्रेटिक लीडर हकीम जेफीज ने ट्रंप प्रशासन के इस दावे को खारिज कर दिया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई एक कानून प्रवर्तन ऑपरेशन था। उन्होंने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' करार दिया जिसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी थी। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इस ऑपरेशन के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं थी, क्योंकि यह न तो आक्रमण था और न ही कब्जा, बल्कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने का एक कानून प्रवर्तन मिशन था।

# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई

## कहा: देश की सुरक्षा के लिए जरूरी, डेनमार्क पीएम बोलीं: धमकियां देना बंद करें अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर अमेरिका का नियंत्रण चाहने की बात दोहराई है। इससे डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं में गुस्सा भड़क गया है। ट्रम्प ने सोमवार को एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है और वहां रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है। इससे पहले द अटलांटिक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में भी ट्रम्प ने कहा था कि रक्षा के लिहाज से ग्रीनलैंड अमेरिका को चाहिए।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प की इस टिप्पणी पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि अमेरिका का ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात करना पूरी तरह बेतुकी है। वहीं ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने भी ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत और अपमानजनक बताया। अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है।

मादुरो पर ड्रग तस्करी के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। डेनमार्क पीएम बोली: अमेरिका के पास डेनिश साम्राज्य हड़पने का अधिकार नहीं ह। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोई जरूरत नहीं है और न ही उसके पास डेनिश साम्राज्य के किसी भी हिस्से को हड़पने का कोई अधिकार है। फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प से करीबी सहयोगी देश के खिलाफ धमकियां देना बंद करने की अपील की और याद दिलाया कि ग्रीनलैंड के लोग खुद स्पष्ट कह चुके हैं कि वे बिकाऊ नहीं हैं। डेनमार्क नाटो का सदस्य है और अमेरिका के साथ पहले से ही उसका रक्षा समझौता है, जिसके तहत ग्रीनलैंड में पहले से अमेरिकी पहुंच है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। नीलसन बोले कि हम स्वतंत्र चुनावों और मजबूत संस्थानों वाला एक लो. कतांत्रिक समाज हैं। हमारी स्थिति अंतर्राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त समझौतों पर आधारित है। इस पर कोई सवाल नहीं है। ग्रीनलैंड सरकार शांतिपूर्वक और जिम्मेदारी से अपना काम जारी रखे हुए है। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया। मिलर ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'जल्द ही'। इससे ग्रीनलैंड और डेनमार्क में अमेरिकी कब्जे की आशंकाएं बढ़ गईं। ट्रम्प लंबे समय से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की बात करते रहे हैं। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, खनिज संसाधनों और आर्कटिक क्षेत्र में रूस-चीन की गति. विधियों का हवाला दिया है। इससे पहले मार्च में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने ग्रीनलैंड के एक अमेरिकी सैन्य अड्डे का दौरा किया था और डेनमार्क पर वहां कम निवेश करने का आरोप लगाया था।



**■ अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद और गहरा गया है**

### रूस तेल आयात को लेकर ट्रम्प ने भारत को दी शुल्क बढ़ाने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस से तेल का आयात करने के मामले में भारत पर आयात शुल्क बढ़ाने की चेतावनी देते हुए संकेत दिया है कि वाशिंगटन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए तैयार है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर उनकी नाराजगी से अवगत हैं। अपने हवाई जहाज एयर फोर्स वन पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रम्प ने कहा कि मोदी रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार पर उनकी नाराजगी को जानते हैं। मोदी एक बहुत अच्छे इंसान हैं और वह जानते थे कि मैं खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना महत्वपूर्ण था, क्योंकि वह व्यापार करते हैं और हम उन पर बहुत जल्दी शुल्क बढ़ा सकते हैं। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है और अमेरिका ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा रखा है। यह घटनाक्रम वेनेजुएला में हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य अभियान के बाद सामने आया है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिका ने हिरासत में लिया था। इस घटनाक्रम ने वैश्विक तेल भू-राजनीति पर दुनिया का ध्यान खींचा है। ओपेक के आंकड़ों के अनुसार वेनेजुएला के पास 300 अरब बैरल से अधिक का दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, जो वैश्विक भंडार का लगभग 17 से 18 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के आयात शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के बाद से मोदी और ट्रम्प के बीच तीन बार बातचीत हुई है।

## मादुरो के बेटे बोले: इतिहास बताएगा गद्दार कौन

**कराकस।** वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। स्थानीय दैनिक एल-कोआपरेटिव की रिपोर्ट के अनुसार निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन हैं, गुएरा का यह बयान अमे. रिकी सैन्य अभियान के बाद आया है। दरअसल अमेरिकी सैना ने उनके पिता और प्रथम महिला सिलिया फ्लोर्स को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके साथ ही उन्हें मुकदमे का सामना करने के लिए न्यूयार्क लाया गया है।

सोशल मीडिया पर प्रसारित एक आडियो रिकार्डिंग में, मादुरो गुएरा ने सत्तारूढ़ आंदोलन के भीतर संभावित विश्वासघात की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इतिहास उन लोगों को बेनकाब करेगा, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन थे, इतिहास इसका खुलासा करेगा। इसके साथ ही उन्होंने भीतर एक आंतरिक साजिश की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी आफ वेनेजुएला (पीएसयूवी) के सदस्य मादुरो गुएरा ने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के बावजूद पार्टी एकजुट रहेगी। उन्होंने समर्थकों से 4 और 5 जनवरी को सार्वजनिक प्रदर्शनों में भाग लेने का आह्वान किया। ताकि नेतृत्व के इर्द-गिर्द एकजुटता को मजबूत किया जा सके। उन्होंने

**■ वेनेजुएला पर बड़ी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है**

बाहरी आक्रमण का जवाब देने के लिए राजनीतिक और सैन्य समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि निकोलस मादुरो इस समय अमेरिकी हिरासत में हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आंदोलन विभाजन या मनोबल में कमी की अनुमति नहीं देगा। एल-कोआपरेटिव ने रिपोर्ट के मुता. बिक उन्होंने आडियो रिकार्डिंग में कहा कि सत्ताधारी खेमा दृढ़ है और लामबंद होने के लिए तैयार है। हम ठीक हैं, हम शांत हैं। आप हमें सड़कों पर, इन लोगों के साथ देखेंगे। वह हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है, बिल्कुल गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, धिक्कार है! मैं अपनी जिंदगी, अपनी मां, सिलिया की कसम खाता हूं वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। इस बीच, निकोलस मादुरो और सिलिया फ्लोरेस अमेरिकी हिरासत में हैं। वाशिंगटन ने कहा है कि इस अभियान में वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला शामिल था, जिसके बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त अभियान में मादुरो और फ्लोरेस को काराकास में पकड़ लिया गया।

## नाइजीरिया में नाव पलटने से 25 लोगों की मौत, 14 लापता

**अबूजा।** नाइजीरिया के उत्तरी क्षेत्र में योबे नदी पर स्थानीय मछुआरों और किसानों को ले जा रही एक नाव के पलटने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य अभी भी लापता हैं।

आपातकालीन सेवाओं और पुलिस ने रविवार को यह जानक. ारी दी। योबे राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद गोजे ने एक बयान में कहा कि शनिवार शाम को नगुरु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गरबी कस्बे में नाव पलटने के बाद 13 अन्य यात्रियों को बचा लिया गया। गोजे ने बताया कि लकड़ी की नाव उत्तर-पश्चिमी राज्य जिगावा के पड़ोसी कस्बे अदियानी से उत्तरी राज्य योबे जा रही थी, तभी रास्ते में पलट गई। उन्होंने पुष्टि की कि आपातकालीन बचाव दल और स्थानीय सामुदायिक स्वयंसेवकों ने पीड़ितों को बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। जिगावा पुलिस के प्रवक्ता लावान शिसु ने रविवार को फोन पर बताया कि शनिवार शाम को जब नाव अडियानी गांव से रवाना हुई तो उसमें कम से कम 52 लोग सवार थे और वह नाव पूरी तरह से भरी हुई थी। शिसु ने बताया कि शुरुआती तौर पर मृतकों की संख्या 14 थी, लेकिन बचाव अभियान के दौरान मरने वालों की संख्या बढ़ गई। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। नाइजीरिया में नाव दुर्घटनाएं आम हैं, जो अक्सर अधिक भार, खराब मौसम और परिचालन संबंधी त्रुटियों के कारण होती हैं।

## जनरल द्विवेदी ने संयुक्त अरब अमीरात के सैन्य कमांडर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर गये सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को वहां की सेना के कमांडर मेजर जनरल स्टाफ यूसुफ मयौफ सईद अल हल्लामी से मुलाकात की। सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत के दौरान सकारात्मक सैन्य सहभागिता को और मजबूत करने, प्रशिक्षण में समन्वय बढ़ाने तथा भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। जनरल चौहान ने अमीरात के सेना संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां उन्होंने वहां की थल सेना के समृद्ध इतिहास, परंपराओं और सैन्य विरासत के बारे में जानकारी हासिल की।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला

## खिड़कियां टूटीं, पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा, हमले का मकसद साफ नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो राज्य के सिनसिनाटी में स्थित घर पर हमला हुआ है। सीएनएन ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उनके घर की खिड़कियां टूटी हैं। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वेंस के घर के पास रविवार रात 12:15 बजे किसी को भागते हुए देखा गया था।

अधिकारियों के मुताबिक, जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था। शुरुआती जानकारी में यह भी सामने आया है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति उपराष्ट्रपति के घर के अंदर घुसने में सफल नहीं हुआ। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या यह घटना जानबूझकर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बनाकर की गई या इसके पीछे कोई और वजह है। मामले को लेकर मीडिया ने व्हाइट हाउस और सीक्रेट सर्विस से जानकारी मांगी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वेंस पिछले एक हफ्ते से सिनसिनाटी में थे, लेकिन रविवार दोपहर शहर से रवाना हो गए। उन्होंने घर पर लगभग 14 लाख डालर खर्च किए और यह लगभग 2.3 एकड़ में फैला हुआ है। व्हाइट हाउस की वेबसाइट के मुताबिक जेडी वेंस अपने परिवार के साथ ओहियो के सिनसिनाटी शहर में रहते हैं। उनका जन्म 2 अगस्त 1984 को अमेरिका के ओहियो राज्य में एक स्काट-आयरिश फैमिली में हुआ था। जेडी अपनी मां बेवर्ली एकिंस के दूसरे पति डोनाल्ड बोमन की संतान हैं। जब जेडी का जन्म हुआ, तब उनके माता-पिता तंगी से जूझ रहे थे। ऐसे में जेडी का बचपन गरीबी में बीता।ो उनके पेरेंट्स का तलाक हो गया। इसके दो साल बाद बेवर्ली ने बाब हैमेल से शादी की। इसी बीच पैसों की तंगी के कारण जेडी की मां बेवर्ली को ड्रग्स और शराब की लत लग गई। ऐसे में जेडी ने अपना बचपन नाना जेम्स वेंस और नानी बोनी वेंस के साथ बिताया। अपने बचपन पर लिखी किताब 'हिलबिली एजेली: ए मेमोयर आफ ए फैमिली एंड कल्चर इन क्राइसिस' में जेडी लिखते हैं, 'मुझे अपनी मां का बार-बार मकान बदलना पसंद नहीं था। मुझे नाना-नानी के घर में ही अच्छा लगता।' येल ला स्कूल में कानून की पढ़ाई दौरान जेडी को उषा चिलकुरी नाम की एक लड़की मिली। 'हिलं. बली एलेजी' किताब में जेडी लिखते हैं, श्मुझे पहली ही नजर में उषा से प्यार हो गया था। हमारी पहली डेट के बाद ही मैंने अपने प्यार का इजहार कर दिया था। पहले 2010 में दोनों अच्छे दोस्त बने, फिर 2014 में उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों से शादी कर ली। दरअसल, उषा का फैमिली बैकग्राउंड उनसे बिल्कुल अलग हैं।



**■ जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था**

## दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी, तीन फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा में इजरायली गोलीबारी में रविवार को तीन फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 15 वर्षीय अला अल-दीन अशरफ खान यूनिस के दक्षिण में जोरात अल-लुत इलाके में इजरायली गोलीबारी में मारे गया। उन्होंने आगे बताया कि फादी सलाह राफा के उत्तर-पश्चिम में इजरायली गोलीबारी में मारे गए और उनके शव को खान यूनिस के नासिर अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इजरायली ड्रोन ने उस क्षेत्र पर गोलीबारी की, जहां से इजरायली सेना युद्धविराम समझौते के तहत पीछे हट गई थी, जिससे सलाह की मौत हो गई।

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति की पत्नी की ट्रोलिंग, 10 लोगों को सजा

## फर्स्ट लेडी को पुरुष कहा था, दोषी बोले: यह सिर्फ मजाक था

**पेरिस।** पेरिस की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी और फ्रांस की फर्स्ट लेडी ब्रिगिट मैक्रों के खिलाफ आनलाइन उत्पीड़न के आरोप में दस लोगों को दोषी ठहराया है।

ब्रिगिट मैक्रों ने 2024 में इस आनलाइन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी ये लोग सोशल मीडिया पर झूठी अफवाहें फैला रहे थे कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष के रूप में जन्मी थीं और उनका नाम जीन-मिशेल ट्रोगन्यूक्स था, जो असल में उनके बड़े भाई का नाम है। इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं, जिनकी उम्र 41 से 65 साल के बीच है। तीन लोग अदालत में मौजूद नहीं थे। अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजाएं सुनाईं। दोषियों को 8 महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। ब्रिगिट मैक्रों की बेटी टिफेन आजियर ने गवाही दी कि इन अफवाहों से उनकी मां की सेहत और पूरे परिवार पर बुरा असर पड़ा है। वहीं, एक दोषी ने कहा कि यह सिर्फ मजाक था। क्या फ्रांस में मजाक करने के लिए परमिट चाहिए? ब्रिगिट और उनके भाई की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके बाद लोगों ने उन्हें पुरूष समझ लिया था। आरोपियों पर ब्रिगिट मैक्रों के लिंग को लेकर कई दुर्भावनापूर्ण टिप्पणियां करने का इल्जाम था। कुछ दोषियों ने उनके और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच 24 साल के फर्क को 'पीडोफिलिया' (छोटे बच्चों की ओर यौन आकर्षण) से जोड़ा। ब्रिगिट मैक्रों ने पुलिस को बताया कि ये आनलाइन टिप्पणियां परेशान करने वाली है। यह सुनना उनके पोते-पोतियों के लिए बहुत मुश्किल है कि उनकी दादी पुरुष हैं। मुकदमे के दोषी जेरोम ए ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट सिर्फ मजाक के रूप में किए थे। उनका कहना था कि ब्रिगिट मैक्रों एक शक्तिशाली व्यक्ति हैं, इसलिए उन्हें आला.ेचना सहन करनी चाहिए। एक महिला आरोपी बताती हैं कि वे पहले भी ब्रिगिट मैक्रों की शिकायत का सामना कर चुकी हैं। 2021 में उन्होंने यूटयूब पर नताशा रे नाम की महिला का चार घंटे का इंटरव्यू पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि ब्रिगिट मैक्रों पहले पुरुष थी। इसके बाद ब्रिगिट ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितम्बर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपये और उनके भाई को 5 लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई, 2024 को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। ब्रिजिट मैक्रों से 24 साल बड़ी हैं। ब्रिगिट की बेटी मैक्रों की क्लासमेट थी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।



**■ इन दस लोगों में आठ पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं**
**■ दोषियों को आठ महीने की जेल की सजा और 63 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया**

